हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • शुक्रवार • 22.05.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 294 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 4 रुपये
RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

# 25 साल बाद झारखंड में पेसा कानून लागू

## अब बारी गांव-गांव तक बेहतर क्रियान्वयन की: मंत्री दीपिका पांडेय सिंह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्य में 25 साल के लंबे इंतजार के बाद पेसा कानून लागू कर दिया गया है। पारंपरिक ग्राम सभा को उनका अधिकार दिलाना सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए गांव-गांव तक पेसा नियमावली के बेहतर एवं मजबूत क्रियान्वयन की आवश्यकता है। पेसा कानून के दायरे में आने वाले जिलों के अधिकारियों को इसके लिए अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करना होगा। ये बातें ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने धुर्वा स्थित प्रोजेक्ट भवन के एनेक्सी सभागार में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यशाला के दौरान कहीं। कार्यशाला का आयोजन पंचायती राज विभाग द्वारा पेसा नियमावली के संबंध में किया गया था।

पंचायती राज निदेशालय की निदेशक बी. राजेश्वरी ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि राज्य में पेसा कानून का लागू होना एक ऐतिहासिक कदम है। क्रियान्वयन के दौरान सामने आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए निरंतर सुधार की प्रक्रिया जारी है। कार्यशाला में आयोजित तीन तकनीकी सत्रों का मुख्य उद्देश्य इन समस्याओं का समाधान निकालना था। सत्र में परंपरागत ग्रामसभा की भूमिका, सामुदायिक भागीदारी और सशक्तिकरण पर विस्तार से चर्चा की गई। इस कार्यशाला में विभिन्न जिलों के उप समाहर्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी उपस्थित रहे।



### क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद और मास्टर ट्रेनर तैयार

कार्यशाला को संबोधित करते हुए पंचायती राज विभाग के सचिव मनोज कुमार ने कहा कि स्थानीय लोगों तक इसकी जानकारी प्रभावी ढंग से पहुंचे, इसके लिए नियमावली का क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद कराया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि पेसा कानून के विभिन्न प्रावधानों को राज्यभर में प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 125 मास्टर ट्रेनरों को तैयार किया गया है, जो विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण देकर जागरूकता बढ़ा रहे हैं। इस दिशा में निदेशक की अध्यक्षता में एक विशेष कमेटी (विशेष समिति) का गठन किया गया है, जो बाधाओं का अध्ययन कर रही है।

### झारखंड का पेसा कानून देश में सबसे बेहतर

मंत्री ने कहा कि यह कानून मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के दिशा-निर्देश पर लागू किया गया है, जिनका सपना था कि राज्य में पारंपरिक ग्राम व्यवस्थाओं को प्राथमिकता मिले। उन्होंने बताया कि देश के 10 राज्यों में पेसा कानून लागू होना था, जिनमें झारखंड का कानून सबसे बेहतर और प्रभावी माना जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिया कि पारंपरिक व्यवस्था के तहत तीन महीने के भीतर ग्राम प्रधानों की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए। पारंपरिक तरीके से ही ग्राम सभा के जरिए ग्राम प्रधान के चयन को सुनिश्चित करना है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूर्व विधायक दिवंगत दुर्गा सोरेन को दी श्रद्धांजलि, कहा

# पूरा जीवन जन कल्याण के लिए रहा समर्पित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गुरुवार को झारखंड आंदोलन के प्रखर नेता और पूर्व विधायक दिवंगत दुर्गा सोरेन की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री लोवाडीह स्थित दुर्गा सोरेन स्मारक स्थल पहुंचे और वहां उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने हर वर्ष की तरह इस बार भी स्मारक स्थल पहुंचकर दिवंगत नेता के योगदान को याद किया। उनके साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे, जिन्होंने दुर्गा सोरेन की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

स्मारक स्थल पर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने दुर्गा सोरेन के जीवन और उनके सिद्धांतों पर बात की। उन्होंने कहा कि दुर्गा सोरेन का पूरा जीवन जन कल्याण के लिए समर्पित रहा और उन्होंने अलग झारखंड राज्य के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाई।

## रांची के चर्चित कारोबारी 'लव भाटिया' की मौत



**रांची :** रांची के कारोबारी जगत से एक बड़ी और चौंकाने वाली खबर सामने आई है। शहर के चर्चित कावेरी होटल और कैपिटल हिल होटल से जुड़े कारोबारी परिवार के सदस्य लव भाटिया उर्फ अभिमन्यु भाटिया की मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे शहर और व्यापारिक जगत में शोक और चर्चा का माहौल है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार गुरुवार को लव भाटिया की अचानक तबीयत बिगड़ गई। हालत गंभीर होने पर परिजन उन्हें लालपुर स्थित ऑर्किड अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में डॉक्टरों की विशेष टीम ने उनका इलाज शुरू किया और उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन इलाज के दौरान ही उनकी मौत हो गई। फिलहाल उनकी मौत किन कारणों से हुई, इसे लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। परिवार की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

## पश्चिम बंगाल के सभी मदरसों में अब वंदे मातरम जरूरी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य के सभी मदरसों में वंदे मातरम गाना अनिवार्य कर दिया है। अल्पसंख्यक मामलों और मदरसा शिक्षा विभाग की ओर से 19 मई को इस संबंध में आदेश जारी किया गया। नए निर्देश के मुताबिक अब राज्य के सभी सरकारी मॉडल मदरसे, सरकारी सहायता प्राप्त और गैर सहायता प्राप्त मदरसों में कक्षाएं शुरू होने से पहले सुबह की प्रार्थना सभा में वंदे मातरम गाना जरूरी होगा। यह फैसला राज्य सरकार द्वारा सभी स्कूलों में वंदे मातरम अनिवार्य करने के करीब एक सप्ताह बाद आया है। अब इस नियम का विस्तार मदरसों तक कर दिया गया है। सरकारी आदेश के अनुसार यह नियम तत्काल प्रभाव से लागू होगा। सभी मदरसों को इस आदेश का पालन सुनिश्चित करने के बाद इसकी रिपोर्ट भी विभाग को सौंपनी होगी। इस फैसले को शुभेंदु अधिकारी सरकार के शिक्षा क्षेत्र से जुड़े बड़े निर्णयों में माना जा रहा है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था कि राज्य सरकार ने स्कूल शिक्षा विभाग के तहत आने वाले सभी स्कूलों में वंदे मातरम को अनिवार्य किया है।

## 27 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची के धुर्वा स्थित पुलिस मुख्यालय में गुरुवार को एक साथ 27 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इन माओवादियों ने बड़ी संख्या में हथियार और कारतूस भी पुलिस को सौंपे हैं।

आत्मसमर्पण करने वालों में प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के 25 और झारखंड जन मुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के दो सदस्य शामिल हैं। इनमें आठ पर कुल 33 लाख रुपये का इनाम घोषित था। इन सभी के खिलाफ कुल 426 मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं। इन्होंने आधुनिक हथियार और भारी मात्रा में गोला-बारूद भी पुलिस को सौंपा है। इनमें लाइट मशीन गन (एलएमजी), 5 इंसास राइफल, 9 एसएलआर राइफल, एक बोल्ट-एक्शन राइफल, एक पिस्टल, 31 मैगजीन, 3000 राउंड जिंदा कारतूस शामिल हैं।

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) तदाशा मिश्रा ने कहा कि सरकार की पुनर्वास नीति के तहत जो भी सुविधाएं और सहायता देनी होगी, उसे सुनियोजित तरीके से पूरा किया जाएगा। डीजीपी ने कहा कि झारखंड पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), झारखंड जगुआर और सभी खुफिया एजेंसियों ने मिलकर लगातार अभियान चलाया, जिसका परिणाम आज देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आगे भी इसी तरह संयुक्त और व्यापक अभियान जारी रहेगा, ताकि झारखंड पूरी तरह नक्सल मुक्त बन सके।

## इबोला के बढ़ते खतरे के बीच टला भारत-अफ्रीका शिखर सम्मलेन

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** दक्षिण अफ्रीका के कुछ भागों में इबोला वायरस से बढ़ते प्रकोप को देखते हुए भारत और अफ्रीकी संघ के बीच होने वाले शिखर सम्मलेन को रद कर दिया गया। यह आयोजन 28 मई 2026 को नई दिल्ली में होना था। केंद्र सरकार ने गुरुवार को जारी एक बयान में इसकी जानकारी दी। सरकार के अनुसार, अफ्रीका के कई हिस्सों में घातक इबोला वायरस के मामले सामने आए हैं। हाल ही में डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो के साउथ किवु प्रांत में नए मामले दर्ज किए गए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस प्रकोप को अंतरराष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित कर दिया है। दोनों पक्षों ने स्वास्थ्य स्थिति को ध्यान में रखते हुए सम्मेलन को बाद की तारीख पर करने का निर्णय लिया। नई तिथियां आपसी विचार-विमर्श के बाद तय की जाएंगी।

## बड़ी सफलता : पुलवामा हमले का मास्टरमाइंड हमजा बुरहान ढेर

एजेंसी



**नयी दिल्ली :** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले का मास्टरमाइंड हमजा बुरहान पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के मुजफ्फराबाद में अज्ञात बंदूकधारियों के हमले में मारा गया। उसे कई गोलियां लगीं। हमले के बाद उसके साथियों ने उसे तुरंत पास के अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# ईरान की विश्व को धमकी: अगर हमला हुआ तो काट देंगे समुद्र के नीचे मौजूद इंटरनेट केबल

एजेंसी



**तेहरान :** ईरान और अमेरिका के बीच अस्थायी संघर्षविराम जारी है। लंबे समय से समुद्र के नीचे से गुजरने वाले केबल्स के भविष्य को लेकर दुनिया के कई देश सशंकित है। इसकी एक वजह आईआरजीसी की वो धमकी भी है जो उसने अप्रैल में दी थी। गुरुवार को एक ईरानी सांसद महमूद नबावियन ने भी ऐसा ही कुछ दावा किया। उन्होंने कहा कि अगर ईरान के खिलाफ होर्मुज के खिलाफ कुछ किया गया तो हम समुद्र के नीचे से गुजरने वाली केबल काट देंगे।

ईरान ने अभी तक समुद्र के नीचे बिछी इंटरनेट केबल्स को नुकसान नहीं पहुंचाया है, लेकिन उसने ऐसी कार्रवाई की चेतावनी जरूर दी थी। यह चेतावनी खास तौर पर फारस की खाड़ी और होर्मुज से गुजरने वाली फाइबर-ऑप्टिक केबल्स को लेकर दी गई। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) ने अमेरिका और पश्चिमी देशों के बढ़ते दबाव और पाबंदियों के जवाब में एक बयान जारी किया था।

स्पष्ट कहा था कि अगर उस पर दबाव बढ़ाया गया या नौसैनिक नाकेबंदी जैसी स्थिति बनी, तो वह रणनीतिक जवाब दे सकता है। होर्मुज से गुजरने वाली कई महत्वपूर्ण सबमरीन केबल्स जैसे फैल्कन और एएई-1 खाड़ी देशों की इंटरनेट और डिजिटल सेवाओं के लिए बेहद अहम हैं। कतर, बहरीन और कुवैत जैसे देश इन



## एक नजर

### बड़कागांव के नए एसडीपीओ अमित आनंद ने किया पदभार ग्रहण



**बड़कागांव :** बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार के तबादले के पश्चात ,अमित आनंद बड़कागांव के नए एसडीपीओ बनाए गए हैं। इंस्पेक्टर शाहीद रजा ने नए एसडीपीओ अमित आनंद को बुके भेंट कर स्वागत किया। वही अमित आनंद ने पदभार ग्रहण कर कार्य शुरू किया,उन्होंने क्षेत्र का भ्रमण किया एवं क्षेत्र की स्थिति से अवगत हुए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में व्याप्त विसंगतियों को दूर किया जाएगा। किसी को मनमानी नहीं करने दी जाएगी। मौके पर बड़कागांव पुलिस इंस्पेक्टर शाहीद रजा व अन्य उपस्थित थे।

### हिंगवाही घाटी के सेम ऐप 6 केरेडारी-बाराडीह रोड पर आठ राहगीरों से लूटपाट, छह घायल



**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड के अंतर्गत दिन मंगलवार की रात्रि लगभग ढाई बजे पिपरवार थाना क्षेत्र के हिंगवाहि घाटी के करीब केरेडारी-बाराडीह रोड़ में अज्ञात अपराधियों ने बंदूक व कट्टे के बल पर पिपरवार के हफुआ मंडा मेला देखकर लॉट रहे लगभग आठ राहगीरों से लूटपाट की गई,जेब मे पैसा नही रहने पर लगभग आधा दर्जन राहगीरों को बंदूक के कुंदा व नाल से मारकर घायल कर दिया गया। इस दौरान केरेडारी थाना क्षेत्र के सलगा गांव निवासी चरकु राम का बाइक रजिस्ट्रेशन नम्बर जे एच 02 बी क्यू 4586 व बड़कागांव थाना क्षेत्र के चंदौल निवासी मनोज कुमार महतो का बाइक रजिस्ट्रेशन नम्बर जे एच 02 बी यु 8918 तथा सभी से 9 मोबाइल व एक हजार रूपए लूट कर भाग गए, कुछ लोगों को बेरहमी से पीटकर झाड़ी में फेंक दिया था। इस दौरान जो ठीक- ठाक थे वे सभी घायलों को किसी तरह केरेडारी सीएचसी लाकर इलाज कराया। सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। घायलों में केरेडारी के सलगा निवासी कृष्ण कुमार दास,कुन्दन कुमार दास, कराली निवासी रोशन ठाकुर, लावालौंग निवासी विकास रविदास, रोशन रविदास व बड़कागांव के चन्दोल निवासी मनोज कुमार महतो का नाम शामिल है। इधर घटना स्थल केरेडारी व पिपरवार थाना क्षेत्र के बॉण्डरी लाइन पर होने के कारण जांचोपरांत पिपरवार थाना क्षेत्र की पुष्टि होने पर लोग बुधवार शाम में पिपरवार थाना पहुँचे जहां मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की गई।

### कर्मयोगी अभियान के तहत केवाल में शिविर का आयोजन

**बरही :** बरही के केवाल बिरहोर टोला में कर्मयोगी अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शिविर में प्रखंड प्रमुख मनोज रजक ,मुखिया खिरोधर यादव, उप मुखिया रोहित यादव, केदारूत पंचायत के पंचायत समिति सदस्य विकाश कुमार,पंचायत सचिव जितेंद्र कुमार साव, वार्ड सदस्या श्रवण कुमार सिंह, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोहर भगत, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सदानंद यादव, बाल विकास परियोजना के पर्यवेक्षक वीणा कुमारी और चिकित्सा विभाग की टीम शामिल थीं। शिविर में सर्वजन पेंशन, आधार कार्ड, जाति, आवासीय,आय प्रमाण बनाया गया। जेएसएलपीएस और अन्य विभागों ने स्टाल लगाकर योजनाओं का लाभ देने के लिए लाभुकों का नाम जोड़ा।

उपायुक्त ने की उद्योग विभाग एवं मुखयमंत्री लघु कुटीर उद्यम विकास बोर्ड की समीक्षा

# सभी कारीगरों का आर्टिजन कार्ड बनाने का निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** उद्योग विभाग, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, जनजागरण मंच तथा विभिन्न कलाओं से जुड़े आर्टिजन के साथ उपायुक्त हेमन्त सती ने समीक्षा बैठक की। बैठक में उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई तथा जिले में संचालित लघु एवं कुटीर उद्योगों की गतिविधियों की समीक्षा की गई। बैठक में बोर्ड से जुड़कर हैंडीक्राफ्ट का कार्य रहे विभिन्न संस्था के कारीगर उपस्थित थे । बैठक के दौरान लघु कुटीर उद्योग के जिला उद्यमी समन्वयक ने जानकारी दी कि वर्तमान में जिले में लगभग 2000 आर्टिजन जूट उत्पाद निर्माण, सोहराई कला, सिलाई एवं कढ़ाई, काष्ठ कला, बांस से निर्मित सामग्री एवं टेराकोटा कला से जुड़े कार्य कर रहे हैं। जूट आधारित उत्पादों का निर्माण मुख्य रूप से बरही, कटकमदाग, विषणुगढ़, सदर एवं बड़कागांव क्षेत्र में किया जा रहा है, जहां कारीगर जूट के थैले, जूट वाटर बोतल बैग, फोल्डर सहित अन्य उपयोगी सामग्री तैयार कर रहे हैं।

उपायुक्त ने सभी कारीगरों का आर्टिजन कार्ड बनाने का निर्देश दिया तथा जूट कारीगरों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने कहा कि जूट एवं अन्य हस्तशिल्प उत्पादों के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध कराने हेतु एक समर्पित "क्राफ्ट सेंटर" विकसित किया जाए, जहां जिले के विभिन्न प्रकार के क्राफ्ट का प्रदर्शन एवं विपणन किया जा सके। उपायुक्त ने जन जागरण केन्द्र द्वारा जूट प्रशिक्षण के लिए आधारभूत संरचना निर्माण, टूलकिट वितरण एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी हैंडीक्राफ्ट समूहों एवं संस्था का आर्टिजन कार्ड, सोसाइटी रजिस्ट्रेशन तथा कोऑपरेटिव रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित किया जाऐ। उन्होंने महिला कारीगरों के आर्थिक उत्थान हेतु सतत एवं दीर्घकालिक कार्य करने पर विशेष बल दिया। उपायुक्त ने कहा कि बोर्ड से जुड़े सभी आर्टिजन का प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत पंजीकरण कराया जाना आवश्यक है, ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।

बैठक में कुम्हार समुदाय के लोगों से इलेक्ट्रिक चाक वितरण के बाद उनके अनुभवों की भी जानकारी ली गई। उपायुक्त ने लघु कुटीर उद्योग विभाग को निर्देश दिया कि चौपारण के सिलाई कढ़ाई कारीगरों का विस्तृत मंतव्य के साथ प्रतिवेदन तैयार करें तथा कॉमन फैसिलिटी सेंटर हेतु स्थल चयन, भवन का आकार एवं आवश्यक उपकरणों का आकलन कर संबंधित अंचल अधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के समन्वय से प्रतिवेदन समर्पित करें। बैठक के उप विकास आयुक्त श्रीमती रिया सिंह,जीएम डीआईसी मौजूद थे।

## चोरी करने के आरोप में पुलिस ने तीन को भेजा जेल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव आर एंड आर कॉलोनी समेत अन्य बड़कागांव क्षेत्र के कई स्थान पर चोरी करने , अथवा करवाने, चोरी की समान खरीदारी करने को लेकर बड़का गांव थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस के द्वारा सघन छापेमारी की गई। मामले में पुलिस ने कई घंटे जांच पड़ताल के पश्चात, तीन लोगों को गिरफ्तार कर हजारीबाग जेल भेज दिया गया। घटना में कई जगह से चोरी के सामान बरामद किए गए। घटना को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि बड़कागांव थाना कांड संख्या 86/26 U/S 331(4)/305(a) बीएनएस अंकित कर कांड में त्वरित करवाई करते हुए कांड का उद्भेदन कर अप्राथमिकी अभियुक्त रवि कुमार भुईयां उम्र करीब 24 वर्ष पिता टैगो भुईयां साकिन ठाकुर मोहल्ला बड़कागांव, धीरज कुमार रवि उम्र करीब 22 वर्ष पिता धनुषधारी राम साकिन भगवानबागी एवं रवींद्र कुमार उम्र करीब 52 वर्ष पिता भुनेश्वर महतो सकिन हरधराबागी तीनों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया ।

## ब्राउन शुगर सप्लाई करने वाला गिरोह गिरफ्तार, 52 ग्राम मादक पदार्थ बरामद


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत इचाक थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित एसआईटी टीम ने इचाक थाना क्षेत्र के ग्राम लोटवा जंगल में छापेमारी कर ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 52 ग्राम ब्राउन शुगर एवं छह एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ युवक जंगल के रास्ते ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करने के लिए जुटने वाले हैं। सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया और त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम लोटवा जंगल में घेराबंदी की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने राहुल कुमार, दीपक कुमार, विशाल कुमार, अमित कुमार एवं मुकेश कुमार को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से कुल 52 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुआ, जिसकी जांच ड्रग डिटेक्शन किट से किए जाने पर मादक पदार्थ होने की पुष्टि हुई। इसके बाद सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार यह गिरोह व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से आपस में संपर्क कर मादक पदार्थों की सप्लाई करता था। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गिरफ्तार मुख्य आरोपी राहुल कुमार उर्फ राहुल मेहता का आपराधिक इतिहास काफी लंबा रहा है। उसके खिलाफ इचाक, बरही, कोर्रा और सदर थाना में एनडीपीएस एक्ट, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट तथा अन्य गंभीर धाराओं के कई मामले पहले से दर्ज हैं।

## हरमबार गांव में धार्मिक सभा पर विवाद, हिन्दूवादी संगठनों का विरोध

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पदमा :** पदमा थाना क्षेत्र के रोमी पंचायत स्थित सुदूरवर्ती गांव हरमबार में बुधवार को उस समय माहौल गरमा गया, जब वर्षों से चल रही कथित 'चंगाई सभा' की सूचना मिलने के बाद हिन्दूवादी संगठन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और जमकर विरोध जताया।

जानकारी के अनुसार, गाँव निवासी टहल मेहता एवं उनकी पत्नी के घर पर प्रत्येक बुधवार को बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुषों की भीड़ जुटती थी, जहां ईशु मसीह की प्रार्थना, बाइबिल पाठ एवं धार्मिक उपदेश दिए जाने की बात सामने आई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह सिलसिला कई वर्षों से लगातार चल रहा था, लेकिन दूरदराज क्षेत्र होने के कारण इसकी जानकारी धीरे-धीरे बाहर निकल पाई। ग्रामीणों एवं संगठन से जुड़े लोगों का कहना है कि सभा में आसपास के कई गांवों से सैकड़ों लोग पहुंचते थे। आरोप लगाया गया कि भोले-भाले एवं अशिक्षित लोगों को बीमारी, पारिवारिक परेशानी और आर्थिक संकट दूर करने का प्रलोभन देकर बुलाया जाता था। प्रार्थना और 'चंगाई' के नाम पर लोगों का ब्रेनवॉश कर हिन्दू देवी-देवताओं के प्रति नकारात्मक बातें कही जाती थीं तथा मतांतरण के लिए प्रेरित किया जाता था। विरोध के दौरान संगठन के कार्यकताओं ने टहल मेहता के घर में जाकर जांच-पड़ताल की, जहाँ से कथित रूप से बाइबिल समेत कई धार्मिक किताबें मिलीं। कार्यकताओं का दावा है कि घर में किसी भी हिन्दू देवी-देवता की तस्वीर या पूजा-पाठ से जुड़ी सामग्री नहीं मिली। साथ ही आरोप लगाया गया कि परिवार गांव में होने वाले धार्मिक अनुष्ठानों एवं पूजा-पाठ में भी हिस्सा नहीं लेता और प्रसाद ग्रहण करने से भी परहेज करता है।

## निवर्तमान एसडीपीओ के विदाई समारोह का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बरही हजारीबाग रोड स्थित होटल आर.के इंटरनेशनल स्कूल में बरही के निवर्तमान एसडीपीओ अजीत कुमार विमल के स्थानांतरण पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसका संचालन बरही थाना प्रभारी विनोद कुमार एवं बरकट्ठा अंचल पुलिस निरीक्षक इमदाद अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। वहीं इस विदाई समारोह में प्रमुख मनोज रजक, चौपारण अंचलाधिकारी संजय यादव, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, बरही अंचल पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि भगवान केशरी, जिप सदस्या प्रीति गुप्ता, भाजपा नेता रंजीत चंद्रवंशी एवं जिप प्रतिनिधि गणेश यादव समेत अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न थानों से पुलिसकर्मी शामिल हुए। इस दौरान विदाई समारोह में शामिल सभी जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने निवर्तमान एसडीपीओ अजीत कुमार विमल के कार्यकाल की सराहना की। लोगों ने बताया 16 नवंबर 2025 को जय माता दी ज्वैलर्स एवं 24 अप्रैल 2026 को बैंक ऑफ महाराष्ट्र के बरही शाखा में अपराधियों ने बड़ी लूट की घटना को अंजाम दिया। जिसका बरही प्रशासन ने ना सिर्फ उद्भेदन किया, बल्कि चोरी में संलिप्त अपराधियों को जेल भी भेजा गया और चोरी की सामान को बरामद भी किया गया, जो पूरे राज्य में चर्चा का विषय बना था। वहीं निवर्तमान एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र लूटकांड के सफल उद्भेदन में शामिल बरही थाना के छह एसआई को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# 'क्लस्टर सिस्टम' के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने किया प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग :** झारखंड सरकार द्वारा प्रस्तावित 'क्लस्टर सिस्टम' के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। संत कोलंबा महाविद्यालय इकाई एवं मार्खम कॉलेज इकाई के बैनर तले कार्यकताओं ने सरकार का पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया और चेतावनी दी कि यदि 24 घंटे के भीतर इस फैसले को वापस नहीं लिया गया तो छात्र हित में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

प्रदर्शन के दौरान एबीवीपी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बाबूलाल मेहता ने कहा कि शिक्षा सुधार के नाम पर लाया जा रहा यह 'क्लस्टर सिस्टम' पूरी तरह अव्यावहारिक और छात्र-विरोधी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य शिक्षा को सुलभ और सरल बनाना है, लेकिन राज्य सरकार का यह प्रस्ताव छात्रों को एक विषय के लिए एक कॉलेज से दूसरे कॉलेज तक भटकने को मजबूर करेगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि यदि कोई छात्र साइंस कॉलेज में पढ़ाई कर रहा है, तो उसे माइनर सब्जेक्ट के लिए दूसरे कॉलेज जाना पड़ेगा। इससे छात्रों का समय और पैसा दोनों बर्बाद होगा। ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए यह व्यवस्था और भी परेशानी पैदा करेगी।

वहीं प्रादेशिक सह राज्य विश्वविद्यालय प्रमुख प्रभात कुमार ने कहा कि सरकार को कॉलेजों के बीच दूरी बढ़ाने वाली व्यवस्था लागू करने के बजाय शिक्षकों की कमी, संसाधनों के असंतुलन और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर ध्यान देना चाहिए था। उन्होंने कहा कि आज कई कॉलेजों में शिक्षक हैं लेकिन छात्र नहीं, जबकि कई जगह छात्र हैं लेकिन शिक्षक नहीं। ऐसी स्थिति में सरकार को शिक्षकों के युक्तिकरण, फैकल्टी रोटेशन और डिजिटल वर्चुअल क्लासरूम जैसी व्यवस्था लागू करनी चाहिए थी ताकि छात्र अपने ही कॉलेज परिसर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकें। एबीवीपी नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार शिक्षा का केंद्रीकरण कर गरीब, ग्रामीण और मध्यमवर्गीय छात्रों को उच्च शिक्षा से दूर करने की साजिश कर रही है। परिषद ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि सरकार ने छात्रों के हितों के साथ समझौता किया तो संगठन सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करने को बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### भीषण गर्मी में आंख मिचौली बिजली से लोग बेहाल, बिजली विभाग पर फूट रहा लोगों का गुस्सा




**चलकुशा :** बिजली विभाग की मनमानी तरीके से बिजली कटौती और इस उमस भरी गर्मी में लोग बेहाल हैं। बिजली कटौती से बिजली विभाग के प्रति लोंगो में भारी रोष व्याप्त है। उपभोक्ताओं का गुस्सा उबाल पर है जो कभी भी फुट सकता है। उपभोक्ताओं का कहना है कि बिजली बिल विलंब होने पर तुरंत कनेक्शन काट दिये जाने के साथ जुमार्ना भी लगाया जाता है। इधर बिजली कटौती पर विभाग की चुपी और मनमानी रवैया चल रहा है। इस रवैये के खिलाफ अब सड़क पर ही आंदोलन के लिए लोग मूड बनाने लगे हैं। बताया जा रहा है कि कुछ दिनों से लगातार बिजली कटौती कर कुछ घंटे ही बिजली आपूर्ति की जा रही है। बिजली कटौती से सबसे बड़ी मार ठंडा पेय पदार्थ बेचने वाले दुकानदारों को झेलना पड़ रहा है। लोग चर्चा करने लगे हैं कि अब बिजली विभाग को बाय बाय करना होगा। सोलर एनर्जी को विकसित करने को लेकर उपभोक्ता इसकी तैयारी को लेकर मन बना रहे हैं।

### मलेरिया से बचाव को लेकर कीटनाशी छिड़काव का हुआ शुभारंभ



**बड़कागांव :** मच्छरों के प्रकोप से बचाव को लेकर कीटनाशी दवा छिड़काव का शुभारंभ, पलांडू स्वास्थ्य उप केंद्र के पलांडू गांव से असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह भीबीडी पदाधिकारी हजारीबाग एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बड़कागांव डॉ अविनाश कुमार के संयुक्त तत्वाधान में प्रारंभ किया गया। कीटनाशी दवा छिड़काव तलसवार पंचायत के सभी गांव में, नापोखुर्द पंचायत के सभी गांव में एवं आगों पंचायत के सभी गांव में किया जाना है। छिड़काव का मुख्य उद्देश्य मच्छर से होने वाली बीमारी से बचाव करना है। कीटनाशी दवा छिड़काव 20 मई से जुलाई 2026 तक प्रथम चक्र शुरू किया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने ग्रामीणों से कीटनाशी छिड़काव कराने का अनुरोध किया है। ताकि मलेरिया मच्छर से होने वाली बीमारी से बचाव किया जा सके। उक्त आशय की जानकारी मलेरिया पर्यवेक्षक तरुण कुमार शर्मा के द्वारा दी गई है। जिला से इस कार्य की देख-रेख के लिए मलेरिया इंस्पेक्टर महेंद्र पाल और जिला बीडी कंसलटेंट मैमूर सुल्तान मौके पर पहुंच कर कीटनाशी दवा छिड़काव की गुणवत्ता की जांच की एवं क्षेत्र में छिड़काव कार्य करने का निर्देश दिया। आगे उन्होंने सभी गांव में अच्छे से छिड़काव गुणवत्ता पूर्वक करने को कहा।

### राधा प्रेम किशोर बने बरही के नए डीएसपी निवर्तमान डीएसपी ने पुष्पगुच्छ देकर किया स्वागत



**बरही :** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय बरही में बुधवार को राधा प्रेम किशोर ने बरही के नए डीएसपी के रूप में अपना पदभार संभाला। निवर्तमान डीएसपी अजीत कुमार विमल ने नए डीएसपी राधा प्रेम किशोर को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और शुभकामनाएं दीं। इस दौरान कार्यालय कक्ष में सौहार्दपूर्ण माहौल रहा। पदभार ग्रहण करने के बाद नए डीएसपी राधा प्रेम किशोर ने कहा कि बरही अनुमंडल में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ रखना, अपराध नियंत्रण और आम जनता से बेहतर समन्वय उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास का सेतु बनाकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखी जाएगी। निवर्तमान डीएसपी अजीत कुमार विमल ने अपने कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुए नए डीएसपी को सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि बरही की जनता हमेशा पुलिस का सहयोग करती रही है। गौरतलब है कि बरही झारखंड-बिहार सीमा पर स्थित एक संवेदनशील अनुमंडल है। ऐसे में नए डीएसपी के सामने कई चुनौतियां रहेंगी।गोरिया में श्री श्री 1008 शतचंडी नौ दिवसीय वार्षिकोत्सव महायज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

### विधायक ने मुख्य पुजारी को कलश देकर यात्रा को किया रवाना, हजारों श्रद्धालु हुए शामिल



**बरही :** प्रखंड अंतर्गत गौरियाकरमा पंचायत के ग्राम गोरिया में श्री श्री 1008 शतचंडी नौ दिवसीय वार्षिकोत्सव महायज्ञ को लेकर गुरुवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। धार्मिक वातावरण और जयकारों के बीच निकली इस कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कलश यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि बरही विधायक मनोज कुमार यादव उपस्थित रहे। उन्होंने विधि-विधान के साथ मुख्य पुजारी को कलश प्रदान कर यात्रा को रवाना किया। इस दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल से गूंज उठा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, प्रमुख मनोज रजक, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, स्थानीय मुखिया कुमारी मीरा एवं प्रतिनिधि राजन ओम मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा, शांति और सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूत करने का कार्य करते हैं। उन्होंने महायज्ञ समिति एवं ग्रामीणों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।कलश यात्रा को सफल बनाने में महायज्ञ समिति के अध्यक्ष पूर्व मुखिया मनोज कुमार, सचिव रामचंद्र विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष प्रकाश पंडित, उपाध्यक्ष विनोद यादव, उपसचिव मनोज विश्वकर्मा, विनोद यादव (बीचकिला), प्रसादी राणा, बंटू नीचे टोला, राहुल पंडित, दिलीप कुमार वर्मा, करण भुईयां समेत अन्य श्रद्धालुओं की सक्रिय भूमिका रही।

## एक नजर

### कई क्षेत्रों में आज चार घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**रांची** : ईएसआईसी अस्पताल नामकुम के पास रेलवे क्रॉसिंग कार्य के कारण शुक्रवार को 33 केवी कुसई फीडर और सिदरोल फीडर से सुबह 06 बजे से 10 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगा। इस दौरान 33 केवी कुसई से संबंधित क्षेत्रों घाघरा, कुसई, डोरंडा बाजार, रिसलदार नगर, अनंतपुर, निवारणपुर, मजिस्ट्रेट कॉलोनी, हिनू और आसपास बिजली आपूर्ति प्रभावित होगी। 33 केवी सिदरोल से संबंधित जिन क्षेत्रों में विद्युतापूर्ति बाधित रहेगी उनमें सदाबहार, कालीनगर, कोचाटोली, तुंबागुट्ट, बरगामा, खिजरी, सिदरौल, पलांडू, रजाउलातु, सरवाल, जमचुआं, हाहाप, गरके, चटकपुर, प्रेस कॉलोनी, आईएएस कॉलोनी, लाली, कृषि अनुसंधान केंद्र, जरगापाइगा, बोंगाईबेरा, बुधीबेरा, महादेव टोली, तुतिहारा सोगोद, कुदागाड़ा शामिल हैं। इस दौरान संबंधित फीडर के पेड़ की टहनियों की छटाई भी किया जाएगा। इस कार्य के बाद एयरपोर्ट की विद्युत आपूर्ति को नामकुम ग्रिड से सीधे अलग स्रोत (डाइरेक्टए सोर्स) से जोड़ा जाना है, जिससे भविष्य में सुचारू विद्युत आपूर्ति हो सकेगी। यह जानकारी बिजली विभाग ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है।

### झारखंड के 11 जिलों में तापमान पहुंचा 40 डिग्री के पार

**रांची** : राजधानी रांची सहित पूरे राज्य भर में इन दिनों मौसम आग उगल रहा है। स्थिति यह है कि राज्य के 11 जिलों में अधिकतम तापमान बढ़कर 40 डिग्री या उससे अधिक पहुंच गया है। राज्य के जिन जिलों में तापमान 40 डिग्री है उससे अधिक रिकॉर्ड किया गया है उनमें गढ़वा 44 डिग्री,चतरा में 44 डिग्री, डाल्टनगंज 43.4 डिग्री, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम में 42, सरायकेला में 42 डिग्री, गुमला, रामगढ़ और बोकारो में 40 डिग्री, गिरिडीह में 40 डिग्री और सिमडेगा में 40 डिग्री शामिल है। इधर, मौसम विभाग ने 23 और 24 मई को राज्य के उत्तर पूर्वी और मध्यवर्ती जिलों में बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना व्यक्त की है। साथ ही इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चलने की भी संभावना है। इसे लेकर विभाग की ओर से ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

### कांग्रेस नेताओं ने पुण्यतिथि पर राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि

**रांची** : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की 26 वीं पुण्यतिथि शहादत दिवस के रूप में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय मे मनाई गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी झारखंड की जनता को सदैव याद रहेंगे। देश में शांति और एकता को बहाल रखने के लिए अखंड भारत के सपनों को साकार रखने के लिए उनकी शहादत को देश हमेशा याद रखेगा। झारखंड अलग राज्य के बिना यहां रहने वाले आदिवासियों और दूसरे समुदाय के लोगों का विकास संभव नहीं है, यह विचार राजीव गांधी ने गुमला, सिमडेगा और खूंटी की जनसभाओं में प्रकट किया था।

### विहिप की दो दिवसीय बैठक संपन्न

**रांची** : विश्व हिंदू परिषद की प्रांत मातृशक्ति, प्रांत सामाजिक समरसता, प्रांत कार्यकारिणी एवं रांची महानगर के कार्यकर्ताओं की दो दिवसीय बैठक गुरुवार को हरमू रोड स्थित प्रांत कार्यालय, शक्ति आश्रम में संपन्न हुई। बैठक में विशेष रूप से विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय संगठन सह महामंत्री विनायक राव देशपांडे उपस्थित थे। बैठक में संगठनात्मक विषय के साथ-साथ आयाम के कार्यों पर योजना बनाई गई। 24 मई से 31 मई तक चतरा में वार्षिक दुर्गा वाहिनी प्रशिक्षण वर्ग, 30 मई से 10 जून तक बोकारो में परिषद शिक्षा वर्ग, 2 जून से 10 जून तक बोकारो में बजरंग दल शौर्य प्रशिक्षण वर्ग तथा 20 से 23 अगस्त को मातृशक्ति प्रशिक्षण वर्ग चलेगा।

राज्यपाल-सह-कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने चाणक्य बीएनआर होटल में दो दिवसीय कुलपति सम्मेलन का उद्घाटन किया, कहा

# झारखण्ड की उच्च शिक्षा में व्यापक सुधार की जरूरत
# केवल डिग्री के केंद्र न बनें विश्वविद्यालय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : राज्यपाल-सह-झारखण्ड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय कुलपति सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन झारखण्ड की उच्च शिक्षा को नई दिशा देने का महत्वपूर्ण अवसर है। शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज की चेतना और राष्ट्र की प्रगति का आधार है। विश्वविद्यालय विचार, ज्ञान, अनुशासन, शोध और चरित्र निर्माण के केंद्र होते हैं।

राज्यपाल ने कहा कि राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति पारदर्शी प्रक्रिया के तहत सर्च कमिटी (खोज समिति) के माध्यम से की गई है। कुलपति केवल प्रशासक नहीं, बल्कि एकेडमिक लीडर्स (शैक्षणिक मार्गदर्शक) के रूप में कार्य करें। उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा स्वयं कक्षा लेने के प्रयास की सराहना की। उन्होंने बताया कि उच्च शिक्षा को नई गति देने के उद्देश्य से झारखण्ड राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 2026 लागू किया गया है, जो पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करेगा। राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों में एकेडमिक कैलेंडर (शैक्षणिक कैलेंडर) का दृढ़ता से पालन सुनिश्चित करने, नियमित कक्षाएं संचालित करने और समय पर परीक्षा परिणाम घोषित करने पर बल दिया। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी ने भी विचार रखे। उन्होंने कहा कि आज केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है, बल्कि आउटकम-बेस्ड एजुकेशन (परिणाम-आधारित शिक्षा) पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और आधुनिक तकनीक के इस युग में शिक्षकों को भी स्वयं को निरंतर अपडेट (अद्यतन) करना होगा और विद्यार्थियों में क्रिटिकल थिंकिंग (तार्किक सोच) विकसित करनी होगी।

- राज्यपाल ने राज्य के कम सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) और ड्रॉपआउट (पढ़ाई बीच में छोड़ना) की गंभीर समस्या पर चिंता जताई।
- उच्च शिक्षा को नई गति और पारदर्शिता देने के लिए 'झारखण्ड राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 2026' लागू किया गया है।
- राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी ने कुलपतियों को परिणामोन्मुख (आउटकम-बेस्ड) शिक्षा और वित्तीय अनुशासन पर ध्यान देने को कहा।




#### कम नामांकन अनुपात और ड्रॉपआउट पर जताई चिंता

राज्यपाल ने कहा कि झारखण्ड में स्कूली शिक्षा की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर है, लेकिन उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अभी व्यापक सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य का सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) राष्ट्रीय औसत से बहुत कम है और उच्च शिक्षा में ड्रॉपआउट की समस्या भी गंभीर है। गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण, समयबद्ध परीक्षाओं और रोजगारोन्मुखी शिक्षा के अभाव में बड़ी संख्या में विद्यार्थी राज्य से बाहर जाने को विवश होते हैं, जो आत्ममंथन का विषय है।



मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में साईं नाथ यूनिवर्सिटी, रांची के कुलपति प्रो. (डॉ.) एस. पी. अग्रवाल ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

## झारखंड में 20 जून से शुरू होगा मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण, घर-घर पहुंचेंगे बीएलओ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया 20 जून से शुरू की जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे। वे निर्वाचन सदन में मीडिया प्रतिनिधियों के लिए आयोजित एक दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम (अभिविन्यास कार्यक्रम) और प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

#### पुनरीक्षण अभियान का पूरा शेड्यूल

के. रवि कुमार ने बताया कि 20 जून से 29 जून तक तैयारी, प्रशिक्षण और आवश्यक मुद्रण कार्य किए जाएंगे। इसके बाद 30 जून से 29 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाएंगे। मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 5 अगस्त को होगा, जिसके बाद 5 अगस्त से 4 सितंबर तक दावा एवं आपत्तियां दर्ज की जा सकेंगी। दावों और आपत्तियों के निस्तारण की प्रक्रिया 3 अक्टूबर तक चलेगी और मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 7 अक्टूबर को किया जाएगा।




#### बिना सुनवाई के नहीं हटेगा किसी का नाम

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसी भी मतदाता का नाम बिना सुनवाई के सूची से नहीं हटाया जाएगा। जिन मतदाताओं से बीएलओ का संपर्क नहीं हो पाएगा, उनके लिए विशेष कैंप (शिविर) भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने लोगों को भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान नहीं देने की सलाह दी। उन्होंने यह भी साफ किया कि यह प्रक्रिया केवल भारतीय नागरिकों के लिए है और विदेशी नागरिक इसमें शामिल नहीं होंगे।

#### स्वच्छ और समावेशी मतदाता सूची की अपील

उन्होंने मतदाताओं, कर्मियों, मीडिया और सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बीएलए से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय सहयोग करें ताकि राज्य की वोटर लिस्ट (मतदाता सूची) अधिक स्वच्छ, समावेशी और त्रुटिरहित बन सके। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ट्रेनिंग नोडल (प्रशिक्षण नोडल) देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर और अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार भी उपस्थित रहे।

### निःशुल्क कराटे प्रशिक्षण में बच्चों ने जाना आत्मरक्षा के गुर

**रांची** : सामाजिक संस्था ओथ और उत्कल कराटे स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को बरियातू हाउसिंग कॉलोनी स्थित संस्कृति विहार में एक दिवसीय निःशुल्क कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में बच्चों एवं युवाओं ने भाग लेकर कराटे प्रशिक्षण के विभिन्न तकनीकी पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण के दौरान खिलाड़ियों को आत्मरक्षा, फिटनेस और प्रतियोगिता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में ओथ के ट्रस्टी दीपक बंका एवं अमित कुमार उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी संजीत गाड़ी समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### बढ़ती गर्मी में घर से बाहर निकलने पर बरतें सावधानी : इरफान



**रांची** : आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने राज्यवासियों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने गुरूवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि सुबह 11 बजे से लेकर शाम 04 बजे तक अधिक जरूरी रहने पर ही घर से बाहर निकलें, क्योंकि इस दौरान लू और हीट स्ट्रोक का खतरा अधिक रहता है। इस समय घर से निकलने में विशेष सर्तकता बरतें। उन्होंने बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी। साथ ही प्रशासन को पेयजल, बिजली आपूर्ति और राहत केंद्रों की व्यवस्था सुदृढ़ रखने का निर्देश दिया। इरफान अंसारी ने लोगों से अधिक मात्रा में पानी, ओआरएस, नींबू पानी, छाछ और अन्य तरल पदार्थों का सेवन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि धूप में निकलते समय सिर को गमछा, टोपी या छाते से ढंककर रखें। खाली पेट घर से बाहर न जाएं, कम से कम भरपेट पानी पीकर ही निकलें। बीच बीच में पानी की मात्रा लेने की जरूरत है। मंत्री ने कहा कि राज्य में भीषण गर्मी को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी सरकारी अस्पतालों, सदर अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को हाई अलर्ट पर रखा है। हीट स्ट्रोक, डिहाईड्रेशन, सन बर्न और अन्य गर्मी से संबंधित बीमारियों के इलाज के लिए ओआरएस, दवाइयों, आईवी फ्लूडर्स, आपातकालीन बेड और चिकित्सकीय टीमों की विशेष व्यवस्था की गई है।

### शूटिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली देवासी को विधानसभाध्यक्ष ने किया सम्मानित



**रांची** : थाईलैंड में आयोजित इंटरनेशनल एयर गन राइफल शूटिंग चैंपियनशिप 2026 में स्वर्ण पदक जीतकर अंतर्राष्ट्रीय पटल पर देश और राज्य का नाम रोशन करने वाली, नाला क्षेत्र के कुंडहित की देवासी हेम्ब्रम को झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने सम्मानित किया। विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय कक्ष में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष ने देवासी को शॉल ओढ़ाकर, स्मृति-चिह्न (मोमेंटो) और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया और उनकी ऐतिहासिक प्रदर्शन की सराहना की। मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ने देवासी के माता-पिता के साथ-साथ उनके परिजनों और उनके प्रशिक्षक (कोच) को भी इस सफलता की बधाई दी। उन्होंने कहा कि देवासी हेम्ब्रम ने अपनी कड़ी मेहनत, कड़े अनुशासन के बल पर यह अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है, झारखंड की बेटियां खेल के क्षेत्र में लगातार नई ऊंचाइयों को छूकर राज्य का मान बढ़ा रही हैं। उनकी यह जीत राज्य की अन्य युवा प्रतिभाओं के लिए एक महान प्रेरणा बनेगी। इस अवसर पर झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव रंजीत कुमार भी उपस्थित थे।

### कांग्रेस जिला मुख्यालयों में 24 से आयोजित होगा शिकायत और निवारण कार्य दिवस

**रांची** : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से 24 मई को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में शिकायत और निवारण कार्य दिवस कार्यक्रम आहूत की जाएगी। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि यह पहल संगठन को और अधिक मजबूत, जवाबदेह एवं कार्यकताओं के प्रति संवेदनशील बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देश पर यह निर्णय लिया गया है ताकि जिला और प्रदेश स्तर पर कार्यकर्ता, पदाधिकारियों एवं आम कांग्रेसजन अपनी व्यक्तिगत प्रतिनिधित्व संबंधी शिकायतों को लिखित रूप में देंगे तथा उनका समाधान सुनिश्चित किया जा सके। कांग्रेस का मानना है कि किसी भी राजनीतिक संगठन की असली ताकत उसके जमीनी कार्यकर्ता होते हैं। पार्टी ने हमेशा कार्यकताओं के सम्मान को प्राथमिकता दी है। यही कारण है कि जिला कांग्रेस कार्यालयों में सुबह 10 बजे से शाम 04 बजे तक शिकायतों का लिखित रूप में संग्रह किया जाएगा और उन्हें प्रदेश कार्यालय भेजकर निष्पक्ष समन्वित कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश कांग्रेस ने सभी जिला अध्यक्षों एवं प्रभारियों को निर्देश दिया है कि इस कार्यक्रम की जानकारी अधिक से अधिक कार्यकताओं तक पहुंचाई जाए ताकि हर कार्यकर्ता अपनी बात संगठन के समक्ष रख सके।

### राजीव रंजन मिश्रा की गिरफ्तारी मामले की न्यायिक जांच कराए सरकार : शीला देवी

**रांची** : नगर निगम वार्ड संख्या 39 की पार्षद व धुर्वा क्षेत्र की समाजसेविका शीला देवी ने भाजपा नेता राजीव रंजन मिश्रा व उनके पुत्र की गिरफ्तारी के मामले की न्यायिक जांच कराने की मांग की है। उन्होंने गुरुवार को एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि श्री मिश्रा की गिरफ्तारी पूर्वाग्रह से ग्रसित है। उन्हें एक सोची समझी साजिश के तरह फर्जी मामले में फंसाया गया है। श्रीमती शीला ने इस पूरे प्रकरण की न्यायिक जांच किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश के नेतृत्व में एक कमेटी गठित कर कराने की मांग की है, ताकि सच्चाई सामने आ सके। इस संबंध में गुरुवार को धुर्वा स्थित नगर निगम वार्ड संख्या 39 के कार्यालय में शंभू सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। बैठक में भाजपा नेता राजीव रंजन मिश्रा की गिरफ्तारी की निंदा की गई। शंभू सिंह ने कहा कि एक षड्यंत्र के तहत श्री मिश्रा व उनके पुत्र को फंसाया गया है। उनकी गिरफ्तारी के मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने से दूध का दूध और पानी का पानी हो सकेगा। बैठक में कार्तिक लाल शर्मा, जितेंद्र सिंह डब्लू, शिव शंकर पांडे, सुबोध सिंह सहित अन्य शामिल थे।

### बिजली विभाग में विशेष कैंप का आयोजन उपभोक्ताओं का ऑन द स्पॉट निराकरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**अनगडा** : नामकोम झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल टाटी सीलवे में विशेष कैंप लगा कर बिल सुधार एवम विद्युत समस्या का निराकरण किया गया।

बिजली विभाग कार्यालय में उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान हेतु बिजली बिल सुधार, बकाया भुगतान, नए कनेक्शन, मीटर संबंधी शिकायतों तथा अन्य विद्युत समस्याओं का निपटारा किया गया। मौके पर लगभग 40 लोगो ने सुधार हेतु आवेदन पत्र जमा किया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनीं और उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। कैंप में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने भाग लेकर अपनी समस्याएं दर्ज कराईं और कुछ उपभोक्ताओं ने अपनी समस्या बताया कि एक महीने का बिल 8000 रुपए आया है, इस पर बिजली विभाग के अधिकारियों ने कहा कि कंप्यूटर सिस्टम में गड़बड़ी के कारण यह समस्या उत्पन्न हुआ जल्द ही सुधार किया जाएगा।

बिजली विभाग के अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से समय पर बिजली बिल भुगतान करने तथा किसी भी समस्या के लिए विभागीय कार्यालय से संपर्क करने की अपील की। विशेष कैंप के आयोजन से क्षेत्र के उपभोक्ताओं को काफी सुविधा मिली। मौके पर विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### राज्यपाल से विधायक व महापौर ने की मुलाकात धनबाद के कॉलेजों में 'क्लस्टर सिस्टम' का विरोध

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : राज्यपाल-सह-झारखण्ड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से झारखण्ड विधानसभा सदस्य श्रीमती रागिनी सिंह एवं धनबाद के महापौर संजीव सिंह ने लोक भवन, रांची में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को झारखण्ड के विश्वविद्यालयों और विशेषकर धनबाद क्षेत्र की उच्च शिक्षा से संबंधित विभिन्न गंभीर विषयों पर एक ज्ञापन समर्पित किया।



मुलाकात के दौरान विधानसभा सदस्य और धनबाद महापौर ने बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयों में प्रस्तावित क्लस्टर सिस्टम (महाविद्यालय समूह प्रणाली) के संबंध में छात्रहित और व्यावहारिक समस्याओं की ओर राज्यपाल का ध्यान आकृष्ट कराया। ज्ञापन में स्पष्ट किया गया कि धनबाद एवं कोयलांचल क्षेत्र की भौगोलिक और सामाजिक परिस्थितियों को देखते हुए यदि यह व्यवस्था लागू होती है, तो विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं को आवागमन, समय की बबार्दी और अतिरिक्त आर्थिक बोझ जैसी गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

इसके अतिरिक्त, प्रतिनिधियों ने झरिया विधानसभा क्षेत्र में स्थित प्रतिष्ठित राजा शिव प्रसाद कॉलेज (आरएसपी कॉलेज) से जुड़ी विभिन्न शैक्षणिक और प्रशासनिक समस्याओं के समाधान हेतु भी राज्यपाल को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्रहित को सर्वोपरि बताते हुए कुलाधिपति से इन सभी समस्याओं के शीघ्र और सकारात्मक समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का अनुरोध किया। राज्यपाल ने ज्ञापन पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया।

## उषा मार्टिन फाउंडेशन की पहल : 30 महिलाओं को मिला टेलरिंग एवं फैशन डिजाइनिंग का प्रशिक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगडा (रांची)** : महिला सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता के लिए कौशल विकास आवश्यक है। हुनर के साथ आत्मविश्वास और जिम्मेदारी का भाव हो तो महिलाएं समाज और परिवार के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उक्त बातें सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के कमांडेंट शाश्वत कुमार ने कहीं। वे आज उषा मार्टिन फाउंडेशन द्वारा संचालित टेलरिंग एवं फैशन डिजाइनिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित प्रमाण-पत्र वितरण समारोह में बोल रहे थे। यह कार्यक्रम अनगड़ा प्रखंड के बरवारी गांव स्थित उषा मार्टिन फाउंडेशन केंद्र में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित समारोह में कुल 30 महिला प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।




इस अवसर पर शाश्वत कुमार ने कहा कि महिलाओं को अपने हुनर को पहचानकर उसे आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि कौशल आधारित प्रशिक्षण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का एक मजबूत माध्यम है। अपने हुनर को कभी सीमित नहीं रखना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए अपने कौशल का उपयोग स्वयं, परिवार और समाज के विकास के लिए करना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा, सलहान पंचायत की मुखिया सरिता तिर्की एवं उपमुखिया बिमला चैधरी ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के समय में कौशल विकास और स्वरोजगार महिलाओं के लिए नई संभावनाएं लेकर आ रहे हैं। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

इस अवसर पर डॉ. मयंक मुरारी के कार्यों की भी सराहना की गई। उन्होंने कहा कि समाज में आजीविका के अवसरों को बढ़ाना समय की आवश्यकता है। किसी भी हुनर को दबाना नहीं चाहिए, बल्कि उसे आगे बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। प्रशिक्षण केवल प्रमाण-पत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्मनिर्भरता और बेहतर भविष्य की दिशा में एक नई शुरूआत है। हुनर कभी व्यर्थ नहीं जाता और जीवन के हर चरण में इसका लाभ मिलता है।

## एक नजर

### डीवीसी अधिकार मोर्चा की समीक्षा बैठक संपन्न

**कोडरमा :** डीवीसी अधिकार मोर्चा की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में पिछले दिनों रेलवे मेंटेनेंस मजदूरों के आंदोलन और उसके परिणामों पर चर्चा की गई। बताया गया कि रेलवे मेंटेनेंस मजदूर 4 मई से अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे थे, लेकिन डीवीसी प्रबंधन और संबंधित कंपनी द्वारा कोई पहल नहीं की जा रही थी। डीवीसी अधिकार मोर्चा ने मजदूरों के समर्थन में 18 मई को जोरदार प्रदर्शन किया, जिससे पूरा प्लांट ठप हो गया। इसके बाद जिला प्रशासन और डीवीसी प्रबंधन हरकत में आया और दो मजदूरों का गेटपास बना दिया गया, जबकि एक अन्य मजदूर के गेटपास के लिए समय लिया गया है। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि यह मजदूरों की एकता और आंदोलन की जीत है। मोर्चा नेताओं ने कहा कि आगे भी मजदूरों के हर सवाल पर आंदोलन जारी रहेगा। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि मजदूर संजय यादव का गेटपास जल्द नहीं बनाया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता दामोदर यादव ने की। बैठक में जिला परिषद सदस्य महादेव राम, एक्टू जिला सचिव विजय पासवान, झारखंड जनरल मजदूर यूनियन अध्यक्ष राजेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष दशरथ पासवान, पंकज यादव, उमाशंकर पासवान, बहादुर यादव, अमर परमार, उदय भारती, राजू साव, सुरेश साव, अरुण सिंह, गोलू कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### आर पार की लड़ाई के लिए तैयार रहें कर्मचारी : संजय पासवान

**कोडरमा :** आउटसोर्सिंग कम्पनी कमांडो इंडस्ट्रियल सिक्युरिटी फोर्स हजारीबाग के अंतर्गत जिला के सदर अस्पताल एवं सभी प्रखण्डों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों को चार माह से मानदेय भुगतान नहीं होने को लेकर कर्मचारियों में रोष बढ़ता जा रहा है। इन कर्मियों ने हड़ताल पर जाने का मन बना लिया है। अब 01 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल होगी। इससे पूर्व शनिवार 23 मई को मशाल जुलूस निकाला जाएगा। यह निर्णय गुरूवार को सदर अस्पताल परिसर में झारखंड स्वास्थ्य आउटसोर्सिंग कर्मचारी संघ (सीटू) की बैठक में लिया गया। संघर्ष समिति के संयोजक और सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि अब पानी सर से ऊपर चला गया है। कमांडो कम्पनी के प्रबंधन को अपने कर्मियों के तकलीफ से कोई मतलब नहीं है। दूसरी तरफ जिला स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों और जिला प्रशासन भी इन कर्मियों की समस्याओं के समाधान के लिए कोई हस्तक्षेप नहीं कर रहा है और ना ही झारखंड सरकार कोई भूमिका अदा कर रहा है। आज मजबूर होकर कर्मचारियों को हड़ताल पर जाना पड़ रहा है।

### बेटियों की शिक्षा और आत्मनिर्भरता से ही रुकेगा बाल विवाह : शालिनी गुप्ता

**झुमरी तिलैया :** बच्चों के सुरक्षित, शिक्षित और सम्मानजनक भविष्य को लेकर गुरुवार को सेवा सदन होली फैमिली हॉस्पिटल सभागार में जागरूकता, संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रेरणादायी माहौल देखने को मिला। फ्रांसिसकन क्लारिस्टर सिस्टर सोसाइटी, कोडरमा द्वारा बाल मजदूरी, बाल विवाह एवं बाल तस्करी रोकथाम तथा पुनर्वास कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें जिले के विभिन्न पंचायतों, महिला समूहों, सामाजिक संगठनों, अभिभावकों और युवाओं समेत लगभग 60 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में व्याप्त कुप्रथाओं के खिलाफ जनजागरण फैलाना तथा प्रभावित परिवारों को आत्मनिर्भरता से जोड़ना था। पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि कम उम्र में विवाह होने से लड़कियां शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर हो जाती हैं।

# गोला थाना में शांति समिति की हुई बैठक, हुड़दंग और अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर गुरुवार को गोला थाना परिसर में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोगों ने भाग लेकर आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता बनाए रखने का संकल्प लिया।



**14 गांवों में विशेष सतर्कता बरतने का निर्णय**

बैठक में जानकारी दी गई कि गोला क्षेत्र के 14 गांवों में मुस्लिम समुदाय के लोग निवास करते हैं। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान किसी भी चौक-चौराहे या गांव में अड्डेबाजी, हुड़दंग या शांति भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। लोगों से अपील की गई कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

**सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर रहेगी नजर**

पुलिस निरीक्षक पंकज कुमार और थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने लोगों से सोशल मीडिया पर किसी भी भ्रामक या भड़काऊ पोस्ट को साझा करने से पहले उसकी सत्यता जांचने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि अफवाह फैलाने वालों पर प्रशासन की विशेष नजर रहेगी। बैठक के दौरान थाना के पीछे और एसएस हाई स्कूल के समीप शराबियों एवं असामाजिक तत्वों के जमावड़े की शिकायत उठाई गई। वहीं रजरप्पा-गोला मार्ग स्थित शराब दुकान के बाहर बेतरतीब वाहनों की पार्किंग से स्कूली बच्चों को हो रही परेशानी पर भी चिंता जताई गई। प्रशासन ने जल्द कार्रवाई का भरोसा दिया।

**भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील**

उप प्रमुख विजय ओझा और विधायक प्रतिनिधि जाकिर अख्तर ने कहा कि बकरीद त्याग, कुर्बानी और इंसानियत का पर्व है, जिसे प्रेम और अमन के साथ मनाना चाहिए। बैठक में बजरंग महतो, अकबर अंसारी, कुँवर बख्शी, संतोष कुमार, जितेंद्र साहू, गुलाम सरवर, कमाल शहजादा, एहतेशाम मुद्दीन, लालन कुशवाहा सहित कई लोग मौजूद रहे।

## रामगढ़ में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान नियम तोड़ने वालों को फूल देकर किया जागरूक




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गुरुवार को परिवहन विभाग द्वारा जिले के विभिन्न चौक-चौराहों पर विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। झारखंड सरकार के परिवहन विभाग के निर्देश पर आयोजित इस अभियान में आम लोगों को सुरक्षित यात्रा का संदेश दिया गया। परिवहन विभाग एवं डेंजर्स एडवेंचर्स अंतर्वेद स्पोर्ट्स लॉन्गेस्ट वर्ल्ड टूर बाय ऑन फुट जर्नी टीम के संयुक्त तत्वावधान में शहर के सुभाष चौक और पटेल चौक मुख्य मार्ग पर वाहन चालकों और राहगीरों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई। इस दौरान लोगों के बीच पम्फलेट वितरित कर हेलमेट, सीट बेल्ट और यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी ने सड़क सुरक्षा के व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को फूल देकर नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट पहनने तथा चारपहिया एवं बड़े वाहनों के चालकों से सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने की अपील की। संस्था के जितेंद्र प्रताप ने बताया कि 20 सदस्यीय टीम देश के विभिन्न राज्यों का भ्रमण कर रही है। यात्रा के दौरान टीम झारखंड की पौराणिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों का दौरा करने के साथ स्कूल, कॉलेज और सार्वजनिक स्थानों पर संगोष्ठी आयोजित कर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक कर रही है। अभियान के दौरान यातायात प्रभारी गजेन्द्र पाण्डे, एमवीआई मोनू मृणाल, बिपुल उरांव, रोड सेफ्टी टेक्निकल असिस्टेंट विकास कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## मांडू थाना पहुंचे डीआईजी, कानून व्यवस्था का लिया जायजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** हजारीबाग प्रक्षेत्र के डीआईजी अंजनी कुमार झा गुरुवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मांडू थाना पहुंचे, जहां पुलिस अधिकारियों और जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानपूर्वक स्वागत किया। डीआईजी के दौरे को लेकर थाना परिसर में सुबह से ही विशेष तैयारी देखी गई। निरीक्षण के दौरान डीआईजी अंजनी कुमार झा ने मांडू थाना परिसर की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने थाना भवन, मालखाना गोदाम, रिकॉर्ड संधारण व्यवस्था और अन्य प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की। साथ ही थाना परिसर की साफ-सफाई और रखरखाव को लेकर भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीआईजी ने निरीक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों से कानून व्यवस्था, लंबित मामलों और थाना संचालन से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कीं। उन्होंने पुलिसकर्मियों को



अनुशासन, बेहतर कार्यशैली और आम जनता के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। इस दौरान रामगढ़ एसपी मुकेश कुमार लुणायत, मांडू इंस्पेक्टर रजत कुमार, कुज्जू थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, मांडू थाना प्रभारी सदानंद प्रसाद और सार्जेंट मेजर मंटू यादव सहित जिले के कई पुलिस पदाधिकारी एवं जवान मौजूद रहे। निरीक्षण के अंत में डीआईजी ने अधिकारियों को थाना संचालन में पारदर्शिता और दक्षता बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस व्यवस्था को मजबूत बनाने और जनता का भरोसा कायम रखने के लिए थाना स्तर पर बेहतर प्रबंधन और सतर्कता बेहद जरूरी है।

## दहेज के लिए विवाहिता की हत्या का आरोप दो माह के बच्चे की मां का शव बरामद


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जयनगर/कोडरमा :** जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सतडीहा पंचायत के ग्राम नवादा में गुरुवार को एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मृतिका की पहचान 23 वर्षीय कोशिला कुमारी, पति अजीत यादव, पिता सुदन यादव, निवासी ग्राम सलैया, थाना कोडरमा के रूप में हुई है। घटना के बाद मायके पक्ष ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जानकारी के अनुसार कोशिला कुमारी की शादी 28 मई 2025 को हिंदू रीति-रिवाज के साथ नवादा गांव में हुई थी। मृतिका के भाई कुलदीप यादव ने बताया कि शादी के समय 8.5 लाख रुपये दहेज तय हुआ था, जिसमें 1.5 लाख रुपये बकाया था। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल ही में 85 हजार रुपये देने के बावजूद उनकी बहन को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। परिजनों के अनुसार गुरुवार सुबह मृतिका के मोबाइल से किसी युवक का फोन आया और कहा गया कि आपकी बहन की मौत हो गई है। जब घटना के कारण की जानकारी लेने की कोशिश की गई तो कॉल काट दिया गया और मोबाइल बंद आने लगा। इसके बाद जब मायके वाले ससुराल पहुंचे तो देखा कि घर के बरामदे में खटिया पर शव पड़ा हुआ था। घटना के बाद से ससुराल पक्ष के सभी लोग फरार बताए जा रहे हैं। मायके वालों ने आरोप लगाया है कि कोशिला कुमारी की गला दबाकर हत्या की गई है। परिजनों का कहना है कि मृतिका के गले पर निशान बने हुए थे, जिससे प्रथम दृष्टया गला घोंटकर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है।

## पतरातु में नशे के कारोबार पर बड़ा प्रहार ब्राउन शुगर के साथ तीन गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पतरातु पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुरुवार सुबह एंटी क्राइम चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 9.57 ग्राम ब्राउन शुगर (हेरोइन) के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, नालंदा नर्सिंग होम स्कूल के सामने पतरातु रेलवे स्टेशन जाने वाली पीसीसी सड़क के पास गश्ती के दौरान पतरातु थाना पुलिस संदिग्ध वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान रेलवे स्टेशन की ओर से आ रही हीरो होंडा स्प्लेंडर बाइक संख्या जेएच24के-4124 पर सवार दो



युवकों को रोककर पूछताछ की गई। तलाशी के दौरान दीपक सिंह के पास से एल्युमिनियम फॉइल में लिपटा 9.57 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुआ, जिसका कुल वजन 10.19 ग्राम पाया गया। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चेटमा हरीहरपुर निवासी अर्जुन कुमार महतो को भी गिरफ्तार किया, जिस पर मादक पदार्थ मंगवाकर बेचने का आरोप है। पुलिस ने मौके से दो एंड्रॉयड मोबाइल, 340 रुपये नकद और बाइक भी जब्त की। इस मामले में पतरातु थाना कांड संख्या 123/2026 के तहत एनडीपीएस अधिनियम की धारा 17(बी), 21(बी) एवं 27(बी) के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिरफ्तार आरोपियों में विक्की कुमार सिंह, दीपक सिंह और अर्जुन कुमार महतो शामिल हैं। तीनों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। कार्रवाई में सहायक पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राघवेंद्र शर्मा, सत्येन्द्र कुमार सिंह, शिवलाल कुमार गुप्ता, उपेन्द्र कुमार, अफजल हुसैन, अमरेन्द्र कुमार सिंह, सुजीत कुमार सिंह, प्रकाश यादव और मोकिम अंसारी शामिल रहे।

## आत्मनिर्भरता की नई उड़ान : बीएफसीएल ने 20 महिलाओं को सौंपीं सिलाई मशीनें, अब घर बैठे मिलेगा रोजगार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** स्थानीय समुदाय के विकास और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए बिहार फाउंड्री एंड कैस्टिंग्स लिमिटेड ने अपने कॉपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (उरफ) कार्यक्रम के तहत इंद्रा नगर स्थित सिलाई प्रशिक्षण केंद्र में 20 महिलाओं के बीच सिलाई मशीनों का वितरण किया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उनके लिए स्थायी रोजगार के अवसर तैयार करना रहा।




कंपनी द्वारा उपलब्ध कराई गई सिलाई मशीनों के माध्यम से महिलाएं अब स्वरोजगार शुरू कर सकेंगी। इससे न केवल उनकी आय में वृद्धि होगी, बल्कि परिवार की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं ने इस पहल को उनके जीवन में नया अवसर बताते हुए कंपनी के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान कंपनी अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में प्लांट में उपयोग होने वाले औद्योगिक दस्तानों के निर्माण कार्य से भी इन महिलाओं को जोड़ा जाएगा। इसके लिए आवश्यक कच्चा माल कंपनी उपलब्ध कराएगी, जबकि तैयार उत्पादों की खरीद भी कंपनी स्वयं करेगी। इस योजना से महिलाओं को नियमित रोजगार और अतिरिक्त आय का स्रोत मिलेगा। कंपनी प्रबंधन ने कहा कि महिला सशक्तिकरण सामाजिक और आर्थिक विकास की मजबूत नींव है। बीएफसीएल लगातार स्थानीय समुदाय और जरूरतमंद वर्गों के उत्थान के लिए कार्य करता रहा है तथा आगे भी इसी प्रकार की जनहितकारी योजनाएं संचालित करता रहेगा। इस अवसर पर राकेश गुप्ता, शुभम सिंह, सूरज प्रसाद, अदिति, ज्योति सहित स्थानीय ग्रामीण और कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का माहौल उत्साह और आत्मविश्वास से भरा नजर आया।

## संक्षिप्त खबरें

### रामगढ़ में पंचायत भवनों के कायाकल्प की तैयारी तेज, डीसी ने दिए त्वरित मरम्मत के निर्देश




**रामगढ़ :** ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में गुरुवार को उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के पंचायत भवनों की स्थिति, मरम्मती कार्यों और आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के दौरान पंचायत भवनों में पानी रिसाव, जर्जर भवन, बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत समस्याओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पंचायत भवनों में मौजूद सभी कमियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए ताकि ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ सुचारू रूप से मिल सके। उपायुक्त ऋतुराज ने कहा कि पंचायत भवन ग्रामीण प्रशासन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है। यहीं से आम लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, प्रमाण पत्रों और विकास कार्यों से जुड़ी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। ऐसे में पंचायत भवनों का व्यवस्थित और सुविधायुक्त होना बेहद जरूरी है। बैठक में सभी सहायक अभियंताओं और कनीय अभियंताओं को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए पंचायत भवनों का संयुक्त निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान भवनों में आवश्यक मरम्मती एवं विकास कार्यों का आकलन कर विस्तृत प्रस्ताव आगामी बुधवार तक जिला प्रशासन को सौंपने को कहा गया। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पंचायत भवनों में चिन्हित समस्याओं के समाधान के लिए समयबद्ध कार्ययोजना तैयार कर गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करें, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में विकासात्मक और प्रशासनिक गतिविधियों में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। बैठक में उप विकास आयुक्त, संबंधित विभागों के पदाधिकारी, सभी प्रखंडों के सहायक अभियंता, कनीय अभियंता और अन्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

### इलाज कराने आई महिला ने क्लिनिक संचालक पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**जयनगर :** कोडरमा जयनगर के पहरीडीह की एक 25 वर्षीय महिला ने जयनगर कलाली रोड स्थित दयानंद क्लिनिक के संचालक डॉ मुकेश पांडेय पर छेड़छाड़ करने तथा सलाइन में जहर देकर जान मार देने की धमकी का आरोप लगाया है। इस मामले को लेकर पहरीडीह निवासी पवन कुमार सिंह की पत्नी सपना कुमारी ने जयनगर थाना में एक आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। दर्ज मामले में सपना कुमारी ने कहा है कि बुधवार की रात्रि लगभग 9 बजे वे अपने इलाज के लिए भैंसुर का लडका अमन कुमार सिंह के साथ डॉक्टर दयानंद क्लिनिक में गई थी। इस दौरान डॉ मुकेश पांडेय ने सलाइन करने लगा। इसी दौरान उसने उसके भैंसुर के लड़के को बाहर बैठने के लिए कहा। इसी दौरान डॉ मुकेश पांडेय उसके बालों को सहलाने लगा और उसके निजी अंगों को जबरदस्ती पकड़ने लगा, जब वह चिल्लाने लगी तो उसे मुकेश पांडेय के द्वारा सलाइन में इंजेक्शन की सुई देकर जान मारने की धमकी दी गयी। उन्होंने कहा कि इस दौरान वह बिलकुल डर गई और जब डॉक्टर दूसरे कमरे में गया तो तुरंत वह अपने भैंसुर के लड़के को फोन कर वहां पर बुलाया और सारी बात बताई। इसी दौरान जब अमन ने डॉक्टर मुकेश से यह पूछा कि इस तरह की गंदी हरकत आप क्यों कर रहे हैं, तो डॉक्टर मुकेश ने अमन के साथ मारपीट करने लगा? इसी बीच डॉक्टर मुकेश पांडेय ने आस-पास के लड़कों को भी बुला लिया और सभी मिलकर उनके साथ भी मारपीट करने लगे। उन्होंने आरोप लगाया है कि इस दौरान अभिषेक राणा पिता अशोक राणा (22), मांझी राणा, पिता बबलू राणा (20), दीपक राणा पिता संतोष राणा उर्फ संटू राणा, नीरज राणा पिता राजू राणा तथा अन्य 10 लोग जिन्हें अंधेरे में वह नहीं पहचान सकी, सभी लोग मिलकर अमन सिंह को के साथ मारपीट करने लगे। उक्त महिला ने यह भी आरोप लगाया है कि जब वह अमन को बचाने लगी तो उसके साथ भी मारपीट की गई और दीपक राणा के द्वारा बांह पकड़कर धकेल दिया गया जबकि अभिषेक राणा ने गलत नीयत से उसका कमर पकड़ लिया, जिससे उसकी लज्जा पूरी तरह भंग हो गई। वहीं नीरज राणा ने अमन सिंह के जेब से 5000 रू निकाल लिए। किसी तरह वह वहां से भागी और थाना को सूचना दी। उन्होंने उक्त मामले में उचित कार्रवाई करते हुए न्याय दिलाने की मांग की है।

### सुपर ओवर में अहिंमसा क्वींस की रोमांचक जीत, सी वॉरियर्स को 3-0 से हराया



**झुमरीतिलैया :** अहिंमसा क्वींस और सी वॉरियर्स के बीच खेले गए आखिरी मैच में देखने मिला पहला सुपर ओवर जिसमें अहिंमसा क्वींस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवरों में 66 रन का स्कोर खड़ा किया और सी वॉरियर्स को 66 रन पर रोक दिया इस रोमांचक मैच के बाद सुपर ओवर फेंका गया जिसमें अहिंमसा क्वींस ने बाजी मारी। वहीं पुरुष वर्ग में हीरो एक्सट्रीम ग्लेडिएटर और अहिंमसा वॉरियर के बीच पहला सेमीफाइनल मैच खेला गया जिसमें अहिंमसा वॉरियर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 101 रन का स्कोर खड़ा किया जवाब में उतरी हीरो एक्सट्रीम ग्लेडिएटर की टीम 86 रन ही बना सकी वही दूसरा सेमीफाइनल मैं खेतान कासलीवाल कंसलटेंसी सर्विस की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 75 रन का लक्ष्य कामधेनु नेक्स्ट की टीम को दिया कामधेनु नेक्स्ट की शुरूआत काफी सधी हुई रही लेकिन केकेसीएस मास्टर के सामने पूरी टीम 58 पर ही ढेर हो गई इस तरह केकेसीएस मास्टर और अहिंमसा वारियर्स के बीच फाइनल मैच खेला जाएगा। वहीं मंच के सचिव अतुल खेतान ने कहा एमपीएल की पूरी प्रक्रिया लगभग 40 दिनों की चली। इन 40 दिनों में मंच के सभी सदस्य और सभी खिलाड़ी को स्वास्थ्य लाभ एवं मानसिक तनाव से मुक्ति मिली है इस तरह का आयोजन मंच के लिए और मंच के सभी सदस्यों के लिए एक जोश वर्धक कार्यक्रम है आगे भी इस तरह का कार्यक्रम मारवाड़ी युवा मंच झुमरी तिलैया आयोजित करेगा।

### ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में दो दिवसीय शिक्षण अधिगम सामग्री कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

**कोडरमा :** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में दो दिवसीय शिक्षण अधिगम सामग्री कार्यशाला का शुभारंभ आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मोहित कुमार तिवारी एवं सभी सहायक प्राध्यापक सह प्रशिक्षुओं द्वारा दीप प्रज्ज्वलित एवं मां सरस्वती के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ॰ मोहित तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षण कार्य में शिक्षण अधिगम सामग्री शिक्षण को रोचक, रुचि पूर्ण एवं प्रभावशाली बनाती है। शिक्षण कार्य में अध्यापक के लिए शिक्षण अधिगम सामग्री महत्वपूर्ण होती है। कार्यक्रम में महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका बिनीता कुमारी द्वारा कार्यशाला में फिल्म की प्रस्तावना शिक्षाअधिगम सामग्री की प्रस्तावना एवं विभिन्न पहलुओं पर ध्यान आकृष्ट कराया गया एवं आंतरिक गुणवता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक मनीष कुमार सिन्हा ने उक्त कार्यशाला के प्रमुख उद्देश्यों एवं उसकी विशेषताओं पर बल दिया साथ ही सहायक प्राध्यापिका डॉ पूजा कुमारी ने शिक्षण अधिगम सामग्री कार्यशाला के आवश्यकता एवं शिक्षण अधिगम कार्यक्रम में वर्तमान परिप्रेक्ष्य में महत्वों से प्रशिक्षुओं को अवगत कराया साथ ही सहायक प्राध्यापक इंद्र कुमार जायसवाल ने टी एल एम कार्यशाला के विविध सिद्धांतों एवं उसके गुण-दोषों से परिचित कराया।

## धोवारी जंगल में मिला मादा हाथी का शव

**सरिया :** सरिया थाना क्षेत्र के धोवारी जंगल में गुरुवार को एक जंगली मादा हाथी का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। हाथी के शव को देखने के लिए स्थानीय ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग और पशु चिकित्सा विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। वन विभाग और पशु चिकित्सा टीम ने जब घटनास्थल का मुआयना किया, तो प्रथम दृष्टया यह पाया कि जिस जगह पर हाथी की मौत हुई है, उसके दोनों ओर गहरी खाई जैसा स्थान है। हाथी का सूंड और सिर जंगल में पलाश के पेड़ों की जड़ों के बीच बुरी तरह फंसा हुआ था। आशंका जताई जा रही है कि गहरी खाई और पलाश की जड़ों के बीच उलझने के कारण दम घुटने या निकलने का रास्ता न मिलने से मादा हाथी की मौत हुई होगी। ग्रामीणों के मुताबिक, घटनास्थल के ठीक बगल से पावापुर-धोवारी सड़क गुजरती है। गुरुवार को जब लोग वहां से गुजर रहे थे, तो उन्हें जंगल की ओर से भारी दुर्गंध आई।

# विकास और जनता की सेवा के लिए एक नहीं, हजार बार भी उदंडता करनी पड़े तो करूंगा : विधायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में हजारीबाग जिला क्रिकेट एसोसिएशन की कार्यशैली, सदस्यता प्रक्रिया, खिलाड़ियों की उपेक्षा तथा हाल के विवादों को लेकर खुलकर अपनी बात रखी। इस दौरान उन्होंने इशारों ही इशारों में राजनीतिक विरोधियों और एचडीसीए के पदाधिकारियों पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग कहलाना तो राम चाहते हैं, लेकिन भूमिका धृतराष्ट्र की निभा रहे हैं। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि हजारीबाग के विकास, खिलाड़ियों के सम्मान और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए यदि उन्हें उदंड कहा जाता है, तो वे एक नहीं बल्कि हजार बार भी ऐसी उदंडता करने को तैयार हैं।

उन्होंने कहा कि जनता की आवाज उठाना, आत्मसम्मान की रक्षा करना और खेल व्यवस्था में पारदर्शिता की मांग करना कोई अपराध नहीं है। उन्होंने कहा कि पूरे विवाद की शुरूआत उस समय हुई जब टाटा स्टील के साथ आयोजित दोस्ताना क्रिकेट मैच में बिना उनकी सहमति के उनके नाम का उपयोग किया गया। विधायक ने कहा कि यदि उनके नाम का उपयोग किया गया था तो उन्हें इसकी सूचना क्यों नहीं दी गई और इसके पीछे मंशा क्या थी। उन्होंने कहा कि उनका सवाल केवल इतना था कि बिना जानकारी और सहमति के किसी जनप्रतिनिधि के नाम का इस्तेमाल क्यों किया गया। विधायक ने कहा कि जब उन्होंने इस विषय पर सवाल उठाया तो उनके प्रयास को अनैतिक और उद्दंड बताया गया। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा अपने आत्मसम्मान की रक्षा करने की कोशिश को गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया। विधायक ने कहा कि जब उन्होंने विरोध दर्ज कराया तो एचडीसीए के सचिव, कार्यकारी अध्यक्ष और कार्यकारिणी सदस्य स्वयं आकर अपनी गलती स्वीकार करते हैं।

लेकिन इसके तुरंत बाद सांसद द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस किया जाना कई सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि यह पूरा घटनाक्रम सामान्य नहीं प्रतीत होता। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि उनका विरोध केवल एचडीसीए सचिव की कार्यशैली को लेकर था, लेकिन सांसद स्वयं उड़ता तीर लेकर बचाव में उतर आए। उन्होंने कहा कि चेयरपर्सन होने का हवाला देकर जिस तरह से बचाव किया गया, उससे यह स्पष्ट होता है कि संगठन पर कुछ चुनिंदा लोगों का प्रभाव हावी है। उन्होंने कहा कि एचडीसीए सचिव द्वारा यह दावा किया गया कि उन्हें कार्यक्रम की सूचना दी गई थी, जबकि वास्तविकता यह है कि उन्हें संबंधित व्हाट्सएप ग्रुप में तक शामिल नहीं किया गया है। ऐसे में सूचना भेजने का दावा पूरी तरह निराधार और भ्रामक है। विधायक ने कहा कि यह केवल उनका व्यक्तिगत अपमान नहीं, बल्कि हजारीबाग की उस जनता का भी अपमान है जिसने उन्हें लोकतांत्रिक तरीके से अपना प्रतिनिधि चुनकर विधानसभा भेजा है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि हजारीबाग क्रिकेट एसोसिएशन किसी की बपौती नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि वे स्वयं एक साधारण शिक्षक के पुत्र हैं और इतना बड़ा स्टेडियम किसी व्यक्ति विशेष की निजी संपत्ति नहीं हो सकता। स्टेडियम हजारीबाग की जनता का है और उसका संचालन भी लोकतांत्रिक एवं पारदर्शी तरीके से होना चाहिए।

# उपायुक्त ने आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**डिलीशन एवं ई केवाईसी कार्य में गति लाने का दिया निर्देश**

**हजारीबाग :** उपायुक्त हेमन्त सती की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारतीय खाद्य निगम, राज्य खाद्य निगम के गोदामों, खाद्यान्नों के प्रखंडवार उठाव, डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था एवं राशन वितरण प्रणाली की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने जिले में राशन कार्ड धारकों की संख्या, अंत्योदय, हरा एवं पीला राशन कार्ड की स्थिति तथा पीडीएस के माध्यम से खाद्यान्न आपूर्ति की जानकारी ली। इस संबंध में जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि जिले में लगभग 14 लाख 58 हजार राशन कार्ड लाभुक हैं तथा वर्तमान में लगभग 200 रिक्तियां हैं, जिनमें पात्र लाभुकों/सदस्यों को जोड़े जाने की प्रक्रिया चल रही है।

उपायुक्त ने डिलीशन कार्य गंभीरता से करने का निर्देश देते हुए कहा कि अयोग्य लाभुकों का नाम हटाकर योग्य लाभुकों को लाभ से जोड़ना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि लाभुकों का ई-केवाईसी कराया जाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वास्तविक पात्र लाभुकों की पहचान सुनिश्चित हो सके तथा अपात्र लाभुकों को हटाया जा सके। बैठक में जिले के गोदामों की स्थिति की समीक्षा करते हुए बताया गया कि जिले में 2 एफसीआई एवं 14 जेएसएफसी गोदाम संचालित हैं। उपायुक्त ने सभी गोदामों का नियमित निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उन्होंने खाद्यान्नों के सुरक्षित एवं बेहतर रख-रखाव हेतु गोदामों में बिजली व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, चूहों से बचाव के लिए रसायनों का उपयोग तथा गोदामों की छतों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने गोदामों की क्षमता की जानकारी लेते हुए प्रत्येक माह गोदाम सत्यापन कराने का निर्देश दिया। साथ ही गोदामों से निकलने वाले खाद्यान्नों के आगत-निर्गत पंजी के संधारण एवं उसकी नियमित जांच करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी सप्लाई ऑफिसर सोमवार से शनिवार तक गोदामों का निरीक्षण करें, स्टॉक एवं शॉर्टेज की जांच करें तथा अभिलेखों का सत्यापन सुनिश्चित करें।

# उपायुक्त ने पुल निर्माण स्थल का लिया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरिया :** सरिया प्रखंड के केसवारी तथा बिरनी प्रखंड के दलांगी को जोड़ने वाले बहुप्रतीक्षित पुल निर्माण की दिशा में एक बड़ा और प्रशासनिक कदम उठाया गया है। निर्माण कार्य को गति देने और तकनीकी रूप से सटीक रूपरेखा तैयार करने के लिए खुद गिरिडीह उपायुक्त स्थल पर पहुंचे। पुल निर्माण स्थल के भौगोलिक हालातों का बारीकी से जायजा लेने के लिए उपायुक्त ने किसी औपचारिकता का इंतजार नहीं किया, बल्कि वे स्वयं बराकर नदी में प्रवेश कर गए। उपायुक्त के सीधे दिशा-निर्देशन में तकनीकी टीम ने पैमाइश का काम शुरू किया। नदी के बीच और दोनों किनारों पर खड़े होकर अधिकारियों ने माप ली। इस तरफ से पुल के एप्रोच रोड और पिलर की सटीक दूरी मापी गई। इस सीमा से भी तकनीकी मानकों को ध्यान में रखते हुए बारीकी से पैमाइश की गई। नदी के भीतर से ही मॉनिटरिंग करते हुए उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अभियंताओं और अंचल अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मापी में किसी भी तरह की त्रुटि बर्दाश्त नहीं की जाएगी, क्योंकि यह पुल दोनों प्रखंडों की लाइफलाइन बनने वाला है। एक्यूरेट मापी होने से भविष्य में पुल के संरेखण में कोई तकनीकी बाधा नहीं आएगी।

मौके पर जिला प्रशासन के कई वरीय अधिकारी, अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### छात्र संगठन ने गृह विज्ञान और समाजशास्त्र हटाने पर किया प्रदर्शन



**चांडिल :** आज सिंहभूम कॉलेज चांडिल में ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन कि ओर से गृह विज्ञान समाजशास्त्र विषय को हटाने तथा वाणिज्य के एक शिक्षक के पद को खत्म करने के विरोध में अधिसूचना के प्रति को जलते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया। कॉलेज कमेटी के सचिव राजा प्रमाणिक ने बताया कि सिंहभूम कॉलेज चांडिल जो की चांडिल अनुमंडल क्षेत्र का एकमात्र अंगीभूत डिग्री कॉलेज है। जहां पर काफी दूर दराज सुदूर ग्रामीण इलाकों से विद्यार्थी अध्ययन करने के लिए आते है, बहुत तकलीफ के बाद अपना पढ़ाई को जारी रख पाते है । लेकिन बड़ी दुख कि बात है कि विगत दिन जो ठएढ 2020 के तहत कलस्टर का नियम जारी किया गया है जिसमें हमारे सिंहभूम कॉलेज चांडिल से गृह विज्ञान और समाज शास्त्र विषय की पढ़ाई को हटाने का निर्देश जारी किया गया है, साथ ही वाणिज्य विषय में शिक्षक के एक पद को भी खत्म करने का फरमान जारी किए है। जबकि गृह विज्ञान के विषय में पढ़ाई करने वाले लगभग 1000 से 1500 विद्यार्थी है जो पर्याप्त है और वाणिज्य विषय में स्नातकोतर तक की पढ़ाई होता है इसके बाबजूद भी शिक्षक के एक पद को खत्म किया जा रहा है। लेकिन वहीं संथाली का काफी संख्या में विद्यार्थी होने के बावजूद भी कोई शिक्षक का पद सृजित नहीं किया गया है ।

उन्होंने बताया उपरोक्त विषय और पद को यथावत अगर नहीं रखा जाए तो छात्र संगठन आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे ।मौके पर अक्ळ्रड राज्य सचिवमंडलीय सदस्य प्रदीप कुमार यादव ने कहा कि नई राष्ट्रिय शिक्षा नीति 2020 गरीब माध्यम वर्ग के विद्यार्थियों से शिक्षा छीनने का संयंत्र है और शिक्षा का निजीकरण, व्यापारीकरण, सांप्रदायीकरण को बढ़ावा देने साजिश है साथ में अनीता , अफ़्सा परवीन, रोहित प्रमाणिक, आशा,आदि दर्जनों विद्यार्थी उपस्थित थे।

### जनगणना के लिए पटमदा प्रखंड में प्रगणकों के बीच हुआ कीट वितरण



**पटमदा :** गुरुवार को प्रखंड सभागार में अंचलाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार दास के हाथों जनगणना कार्य हेतु प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के बीच किट का वितरण किया। सभी को निर्देश दिया गया कि अपने दायित्वों को पूरी पारदर्शिता, निष्ठा एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करेंगे। जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व है, इसमें शत-प्रतिशत सटीकता सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है ।इस दौरान पटमदा अंचलाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार दास,अभय कुमार सिंह,सहित सभी प्रगणक और पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

# ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते के तहत 7 वर्षीय बच्ची को आरपीएफ ने बाल कल्याण समिति को सौंपा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरिया :** रेलवे सुरक्षा बल हजारीबाग रोड द्वारा बुधवार की देर रात लगभग 12:20 में ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत 7 वर्षीय एक बच्ची को बरामद किया गया। इस संबंध में निरीक्षक प्रभारी विश्वनाथ कुमार ने बताया कि बुधवार की रात लगभग लगभग 00:20 बजे आरपीएफ आरक्षी मनोज कुमार पाल तथा आरक्षी रामकुमार पासवान हजारीबाग रोड प्लेटफॉर्म ड्यूटी पर तैनात थे। उन्हें स्टेशन में ड्यूटी के दौरान प्लेटफॉर्म संख्या 03/04 पर सीढ़ी के पास एक नाबालिग बच्ची डरी सहमी और रोती हुई दिखाई दी। दोनों स्टाफ द्वारा बच्ची से पूछताछ करने पर बताई कि दूसरे स्टेशन पर उसकी मां पानी लेने के लिए ट्रेन से उतरी थीं और पानी लेकर नही आई। उसी स्टेशन में ही छूट गई। बाद उक्त नाबालिग बच्ची को ड्यूटी स्टाफ द्वारा रेसुब पोस्ट/हजारीबाग रोड पर लाया गया। उस बच्ची से पूछताछ करने पर अपना- नाम मुस्कान कुमारी (7) पिता मुकेश कुमार, माता ज्ञानती,ग्राम-हुसेनगंज तथा मम्मी का गाँव- चिपरैठा बताई। पश्चात उक्त नाबालिग बच्ची को रेसुब पोस्ट हजारीबाग रोड के स्टाफ प्रधान आरक्षी राकेश रंजन एवं महिला आरक्षी आरती कुमारी के द्वारा बाल कल्याण समिति, गिरीडीह को अग्रिम कार्यवाही हेतु सही सलामत सुपुर्द किया गया।

## वार्षिक उत्सव पर मनोकामनेश्वर मंदिर में भजन कीर्तन का हुआ आयोजन



**बरही :** प्रखंड परिसर स्थित मनोकामनेश्वर शिव मंदिर का 10 वा वार्षिक उत्सव पर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। मुख्य पुजारी अनुज कुमार शर्मा उर्फ छोटु शर्मा के नेतृत्व में पूजा अर्चना के बाद रात्रि में भजन कीर्तन की प्रस्तुति दी गई। एकल श्री हरि कथा सत्संग समिति के ब्यास टोली के द्वारा बेहतर भजन कीर्तन की प्रस्तुति ने सभी का मन मोहा। एकल अंचल ब्यास अजय यादव के नेतृत्व में ब्यास टोली के द्वारा एक से बढ़कर एक भजन की प्रस्तुति दी गई। भजन कीर्तन प्रस्तुति में अजय यादव, प्रेम दांगी। उमा देवी, सबिता देवी, कुंती देवी, शंकर तिवारी आदि ने अपना योगदान दिया। अंचल सचिव कृष्णा प्रजापति ,अंचल श्री हरि कथा सत्संग समिति अध्यक्ष बिपिन बिहारी पांडेय एवं सचिव कृष्णा गुप्ता ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाकर कार्यक्रम को मनमोहक बनाया। मुख्य पुजारी अनुज शर्मा ने बताया कि पिछले दस सालों से लगातार वार्षिक उत्सव मनाया जा रहा है। यह शिव मंदिर एक ऐसा मंदिर है। जहां हर मनोकामना पूरी होती है। मौके पर राजकुमार यादव, विनय सिंहा, प्रो हीरामन साव, संजय दुबे सहित कई भक्त मौजूद रहे।

# स्वामी विवेकानंद के राष्ट्रवाद पर होगी संगोष्ठी, उत्कृष्ट निबंधकार होंगे सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** संत कोलंबा महाविद्यालय के वेदांत रिसर्च सेंटर, रांची, दर्शनशास्त्र विभाग एवं मुख्य छात्रावास के संयुक्त तत्वावधान में "निबंध लेखन प्रतियोगिता सह संगोष्ठी 2026" का आयोजन 26 मई को किया जाएगा। कार्यक्रम अनमोल डेमटा हॉल में पूर्वाह्न 11 बजे से आयोजित होगा। प्रतियोगिता का विषय "स्वामी विवेकानंद का राष्ट्रवाद और वर्तमान युवा मानस" निर्धारित किया गया है।

आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को स्वामी विवेकानंद के राष्ट्रवादी विचारों, उनके आदर्शों तथा वर्तमान समय में युवा पीढ़ी की भूमिका के प्रति जागरूक करना है। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने विचार व्यक्त करने तथा वैचारिक क्षमता विकसित करने का अवसर प्राप्त होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को 800 से 1000 शब्दों में हस्तलिखित निबंध निर्धारित समय के भीतर जमा करना होगा। निबंध मौलिक, प्रमाणिक, सारगर्भित एवं विषय से संबंधित होना अनिवार्य है। निबंध जमा करने की अंतिम तिथि 23 मई निर्धारित की गई है। इच्छुक विद्यार्थी अपना निबंध दर्शनशास्त्र विभाग, संत कोलंबा महाविद्यालय में जमा कर सकते हैं। चयनित उत्कृष्ट निबंधों के लिए पुरस्कार वितरण सह संगोष्ठी का आयोजन 26 मई 2026 को किया जाएगा। कार्यक्रम में विभावि कुलपति प्रो. चन्द्र भूषण शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त कुलसचिव, डीएसडब्ल्यू सहित कई शिक्षाविद, प्राध्यापक एवं गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहेंगे। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही पांच अन्य उत्कृष्ट निबंध प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागियों को भी विशेष सम्मान प्रदान किया जाएगा।

झारखण्ड सरकार
**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा**
सर्किट हाउस सिमडेगा के पीछे, सिमडेगा, ई-मेल- simdegafisheriesdfo@gmail.com

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण**

एतद् द्वारा मत्स्य स्पान उत्पादकों/आपूर्तिकर्त्ताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में कि निदेशक मत्स्य, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 601, दिनांक- 19.05.2026 के आलोक में राज्य योजना अंतर्गत जलाशयों के छाड़नों/In Situ मे एवं निबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों को मेजर कार्प का मत्स्य स्पॉन आपूर्ति किया जाना है। इस प्रयोजानार्थ इच्छुक मत्स्य स्पान उत्पादकों/आपूर्तिकर्त्ताओं से स्पॉन आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक- 06.06.2026 के अपराहण 02:00 बजे तक जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा में स्वीकार किया जायेगा एवं उसी दिन अपराहन् 03:00 बजे तक निविदा समिति के समक्ष उप विकास आयुक्त, सिमडेगा के कार्यालय कक्ष में खोली जाएगी। निविदा आमंत्रण हेतु आवश्यक शर्तें www.simdega.nic.in एवं जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
सिमडेगा

PR 380366 Simdega (26-27)_D

सुदृढ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता
**जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त का कार्यालय, सिमडेगा**
**(निर्वाचन शाखा)**

**(Expression of interest)**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 01/बजट-10-07/2022-415 दिनांक 13.03.2026 के आलोक में उप निर्वाचन पदाधिकारी, सिमडेगा के लिए महिन्द्रा बोलेरो नियो (Mahindra Bolero NEO, White Colour) वाहन चालक सहित इच्छुक व्यक्ति/बाह्य स्त्रोत से मासिक किराये पर लिया जाना है। इच्छुक व्यक्ति/बाह्य स्त्रोत संस्था अपना तकनीकी बीड (A) एवं वित्तीय बीड (B) दो अलग-अलग लिफाफा में मुहर बंद कर तीसरे लिफाफा (C) में बंद कर निविदा दिनांक 29.05.2026 को पूर्वाहन 11:30 तक कार्यालय अवधि में जिला निर्वाचन कार्यालय, सिमडेगा में अपना निविदा विहित प्रपत्र में जमा कर सकते हैं।

उक्त निविदा को दिनांक 29.05.2026 समय 12:30 बजे अप0 में जिला निर्वाचन कार्यालय, सिमडेगा में खोला जाएगा।

नियम व शर्तें जिले के वेबसाईट simdega.nic.in एवं जिला निर्वाचन कार्यालय, सिमडेगा से प्राप्त कर सकतें हैं।

उप निर्वाचन पदाधिकारी,
सिमडेगा

PR 380364 Simdega(26-27)#D

# हरे लाल महतो ने इंटर जिला टॉपर अनामिका गोराई को किया सम्मानित, उच्च शिक्षा के लिए दी आर्थिक सहायता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरायकेला :** खरसावां जिले के नीमडीह प्रखंड अंतर्गत चालियामा गांव की इंटर कला संकाय की जिला टॉपर अनामिका गोराई को गुरुवार को "जन सेवा ही लक्ष्य" के संस्थापक एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरे लाल महतो ने सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने अनामिका को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा उसकी आगे की पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता भी प्रदान की।

अनामिका गोराई ने इंटर आर्ट्स परीक्षा में 500 में से 437 अंक प्राप्त कर जिला टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। वह शिवानंद विद्यापीठ प्लस टू उच्च विद्यालय, चालियामा की छात्रा है। उसके पिता अनिरुद्ध गोराई ग्रामीण चिकित्सक हैं, जबकि माता अंजू गोराई गृहिणी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद अनामिका ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर यह सफलता हासिल की है।

चालियामा गांव पहुंचे हरे लाल महतो ने अनामिका और उसके परिवार से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र काफी पिछड़ा माना जाता है, लेकिन यहां की बेटियां अपनी प्रतिभा और मेहनत से लगातार नई मिसाल कायम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि अनामिका की सफलता पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्त्रोत है और इससे अन्य छात्र-छात्राओं को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। हरे लाल महतो ने कहा कि आर्थिक अभाव किसी भी प्रतिभा की राह में बाधा नहीं बनना चाहिए। समाज और जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि वे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ने में सहयोग करें। उन्होंने अनामिका को उच्च शिक्षा में हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।

इस मौके पर अनामिका ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को दिया। उसने बताया कि वह आगे चलकर सिविल सेवा के क्षेत्र में जाना चाहती है और देश सेवा करना उसका सपना है। वहीं, बेटी की इस उपलब्धि और सम्मान से परिवार में खुशी का माहौल है। अनामिका के माता-पिता ने हरे लाल महतो के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इस सम्मान और सहयोग से उनकी बेटी का मनोबल और बढ़ा है। इस मौके पर आजसू पार्टी के अजय सिंह, बुलेट नाग, राजकिशोर महतो, पशुपति महतो, पूर्व मुखिया हरि पद सिंह, लक्ष्मीकांत महतो, सनत महतो आदि मौजूद थे।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, हजारीबाग**

**सर्वसाधारण के लिये सूचना**




उपर्युक्त विशय से संबंधित सदर थाना काण्ड सं0-101/2026, दि0-17.04.2026, धारा-137(2) भा0न्या0सं0 के आलोक में नाबालिग अपहृता बच्ची- प्राची कुमारी(मुन्नी) **(उम्र-2 वर्ष)** पिता-रवि पासवान, सा0-सिरसी शंकरपुर, थाना - कटकमदाग, जिला-हजारीबाग को CCTV फुटेज में एक संदिग्ध अज्ञात पुरूष द्वारा बच्ची को गोद में ले जाते दिखा है। काफी खोजबीन करने के बाद भी कुछ पता नहीं चल सका है।

1. **संदिग्ध अज्ञात पुरूष का हुलिया:-उम्र-28-30 वर्ष, रंग-साँवला, कद-05 फीट 05 इंच, चेहरा- चौखुट, हल्का दाढ़ी, बाल-काला, सपोर्ट जूता पहने हुए, क्रीम छिटदार भार्ट, ब्लू जिंस पहने हुए है।**
2. **नाबालिग अपहृता बच्ची का हुलिया:-उम्र-2वर्ष, फ्रॉक पहने हुए, रंग-गोरी।**

इस सबंध में यदि किसी प्रकार की सूचना हो तो थाना प्रभारी सदर/अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के कार्यालय के निम्नाकिंत फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

**सम्पर्क सूत्रः-**

अनु0 पु0 पदा0 सदर, हजारीबाग :- 9431706298
थाना प्रभारी सदर, हजारीबाग :- 9771131413, 9431706308

PR.NO.380443 Police(26-27):D

पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग।

## नीट... 'लीक' से लेनी होगी 'सीख'

भारत में एक बार फिर प्रतिष्ठित मेडिकल परीक्षा का पेपर लीक हो गया। अब तो पेपर लीक एकदम आम सा हो गया है। जितनी सहजता से खामियों को छुपाते हुए परीक्षा रद कर दी जाती है, उसके एवज में लाखों बच्चों के मन मस्तिष्क पर इसका क्या प्रभाव पड़ता होगा, समझने की कोशिश भी नहीं का जाती। यह अफसरशाही नहीं तो क्या है? अबकी बार नीट यूजी 2026 पेपर लीक ने फिर तमाम व्यवस्थाओं और परीक्षा तंत्र पर करारा तमाचा जड़ा है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ और जो तौर-तरीके देखने में आ रहे हैं उससे लगता है कि न ही आखिरी बार होगा। सबसे पहले बात 3 मई 2026 को भारत भर में हुई उस परीक्षा की जिसमें 22 लाख से अधिक छात्र देश-समाज के लिए कुछ करने की लालसा लिए नीट यूजी परीक्षा में शामिल हुए। उन्हें उम्मीद थी कि उनका सब कुछ बदल जाएगा। लेकिन सपने चूर-चूर हो गए। महज एक बयान जारी कर नौ दिन बाद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने मेडिकल कोर्सों में दाखिले खातिर होने वाली नीट-यूजी की परीक्षा रद कर दी। वजह बताई गई कि एजेंसी को 7 मई को एक व्हिसलब्लोअर ने जानकारी दी कि एक 'गेस पेपर' का पीडीएफ व्हाट्स ऐप पर सकुर्लेट किया गया था, जिसमें वास्तविक नीट परीक्षा जैसे ही प्रश्न थे। एनटीए के महानिदेशक ने कहा कि परीक्षा में किसी भी तरह का उल्लंघन हमारी जीरो-टॉलरेंस नीति के खिलाफ है और इससे उन 22 लाख छात्रों के भविष्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है जिन्होंने परीक्षा के लिए कड़ी मेहनत की थी। बयान के लब्बो-लुआब में नपे-तुले शब्दों से अपनी निष्पक्षता बनाए रखने के लिए जरूर पापड़ बेले गए। लेकिन अब उन लाखों बच्चों का क्या होगा जिन्हें लीक पेपर से कोई वास्ता नहीं था। पेपर अच्छा गया था। चयन तय था, लेकिन सपने एक झटके में टूट गए! क्या एनटीए को भान होगा कि बच्चों के कोमल मन मस्तिष्क पर क्या असर पड़ेगा? जब परीक्षा के पहले ही पीडीएफ बिके, सोशल मीडिया पर वायरल संदेश और सौदेबाजी की बातें हो रहीं थीं तब सारी एजेंसियों के कान में तेल पड़ा था? परीक्षा कोई भी हो, उसकी पवित्रता और निष्पक्षता का ध्यान रखने की गुरुतर जिम्मेदारी उन्हें संचालित करने वालों की होती है। भारत में कुछ पेपर लीक बहुत ही सुर्खियों, विवादों और चचाओं में रहे हैं। ऐसे कुछ मामले आज भी लोगों को भुलाए नहीं भूलते। इनमें मध्य प्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) का 2013 का मामला काफी चर्चित है। इसमें नकली परीक्षार्थी (सॉल्वर) दूसरों की जगह परीक्षा में सम्मिलित हुए। लंबी रकम देकर इस तरह नौकरियां में जाने का रास्ता भी बना था लेकिन पकड़े गए। मामले में कई आरोपितों सहित जांच एजेंसियों के लोगों की संदिग्ध मौतें भी हुईं। तब पूरा मामला तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के लिए भी गले की हड्डी बना। आरोप-प्रत्यारोपों की झड़ी लगी लेकिन सभी आरोप सिद्ध नहीं हो पाए। एक अन्य मामला कर्मचारी चयन आयोग का सामने आया। जब उच्चतम न्यायालय ने पूरी भर्ती प्रणाली को दूषित बता दिया। कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) की कम्बाइंड ग्रेजुएट लेवल (सीजीएल) 2017 परीक्षा का पेपर परीक्षा शुरू होने से पहले ही सोशल मीडिया पर लीक हो गया। सीबीआई जांच में पता चला कि कुछ परीक्षा केंद्रों के सुपरवाइजर्स ने अभ्यर्थियों को रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर के जरिए बाहरी मदद दिलवाई थी। 2022 में रेलवे भर्ती विवाद में सवा करोड़ युवाओं का सड़कों पर उबाल दिखा जिन्होंने स्क्रीनिंग टेस्ट पर आपत्ति उठाई। 2024 में यूजीसी नेट की परीक्षा दूसरे ही दिन रद कर दी गई जिसमें 9 लाख प्रतिभागियों के भविष्य पर प्रश्न चिह्न लग गया जो पीएचडी करने और प्रोफेसर बनने का सपना संजोए हुए थे। बहुचर्चित नीट-2024 में 67 छात्रों का 720 अंक ही अर्जित करना सुर्खियों में रहा। इसमें झारखंज के एक प्रधानाचार्य और उप प्रधानाचार्य ने पर्चा चुराकर लाखों में बेचा था। जिससे सभी के समान अंक आए और मामले ने तूल पकड़ा। आखिर इतनी जिम्मेदार परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक होना न केवल एनटीए बल्कि उन सारी छोटी-बड़ी उन एजेंसियों के लिए बड़ा सवाल है जिनके कंधों पर परीक्षा की निष्पक्षता, पारदर्शिता का बोझ है।

### सूडोकु नवताल- 7802

✱✱✱✱✱ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

#### सूडोकु नवताल -7801 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

# राजनीति सनातन विरोध की बजाय आममुद्दों पर केंद्रित हो

ललित गर्ग

भारतीय राजनीति के वर्तमान परिदृश्य में एक ऐसा विमर्श लगातार उभर रहा है, जिसने राजनीतिक बहस को विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक न्याय जैसे मूल प्रश्नों से हटाकर धार्मिक पहचान और आस्था के इर्द-गिर्द खड़ा कर दिया है। यह विमर्श है-सनातन समर्थन बनाम सनातन विरोध। आज देश में एक ओर सनातन संस्कृति को भारतीय जीवन का शाश्वत आधार मानने वाली शक्तियां हैं, तो दूसरी ओर कुछ राजनीतिक वक्तव्य और प्रवृत्तियां ऐसी दिखती हैं जिन्हें जनमानस सनातन विरोध के रूप में देखता है। प्रश्न यह नहीं कि किसी विचारधारा से सहमति या असहमति क्यों है, बल्कि प्रश्न यह है कि क्या राजनीति का केंद्र धर्म होना चाहिए या जनजीवन के वास्तविक मुद्दे? भारत का लोकतंत्र धर्मनिरपेक्ष संविधान पर आधारित है, जहां राज्य का कार्य किसी धर्म का पक्ष या विरोध नहीं, बल्कि सभी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना है। राजनीतिक दलों का दायित्व भी यही होना चाहिए कि वे जनता की समस्याओं, विकास और राष्ट्रीय एकता को प्राथमिकता दें। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में धार्मिक विमर्श राजनीति का बड़ा केंद्र बन गया है।

सनातन केवल एक धार्मिक शब्द नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता की सांस्कृतिक चेतना, जीवन-दर्शन और मूल्य परंपरा का प्रतीक है। "सत्यं वद, धर्मं चर", "वसुधैव कुटुम्बकम", "सर्वे भवन्तु सुखिनः" जैसे सूत्र इसी सनातन दृष्टि के अंग हैं। इसलिए जब कोई राजनीतिक वक्तव्य सनातन को लेकर अपमानजनक या आक्रामक भाषा का उपयोग करता है, तो उसका प्रभाव केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और भावनात्मक स्तर पर भी पड़ता है। तमिलनाडु में द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म की तुलना बीमारी से करने वाला वक्तव्य इसी कारण व्यापक विवाद का कारण बना। विपक्ष के अनेक दलों ने उससे दूरी बनाने का प्रयास किया, क्योंकि यह स्पष्ट था कि भारत जैसे देश में करोड़ों लोगों की आस्था को आहत करने वाला कथन राजनीतिक रूप से भी असहज स्थिति उत्पन्न करेगा। यहां यह समझना आवश्यक है कि द्रविड़ आंदोलन की अपनी ऐतिहासिक और सामाजिक पृष्ठभूमि रही है। उसका मूल संघर्ष सामाजिक विषमताओं और जातीय वर्चस्व के विरुद्ध था। लेकिन जब सामाजिक सुधार का विमर्श पूरे धर्म या संस्कृति के विरोध जैसा प्रतीत होने लगे, तब वह जनस्वीकृति खो देता है।

यह भी सत्य है कि अनेक विपक्षी दल स्वयं को सनातन विरोधी नहीं, बल्कि सामाजिक कुरीतियों, जातिवाद और भेदभाव के विरोधी बताते हैं। उनका तर्क है कि वे सामाजिक न्याय और संवैधानिक मूल्यों की बात करते हैं। यह दृष्टि लोकतंत्र में स्वीकार्य है, क्योंकि हर परंपरा में आत्मसमीक्षा और सुधार की आवश्यकता होती है। स्वयं भारतीय दर्शन में भी संवाद, बहस और आत्मचिंतन की परंपरा रही है। बुद्ध, महावीर, कबीर, नानक, दयानंद और गांधी-सभी ने समाज की विसंगतियों पर प्रश्न उठाए, लेकिन उन्होंने समाज को तोड़ने नहीं, सुधारने का मार्ग चुना। समस्या तब उत्पन्न होती है जब राजनीतिक भाषा संतुलन खो देती है। जब आलोचना सुधार की जगह अस्वीकार की भाषा बन जाती है, तब वह समाज में ध्रुवीकरण को जन्म देती है। भारत जैसे बहुलतावादी देश में यह प्रवृत्ति लोकतांत्रिक स्वास्थ्य के लिए उचित नहीं कही जा सकती।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में भारतीय राजनीति में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और हिंदुत्व का विमर्श अधिक प्रभावी होकर उभरा है। राम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, महाकाल लोक, सांस्कृतिक धरोहरों के पुनरुत्थान जैसे विषयों ने एक बड़े वर्ग में सांस्कृतिक आत्मविश्वास को मजबूत किया है। इससे भारतीय जनता पार्टी को राजनीतिक लाभ भी मिला। दूसरी ओर विपक्षी दल इस बदलते राजनीतिक मानस को समझने में कई बार असहज दिखाई दिए। कहीं उन्होंने धर्मनिरपेक्षता और आस्था के बीच संतुलन बनाने में चूक की, तो कहीं उनके कुछ नेताओं के बयान उन्हें कठिन स्थिति में ले आए। उत्तर प्रदेश से लेकर पश्चिम बंगाल तक चुनावी राजनीति में यह देखा गया कि केवल जातीय समीकरण या पारंपरिक वोट बैंक अब पर्याप्त नहीं हैं। जनता सांस्कृतिक पहचान, विकास और राष्ट्रीय विमर्श को भी महत्व देने लगी है। ऐसे में यदि कोई दल हिंदू आस्था के प्रति असंवेदनशील दिखता है, तो उसका राजनीतिक प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। लेकिन इस पूरे विमर्श का दूसरा पक्ष भी है। क्या राजनीति का उद्देश्य केवल धार्मिक पहचान के आधार पर समर्थन जुटाना होना चाहिए? क्या देश के सामने मौजूद बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, कृषि संकट, आर्थिक असमानता और सामाजिक विघटन जैसे प्रश्न पीछे छूट जाने चाहिए? यह चिंता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।

भारतीय राजनीति में पिछले कुछ वर्षों के दौरान धर्म, विशेषकर सनातन और हिंदू आस्था को लेकर कांग्रेस, सपा, बसपा, तृणमूल कांग्रेस, द्रमूक आदि विपक्षी दलों एवं उनके कुछ नेताओं द्वारा दिए गए बयानों को व्यापक जनसमुदाय ने सनातन पर आक्षेप या हिंदू भावनाओं के प्रति असंवेदनशीलता के रूप में देखा, जिसके राजनीतिक प्रभाव भी दिखाई दिए। किंतु इस विषय को केवल "हिंदू विरोध" बनाम "राजनीतिक विरोध" के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। भारत एक लोकतांत्रिक और बहुलतावादी राष्ट्र है, जहां किसी भी राजनीतिक दल को सरकार, नीतियों या नेतृत्व का विरोध करने का अधिकार है, लेकिन यदि वह विरोध आस्था, संस्कृति और बहुसंख्यक समाज की भावनाओं से टकराता हुआ प्रतीत हो, तो उसका राजनीतिक मूल्य चुकाना पड़ सकता है। यही कारण है कि कई दलों के लिए यह धारणा चुनौती बनी कि वे सत्ता-विरोध की राजनीति करते-करते सांस्कृतिक और धार्मिक संवेदनाओं से दूर हो गए हैं। भारत में सनातन केवल धार्मिक पहचान नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन, परंपरा, संस्कृति, सहिष्णुता और सभ्यता का प्रतीक माना जाता है, इसलिए उसके प्रति असावधान भाषा या नकारात्मक संकेत जनमानस में प्रतिकूल प्रतिक्रिया उत्पन्न करते रहे हैं। दूसरी ओर लोकतंत्र की स्वस्थ परंपरा यह भी अपेक्षा करती है कि राजनीतिक विमर्श व्यक्तियों, नीतियों और शासन के मुद्दों पर केंद्रित रहे, न कि धार्मिक ध्रुवीकरण पर। राजनीतिक दलों के लिए यह आवश्यक है कि वे मतभेद रखें, आलोचना करें, लेकिन भारतीय समाज की सांस्कृतिक चेतना, धार्मिक संवेदनशीलता और आस्था के सम्मान का संतुलन बनाए रखें, क्योंकि जनता अंततः उसी नेतृत्व को स्वीकार करती है जो उसकी भावनाओं, परंपराओं और राष्ट्रीय मानस को समझने का प्रयास करता है।

भारत की राजनीति को "धर्म बनाम धर्म" की लड़ाई से ऊपर उठकर "जन बनाम जनसमस्या" के विमर्श की ओर बढ़ना होगा। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि जनता मंदिर भी चाहती है और रोजगार भी, आस्था भी चाहती है और अवसर भी, संस्कृति भी चाहती है और आधुनिकता भी। केवल धार्मिक ध्रुवीकरण किसी राष्ट्र की स्थायी प्रगति का आधार नहीं बन सकता। आज आवश्यकता है कि राजनीतिक दल सनातन विरोध या हिंदू विरोध जैसे आरोप-प्रत्यारोपों की राजनीति से बाहर निकलें। यदि किसी परंपरा में सुधार की बात करनी है, तो वह सम्मानजनक भाषा और रचनात्मक दृष्टि से हो। सामाजिक न्याय का अर्थ सांस्कृतिक अस्वीकार नहीं होना चाहिए और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का अर्थ अन्य दृष्टियों का निषेध भी नहीं होना चाहिए। भारतीय सभ्यता की शक्ति उसकी विविधता और सहिष्णुता रही है। यहां शंकराचार्य भी हैं, बुद्ध भी हैं, महावीर भी हैं, कबीर भी हैं, वेद भी हैं और संविधान भी। भारत ने सदैव संवाद को संघर्ष से ऊपर रखा है। इसलिए राजनीति का भी दायित्व है कि वह समाज को जोड़ने वाली भाषा बोले। आज जब विश्व संघर्षों, सांस्कृतिक तनावों और पहचान की राजनीति से जूझ रहा है, तब भारत के पास "वसुधैव कुटुम्बकम" का संदेश है। यही सनातन का वास्तविक स्वरूप भी है-समावेश, करुणा और सहअस्तित्व।

राजनीतिक दलों को आत्ममंथन करना होगा कि वे जनता को किस दिशा में ले जाना चाहते हैं-धार्मिक टकराव की ओर या राष्ट्रीय निर्माण की ओर? यदि राजनीति केवल आस्था के विवादों में उलझी रही, तो जनजीवन के वास्तविक प्रश्न पीछे छूट जाएंगे। लेकिन यदि राजनीति संस्कृति का सम्मान करते हुए विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक समरसता को केंद्र बनाएगी, तो भारत एक संतुलित और सशक्त राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ेगा। सनातन का अर्थ शाश्वत है, और शाश्वत वही होता है जो सबको साथ लेकर चले।

# मंदिरों के साथ सामरिक, सामाजिक, आर्थिक उद्धार भी जरूरी

मुनीष त्रिपाठी

अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य दिव्य मंदिर का निर्माण लंबी न्यायिक प्रक्रिया और संघर्ष के बाद संभव हुआ। बीते 15 मई को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने भी धार में ज्ञान की अधिष्टाती देवी सरस्वती के प्राचीन मंदिर होने का निर्णय सुनाया। साथ ही हिंदुओं के सर्व अधिकार का निर्णय देकर मुस्लिम पक्ष के मजहबी अधिकारों को खारिज कर दिया। इस मंदिर का निर्माण ज्ञानी, साहित्य प्रेमी राजा भोज ने सन 1034 में करवाया था। साथ ही परिसर में एक महाविद्यालय की भी स्थापना की थी। बाद में दिल्ली सल्तनत के क्रूर हिंदू विरोधी शासक अलाउद्दीन खिलजी ने इस्लामिक वर्चस्वता के कारण इस मंदिर को ध्वंस करवा दिया। बाद में यहां परवर्ती मुस्लिम शासकों ने एक बड़ी मस्जिद का निर्माण करवा दिया ।

बीते कुछ दशकों से हिंदू, यहां वाग्देवी सरस्वती के मंदिर होने का दावा बता रहे थे। उन्हें बड़े जनआंदोलन और न्यायिक प्रक्रिया द्वारा पूजा का अधिकार बीते वर्षों में मिला था। परन्तु पूर्ण अधिकार प्राप्त नहीं था। मंदिर पक्ष के अधिवक्ता पिता पुत्र हरिशंकर जैन और विष्णु शंकर जैन है। ये दोनों अधिवक्ता, देश भर के काशी, मथुरा सहित दर्जनों हिंदुओं के प्रमुख दावों वाले विवादित धर्म स्थलों की पैरवी कर रहे है। हिंदू मान्यता के अनुसार जिन पर मुस्लिम आक्रमणकारियों द्वारा मंदिरों को तोड़कर मस्जिदों का निर्माण किया गया है। लगभग सभी की पैरवी ये पिता पुत्र अधिवक्ता ही कर रहे है। उनका कहना है कि भारत में ऐसे सैकड़ों हिंदू मंदिर थे जिन पर ताकत और सत्ता के कारण मस्जिदें बना ली गई है। उन सबकी मुक्ति वह न्यायिक प्रक्रिया द्वारा निकट भविष्य में करवाएंगे। यह सही है भारत में मंदिर आस्था के ही नहीं विद्या, संस्कार, शिक्षा, चेतना के केंद्र भी रहे है। दक्षिण भारत में चोल, पल्लव तथा विजयनगर प्राचीन साम्राज्य में तो मंदिर प्रशासन, राज्य और अर्थव्यवस्था के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते थे। इसलिए इनका पुनरुद्धार, पुनर्निर्माण आवश्यक है। परंतु उससे भी ज्यादा आवश्यकता भारतीय, राष्ट्रीय समाज की सुरक्षा व्यवस्था की है।

भारत विश्व की सबसे प्राचीन सभ्यताओं में से एक है, जहां विविध पंथिक , सांस्कृतिक और सामाजिक परंपराएं सहस्त्राब्दियों से साथ-साथ विकसित हुई हैं। हिंदू समाज ने भारतीय संस्कृति, दर्शन, साहित्य, विज्ञान, कला और राष्ट्रीय जीवन को गहराई से प्रभावित किया है। वर्तमान समय में देश में अनेक धार्मिक स्थलों, सांस्कृतिक विरासतों तथा ऐतिहासिक विवादों को लेकर न्यायिक और सामाजिक स्तर पर विमर्श चल रहा है। ऐसे समय में यह प्रश्न महत्वपूर्ण हो जाता है कि केवल मंदिरों या धार्मिक स्थलों की सुरक्षा पर्याप्त है या उससे अधिक आवश्यक एक सशक्त, शिक्षित, संगठित और आत्मविश्वासी समाज का निर्माण है। वास्तव में किसी भी सभ्यता की स्थायी सुरक्षा उसके सामाजिक आधार की मजबूती पर निर्भर करती है। अतः हिंदू समाज की सुरक्षा का प्रश्न केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, शैक्षिक, आर्थिक, वैचारिक, सामरिक और राष्ट्रीय आयामों से जुड़ा हुआ विषय है। वैश्विक कट्टर मुस्लिम जगत के लोग,पीएफआई जैसे कई संगठन भारत को दारुल हरब मानकर, दारुल इस्लाम बनाने का मंसूबा पाले हुए है जो आये दिन हिंसक, विध्वंसक वारदातें करते रहते है। भारतीय सरकार के साथ साथ, भारतीय समाज को भी चौकन्ना होकर मुकाबला करना होगा।

किसी भी समाज की शक्ति उसकी सांस्कृतिक स्मृति में निहित होती है। हिंदू समाज के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक अपनी परंपराओं, ग्रंथों, महापुरुषों और इतिहास के प्रति जागरूकता का अभाव है। यदि समाज अपनी जड़ों से कट जाता है, तो वह बाहरी वैचारिक दबावों के प्रति अधिक प्रभावित हो जाता है। इसलिए आवश्यक है कि भारतीय इतिहास को संतुलित और प्रमाणिक दृष्टि से समझा जाए। विद्यालयों, विश्वविद्यालयों तथा सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से भारतीय दर्शन, वेदांत, उपनिषद, रामायण, महाभारत, भक्ति आंदोलन, संत परंपरा और स्वतंत्रता संग्राम में हिंदू समाज के योगदान का अध्ययन बढ़ाया जाना चाहिए। सांस्कृतिक गौरव का अर्थ किसी अन्य समुदाय के प्रति विरोध नहीं, बल्कि अपनी पहचान और परंपरा के प्रति आत्मविश्वास होना चाहिए। स्वाधीनता के पहले और बाद में भी हिंदू,धार्मिक जानलेवा हमले, धर्मान्तरण, जनसंख्या असुन्तलन, अवैध घुसपैठिये जैसी समस्याओं से जूझ रहा है, जिसका तत्काल समाधान होना आवश्यक है।

आज का युग ज्ञान और सूचना का युग है। यदि कोई समशिक्षा, अनुसंधान और बौद्धिक नेतृत्व में पिछड़ जाता है तो वह दीर्घकाल में कमजोर हो जाता है। हिंदू समाज की सुरक्षा केवल भावनात्मक नारों से नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और वैचारिक स्पष्टता से सुनिश्चित होगी। उच्च शिक्षा, विज्ञान, तकनीक, प्रशासन, न्यायपालिका, मीडिया और अकादमिक जगत में अधिकाधिक उच्च संस्कारित प्रतिनिधित्व आवश्यक है। साथ ही भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधुनिक शोध को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। संस्कृत भाषा, भारतीय दर्शन, आयुर्वेद, योग और पारंपरिक ज्ञान-विज्ञान को आधुनिक संदर्भों में प्रस्तुत करना समय की आवश्यकता है। डिजिटल युग में सोशल मीडिया और इंटरनेट वैचारिक संघर्ष के प्रमुख माध्यम बन चुके हैं। इसलिए युवाओं को तथ्यपरक अध्ययन, तार्किक संवाद और संवैधानिक मूल्यों के साथ अपनी बात रखने का प्रशिक्षण भी आवश्यक है जिससे देशभक्त बौद्धिक योद्धाओं का निर्माण हो सके।

हिंदू समाज की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक उसकी आंतरिक विभाजित संरचना रही है। जातिगत भेदभाव, सामाजिक दूरी और क्षेत्रीय विभाजन ने समाज की सामूहिक शक्ति को प्रभावित किया है। यदि समाज स्वयं भीतर से विभाजित रहेगा तो बाहरी चुनौतियों का सामना करना कठिन होगा। इसलिए सामाजिक समरसता हिंदू समाज की सुरक्षा का मूल आधार होना चाहिए। संत रविदास, कबीर, नारायण गुरु, महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव आंबेडकर और अनेक सामाजिक सुधारकों ने समानता और सामाजिक न्याय पर बल दिया। मंदिर, धर्म और संस्कृति तभी सुरक्षित रहेंगे जब समाज का अंतिम व्यक्ति भी सम्मान और सहभागिता का अनुभव करेगा। तभी गैर धर्म के कट्टरपंथी,हिंदू धर्म और समुदाय पर आघात करने की हिम्मत नहीं कर सकेंगे। जाति-आधारित भेदभाव, अस्पृश्यता और सामाजिक बहिष्कार जैसी प्रवृत्तियों का पूर्ण त्याग आवश्यक है। धार्मिक आयोजनों, सामाजिक संस्थाओं और सांस्कृतिक मंचों पर समावेशी दृष्टिकोण विकसित किया जाना चाहिए।

किसी भी समाज की स्थिरता उसके आर्थिक आधार पर निर्भर करती है। आर्थिक रूप से कमजोर समाज दीर्घकाल में अपनी सांस्कृतिक संस्थाओं और शैक्षिक संरचनाओं को सुरक्षित नहीं रख सकता। इसलिए हिंदू समाज के व्यापक वर्गों में उद्यमिता, कौशल विकास और आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना आवश्यक है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था, लघु उद्योग, पारंपरिक कारीगरी, कृषि और स्टार्टअप संस्कृति को प्रोत्साहित करने से समाज की सामूहिक शक्ति बढ़ेगी। धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं को केवल अनुष्ठानों तक सीमित न रहकर शिक्षा, स्वास्थ्य, छात्रवृत्ति और रोजगार सृजन में भी योगदान देना चाहिए। दान और सेवा की भारतीय परंपरा को आधुनिक सामाजिक संस्थाओं से जोड़कर समाज के कमजोर वर्गों को आगे बढ़ाने का प्रयास होना चाहिए।

# नक्सलवाद की ढहती दीवारें और मध्यप्रदेश की रणनीतिक जीत

कृष्णमोहन झा




भारत में नक्सलवाद लंबे समय तक आंतरिक सुरक्षा के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक रहा है। जंगलों और सीमावर्ती क्षेत्रों में फैला यह लाल आतंक केवल हिंसा तक सीमित नहीं था, बल्कि उसने विकास, लोकतंत्र और जनविश्वास को भी प्रभावित किया। मध्यप्रदेश का बालाघाट क्षेत्र भी वर्षों तक इस चुनौती से जूझता रहा। लेकिन अब परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं। मध्यप्रदेश ने नक्सलवाद के खिलाफ जिस प्रभावी रणनीति और दृढ़ संकल्प के साथ अभियान चलाया है, वह आज पूरे देश के लिए एक मॉडल बनता दिखाई दे रहा है।

इस परिवर्तन के पीछे मुख्यमंत्री मोहन यादव का स्पष्ट नेतृत्व और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उनकी गंभीर सोच महत्वपूर्ण रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लगातार यह संदेश दिया कि प्रदेश में विकास और सुरक्षा साथ-साथ चलेंगे तथा नक्सलवाद जैसी चुनौती को किसी भी स्थिति में बढ़ने नहीं दिया जाएगा। उनके मार्गदर्शन में सुरक्षा एजेंसियों को बेहतर समन्वय, संसाधन और आधुनिक रणनीति के साथ कार्य करने का अवसर मिला।

इसी के साथ पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के नेतृत्व ने नक्सल विरोधी अभियान को नई दिशा दी। उन्होंने केवल ऑपरेशन आधारित दृष्टिकोण तक सीमित न रहकर इंटेलिजेंस नेटवर्क को मजबूत करने, सीमावर्ती राज्यों के साथ बेहतर तालमेल स्थापित करने और हॉक फोर्स को अत्याधुनिक प्रशिक्षण एवं संसाधनों से सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया। परिणामस्वरूप मध्यप्रदेश पुलिस ने नक्सली गतिविधियों पर लगातार प्रभावी प्रहार किए और उनके नेटवर्क को कमजोर करने में सफलता प्राप्त की। मध्यप्रदेश पुलिस की इसी उपलब्धि को राष्ट्रीय स्तर पर भी सराहा गया। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बस्तर में आयोजित "उद्घोष बस्तर" कार्यक्रम में डीजीपी कैलाश मकवाणा, वरिष्ठ अधिकारियों और हॉक फोर्स के जवानों को सम्मानित किया। यह सम्मान नक्सल उन्मूलन अभियान में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया।

पिछले दो वर्षों की उपलब्धियां बताती हैं कि नक्सलवाद अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। दिसंबर 2023 से दिसंबर 2024 के बीच सात बड़ी मुठभेड़ें हुईं, जिनमें कई इनामी नक्सली मारे गए और बड़ी मात्रा में हथियार जब्त किए गए। वर्ष 2025 में यह अभियान और अधिक प्रभावी हुआ, जब दस बड़ी मुठभेड़ों में दस माओवादी ढेर किए गए। यह किसी एक वर्ष में मारे गए माओवादियों की सर्वाधिक संख्या मानी जा रही है।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अब नक्सली संगठनों का मनोबल टूटता दिखाई दे रहा है। कई बड़े माओवादी कमांडरों ने आत्मसमर्पण किया है। यह केवल सुरक्षा बलों की सामरिक सफलता नहीं, बल्कि वैचारिक स्तर पर भी नक्सलवाद की पराजय का संकेत है।

हालांकि यह सफलता आसान नहीं थी। 1991 से लेकर अब तक नक्सलियों ने कई हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया, जिनमें अनेक पुलिसकर्मी शहीद हुए। लैंडमाइन ब्लास्ट, घात लगाकर किए गए हमले और राजनीतिक हत्याओं ने प्रदेश को लंबे समय तक प्रभावित किया। लेकिन सुरक्षा बलों के साहस और नेतृत्व की दृढ़ता ने परिस्थितियों को बदल दिया।

आज मध्यप्रदेश में नक्सलवाद लगभग समाप्ति की ओर है। जिन क्षेत्रों में कभी भय और बारूद का वातावरण था, वहां अब विकास, शिक्षा और विश्वास की नई रोशनी दिखाई दे रही है। यह उपलब्धि केवल पुलिस या सरकार की सफलता नहीं, बल्कि लोकतंत्र और जनविश्वास की विजय है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन, डीजीपी कैलाश मकवाणा के कुशल नेतृत्व और हॉक फोर्स के जवानों के अदम्य साहस ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि राजनीतिक इच्छाशक्ति, रणनीतिक सोच और जमीनी कार्रवाई एक साथ हों, तो सबसे कठिन आंतरिक चुनौती पर भी विजय प्राप्त की जा सकती है।

**(लेखक राजनैतिक विश्लेषक है)**

## दैनिक पंचांग

**22 मई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति |
|---|---|
| सूर्य | वृष में |
| चंद्र | कर्क में |
| मंगल | मेष में |
| बुध | वृष में |
| गुरु | मिथुन में |
| शुक्र | मिथुन में |
| शनि | मीन में |
| राहु | कुंभ में |
| केतु | सिंह में |

**राहुकाल** 10.30 से 12.00 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| मिथुन | 06.54 बजे से |
| कर्क | 09.07 बजे से |
| सिंह | 11.23 बजे से |
| कन्या | 13.35 बजे से |
| तुला | 15.46 बजे से |
| वृश्चिक | 18.00 ब.से |
| धनु | 20.16 बजे से |
| मकर | 22.22 बजे से |
| कुंभ | 00.08 बजे से |
| मीन | 01.41 बजे से |
| मेष | 03.11 बजे से |
| वृष | 04.51 बजे से |

**शुक्रवार** 2026 वर्ष का 142 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948 **मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल **तिथि** षष्ठी 06.25 बजे तदनन्तर सप्तमी 05.05 बजे प्रात: को समाप्त। **नक्षत्र** आश्लेषा 02.08 बजे रात्र को समाप्त। **योग** वृद्धि 08.19 बजे को समाप्त। **करण** तैतिल 06.25 बजे, गर 17.40 बजे तदनन्तर वणिज 05.05 बजे प्रात: को समाप्त।
**चन्द्रायु** 5.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 20° 21'
**सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872717
**जूलियन दिन** 2461182.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जिल्हेज **तारीख** 05
**विशेष** राजा राममोहन राय जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 | से | 07.23 | बजे तक | रोग | 05.38 | से | 07.1 | बजे तक |
| लाभ | 07.23 | से | 08.51 | बजे तक | काल | 07.11 | से | 08.43 | बजे तक |
| अमृत | 08.51 | से | 10.19 | बजे तक | लाभ | 08.43 | से | 10.15 | बजे तक |
| काल | 10.19 | से | 11.47 | बजे तक | उद्वेग | 10.15 | से | 11.47 | बजे तक |
| शुभ | 11.47 | से | 01.15 | बजे तक | शुभ | 11.47 | से | 01.19 | बजे तक |
| रोग | 01.15 | से | 02.43 | बजे तक | अमृत | 01.19 | से | 02.51 | बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 | से | 04.10 | बजे तक | चर | 02.51 | से | 04.23 | बजे तक |
| चर | 04.10 | से | 05.38 | बजे तक | रोग | 04.23 | से | 05.55 | बजे तक |

(बायां भाग: दिन का चौघड़िया; दायां भाग: रात का चौघड़िया)

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### दो पक्षों में मारपीट में चार लोग घायल

**साहिबगंज:** जिले के राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत लखीपुर गांव में गुरुवार को आपसी विवाद में दो पक्षों में हुए जमकर मारपीट में चार लोग घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार कार्तिक मंडल (55), पत्नी शकुंतला देवी (50) और पुत्र जयदेव मंडल (34) का चिंता देवी (27) के बीच किसी बात को लेकर वाद विवाद बढ़ते बढ़ते बात मारपीट तक पहुंच गया। जिसमें चारों लोग घायल हो गया। सभी घायलों को अपने-अपने परिजनों के द्वारा इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी में मौजूद डॉक्टर सादिक अंसारी के द्वारा इलाज किया गया। घटना की सूचना थाना पुलिस को दे दी गई थी।

### सड़क दुर्घटना में दो भाई घायल अस्पताल में भर्ती

**साहिबगंज:** जिले के बोरियो थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में दो भाई घायल हो गया। दोनों घायल को इलाज के लिए गुरुवार को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में चिकित्सक डॉ. मुकेश कुमार ने दोनों घायल का इलाज प्रारंभ कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बोरियो थाना क्षेत्र अंतर्गत कुडे पहाड़ निवासी कान्हू किस्कू (20) व सावना किस्कू (25) है। दोनों भाई एक बाइक में सवार होकर बाजार के तरफ जा रहा था अचानक रास्ते में बकरी आने के दौरान बाइक अनियंत्रित होकर पलट गया इस घटना में दोनों भाई घायल हो गया। बरहाल दोनों घायल का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

### अमड़ापाड़ा में 50 लाख रंगदारी मांगने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**अमड़ापाड़ा :** जिले के अमड़ापाड़ा प्रखण्ड के थाना क्षेत्र में सड़क एवं पुल निर्माण कार्य में लगे कर्मियों से रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया है। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ के दौरान घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार, 15 मई 2026 को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि 14 मई की रात बीजीआर माइनिंग कंपनी द्वारा ब्रिज नंबर-02 पर चल रहे सड़क एवं पुल निर्माण कार्य में तैनात गार्ड को दो अज्ञात व्यक्तियों ने एक पर्चा देकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी एवं टीपीसी के नाम पर 50 लाख रुपये की रंगदारी की मांग की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए कंपनी के पदाधिकारी मृण्मय मित्रा के लिखित आवेदन पर अमड़ापाड़ा थाना कांड संख्या 34/2026 के तहत मामला दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पाकुड़ अनुदीप सिंह के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महेशपुर के नेतृत्व में विशेष जांच टीम का गठन किया गया। तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### फायरिंग मामले का आरोपी गिरफ्तार

**हिरणपुर:** जिले के हिरणपुर थाना क्षेत्र में जानलेवा हमला और अवैध हथियार मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने फायरिंग की घटना में शामिल मुख्य आरोपी समेत एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से अवैध लोडेड देसी पिस्टल और गोली बरामद की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष छापेमारी दल द्वारा की गई। मिली जानकारी के अनुसार, 19 मई 2026 को गोपालपुर निवासी कपिल मंडल ने हिरणपुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि संदीप मंडल ने गाली-गलौज और मारपीट करते हुए पिस्टल दिखाकर जान मारने की नीयत से फायरिंग करने का प्रयास किया।

# बड़हरवा स्टेशन पर आरपीएफ की बड़ी कार्रवाई 10.50 लाख की अफीम जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** रेल मार्ग के माध्यम से मादक पर्दाथों की अवैध तस्करी पर रोक लगाने हेतु ऑपरेशन नारकोस के अंतर्गत चलाए जा रहे विशेष अभियान एवं सघन निगरानी के तहत, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), मालदा मंडल ने मनीष कुमार गुप्ता, मंडल रेल प्रबंधक, मालदा के मार्गदर्शन तथा आशिम कुमार कुल्लू, मंडल सुरक्षा आयुक्त, आरपीएफ, मालदा के पर्यवेक्षण में दिनांक 20 मई 2026 को बरहरवा रेलवे स्टेशन पर एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की। भारतीय रेल के माध्यम से मादक पर्दाथों की अवैध तस्करी संबंधी विशेष सूचना के आधार पर आरपीएफ/सीआईबी/मालदा एवं सीडीपीएस/मालदा की संयुक्त टीम द्वारा गाड़ी संख्या 15658 डाउन ब्रह्मपुत्र मेल के संबंध में बड़हरवा रेलवे स्टेशन पर विशेष जांच एवं निगरानी अभियान चलाया गया। ट्रेन के कोच संख्या बी-5 में यात्रियों की जांच के दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों को चिन्हित कर रोका गया।



गहन जांच के दौरान एक व्यक्ति के पास से दो पैकेटों में छिपाकर रखी गई लगभग 2.1 किलोग्राम संदिग्ध अफीम बरामद की गई। बरामद मादक पदार्थ की अनुमानित अवैध बाजार कीमत लगभग 10 लाख 50 हजार आंकी गई है। दोनों आरोपियों को बरामद मादक पदार्थ के साथ आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई हेतु जीआरपीएस/बड़हरवा को सुपुर्द कर दिया गया। यह सफल कार्रवाई ऑपरेशन नारकोस के अंतर्गत आरपीएफ, मालदा मंडल की सतत सतर्कता एवं सक्रिय प्रयासों को पुनः रेखांकित करती है, जो रेलवे परिसरों एवं ट्रेनों में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने के लिए निरंतर कार्यरत है।

## प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान, विधायक हुए शामिल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हिरणपुर :** जिले के हिरणपुर स्थित प्लस टू विद्यालय में गुरुवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें लिट्टीपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मू बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक का पारंपरिक रीति-रिवाज एवं गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। समारोह के दौरान विधायक हेमलाल मुर्मू ने मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। जिले में बेहतर प्रदर्शन कर अव्वल स्थान हासिल करने वाले 10 छात्र-छात्राओं को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर उनकी उपलब्धियों की सराहना की गई। इस मौके पर विधायक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर जोर दिया और कहा कि मेहनत एवं लगन से पढ़ाई करने वाले छात्र भविष्य में जिले और राज्य का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने सम्मानित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अन्य छात्रों को भी प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम में झामुमो जिला अध्यक्ष अजीजुल इस्लाम, जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पूर्ति, बीडीओ टुडू दिलीप, अंचलाधिकारी मनोज कुमार, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षकगण, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सहित कई जनप्रतिनिधि, नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बोरियो के जंगल से मिला चम्पई मरांडी का शव, हत्या का खुलासा, दो गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले के बोरियो थाना क्षेत्र अंतर्गत बोरियो के बरमसिया गांव के सुदूर जंगल से गुरुवार के दोपहर एक शव बोरियो पुलिस ने बरामद किया है। शव पूरी तरह से सड़ी-गली अवस्था में बरामद करने के बाद बोरियो पुलिस द्वारा कब्जे में ले लिया तथा अग्रेत्तर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। शव की पहचान बरमसिया गांव निवासी चम्पई मरांडी के रूप में हुई है। पत्नी संजी हेंब्रम के द्वारा 20 मई को बोरियो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह के समक्ष पति की गुमशुदगी का आवेदन दिया गया था। जिसके बाद बोरियो पुलिस ने छानबीन करते हुए, संदेह के आधार पर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, फिर हत्या के स्थान की शिनाख्त कर शव को बरामद कर लिया। पत्नी संजी हेंब्रम द्वारा गोतिया के बाबूजी




मरांडी, तथा गांव के मंगल टुडू वो सुखदेव मुर्मू पर हत्या की आशंका को लेकर संदेह जाहिर किया गया था। विगत 12 मई को लगभग दस बजे तीनों आरोपियों द्वारा चम्पई मरांडी को दारू पीने के बहाने घर से बुलाकर ले जाया गया था, बाद में तीनों आरोपी बिना नशे के ही घर वापस लौट गए, लेकिन चम्पई मरांडी घर नहीं लौटा। चम्पई के घर नहीं लौटने की बात परिजनों ने तीनों आरोपियों से जब पूछा तो तीनों घर से फरार हो गए।

**जमीन विवाद में हुई हत्या**

चम्पई मरांडी के परिजनों ने बताया कि वो निःसंतान थे, और विगत एक महीने पूर्व गोतिया बाबूजी मरांडी से जमीन को लेकर विवाद हुआ था। इसी जमीन विवाद को लेकर बाबूजी मरांडी ने गांव के दो अन्य लोगों से सहयोग लेकर योजनाबद्ध तरीके से उनकी हत्या कर दी।

## साहिबगंज में आईआरएडी/ईडीएआर प्रणाली पर विशेष प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** समाहरणालय स्थित एनआईसी कार्यालय, साहेबगंज में आईआरएडी/ईडीएआर प्रणाली से संबंधित एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं के मामलों में त्वरित डाटा प्रबंधन, पीड़ितों को शीघ्र मुआवजा उपलब्ध कराना तथा सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को ईडीएआर प्रणाली के माध्यम से सड़क दुर्घटना पीड़ितों को निर्धारित समय सीमा के भीतर मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही यह सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया कि सभी




सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित आंकड़ों की प्रविष्टि आईआरएडी/ईडीएआर पोर्टल पर समयबद्ध एवं शत-प्रतिशत रूप से की जाए, ताकि दुर्घटनाओं के विश्लेषण एवं त्वरित कार्रवाई में सुविधा हो सके।

प्रशिक्षण सत्र में एल्कोहल ब्रेथ एनालाइजर मशीन के माध्यम से शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की जांच की वैज्ञानिक एवं विधिसम्मत प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त हिट एंड रन मामलों के प्रभावी प्रबंधन से संबंधित दिशा-निर्देशों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई, ताकि ऐसे मामलों में पीड़ितों को शीघ्र राहत एवं न्याय सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान (नेक नागरिक) प्रावधानों पर भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसमें बताया गया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की सहायता करने वाले नागरिकों को कानून द्वारा संरक्षण एवं प्रोत्साहन प्रदान किया गया है, जिससे अधिक से अधिक लोग मानवता के नाते आगे आकर घायलों की मदद कर सकें।

## जनगणना 2027 की तैयारी तेज कोटालपोखर में मकान सूचीकरण शुरू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** भारत की आगामी जनगणना 2027 को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में कोटालपोखर बाजार क्षेत्र में मकान सूचीकरण एवं मकान गणना (एचएलओ – हाउस लिस्टिंग एंड हाउसिंग सेंसस) का कार्य युद्धस्तर पर प्रारंभ कर दिया गया है। जनगणना के प्रथम चरण के तहत क्षेत्र में घरों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं अन्य भवनों का सर्वेक्षण कर विस्तृत जानकारी संकलित की जा रही है। इस कार्य के अंतर्गत बाजार क्षेत्र संख्या 56 में सुपरवाइजर दिनेश चन्द्र मंडल के नेतृत्व में टीम द्वारा नजरी नक्शा (स्केच मैप) तैयार करने का कार्य किया जा रहा है। टीम में अकबर अली, अमित कुमार मिश्रा, अमित कुमार साह, एम डी इशाक अंसारी, मो. साजिद आलम मंसूरी एवं शंकर कुमार साह सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं। सर्वेक्षण दल द्वारा क्षेत्र के प्रत्येक मकान, दुकान, गली-मोहल्लों एवं सार्वजनिक स्थलों का चिन्हांकन कर नक्शे में अंकित किया जा रहा है, ताकि जनगणना के दौरान किसी भी घर या परिवार की जानकारी छूट न जाए। यह कार्य पूरी पारदर्शिता और सावधानी के साथ किया जा रहा है। सुपरवाइजर दिनेश चन्द्र मंडल ने बताया कि जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया में से एक है। इसके माध्यम से सरकार को जनसंख्या, आवासीय स्थिति, सामाजिक एवं आर्थिक आंकड़ों की सटीक जानकारी प्राप्त होती है, जिसके आधार पर विभिन्न विकास योजनाएं तैयार की जाती हैं।

# बकरीद को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर डीसी ने की बैठक, दिए सख्त निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दीपक कुमार दूबे की अध्यक्षता में आगामी बकरीद पर्व के अवसर पर जिले में शांति, सौहार्द एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न प्रशासनिक पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, नगर निकाय, विद्युत विभाग, पेयजल विभाग, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन विभाग, परिवहन विभाग, उत्पाद विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के



अधिकारी उपस्थित थे। बैठक का उद्देश्य बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं आपसी भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराना था। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा, अफवाह अथवा विधि-व्यवस्था संबंधी समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं संवेदनशील है तथा पर्व के दौरान नागरिकों की सुरक्षा एवं सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। बैठक में उपायुक्त ने सर्वप्रथम जिले के सभी थाना क्षेत्रों अंतर्गत नमाज अदा किए जाने वाले स्थानों की जानकारी ली। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि अनुमंडल पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहें। साथ ही सभी संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां ड्रोन कैमरा एवं सीसीटीवी कैमरा से विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि सभी संबंधित पदाधिकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शांति समिति के सदस्यों के साथ नियमित संवाद स्थापित रखें ताकि किसी भी प्रकार की गलतफहमी अथवा विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। उपायुक्त ने पुलिस प्रशासन को निर्देश देते हुए कहा कि पर्व के दौरान सभी प्रमुख चौक-चौराहों, ईदगाहों, मस्जिदों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाए। सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार गश्ती अभियान चलाने एवं संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### पाकुड़ में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन



**पाकुड़ :** भारत रत्न एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर आज जिला कांग्रेस कार्यालय, पाकुड़ में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार ने की। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित कांग्रेसजनों ने स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वक्ताओं ने देश के आधुनिकीकरण, सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति, पंचायती राज सशक्तिकरण और 18 वर्ष की आयु में युवाओं को मताधिकार देने जैसे उनके ऐतिहासिक योगदान को स्मरण किया। जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार ने कहा कि राजीव गांधी जी ने 21वीं सदी के भारत की नींव रखी। उनके विजन और बलिदान को कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता हमेशा याद रखेगा। पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेस पार्टी की ओर से सदर अस्पताल, पाकुड़ में सेवा कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। पार्टी के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में भर्ती मरीजों के बीच फल वितरण कर सेवा भाव का परिचय दिया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता, प्रखंड अध्यक्ष, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस एवं सेवादल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### लखनपुर में सहायिका चयन को लेकर आमसभा आयोजित, दो केंद्रों के लिए चयन प्रक्रिया संपन्न



**हिरणपुर :** जिले के हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत धोवाडांगा पंचायत के लखनपुर गांव में आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 1 एवं 2 के लिए सहायिका चयन को लेकर आमसभा का आयोजन किया गया। चयन प्रक्रिया निर्धारित सरकारी दिशा-निर्देशों के तहत ग्रामीणों एवं संबंधित अधिकारियों की मौजूदगी में शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। आयोजित आमसभा में लखनपुर आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 1 के लिए काजल कुमारी तथा केंद्र संख्या 2 के लिए सीमा कुमारी का सहायिका पद पर चयन किया गया। चयन प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थियों के आवेदन पत्रों एवं आवश्यक दस्तावेजों की गहन जांच की गई, जिसके उपरांत पात्रता के आधार पर चयन को अंतिम रूप दिया गया। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका, पंचायत प्रतिनिधि, वार्ड सदस्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि पूरी चयन प्रक्रिया पारदर्शिता एवं सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के अनुरूप कराई गई, ताकि योग्य अभ्यर्थियों को अवसर मिल सके। चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद ग्रामीणों ने नवचयनित सहायिकाओं को शुभकामनाएं देते हुए उनसे बेहतर कार्य एवं बच्चों के हित में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई।

### सरकारी विद्यालयों में तीन दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन



**पाकुड़ :** समग्र शिक्षा अभियान के तहत पाकुड़ जिले के सरकारी विद्यालयों में आयोजित तीन दिवसीय समर कैंप का गुरुवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। 19 मई से 21 मई 2026 तक आयोजित इस विशेष कैंप में जिले के लगभग 990 सरकारी विद्यालयों के वर्ग 1 से 12वीं तक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पुरती ने बताया कि समर कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं रचनात्मक विकास को बढ़ावा देना था। कैंप के दौरान विद्यार्थियों के लिए खेलकूद, योग, फिटनेस, रचनात्मक गतिविधियां, स्वदेशी खेल एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि पहले दिन ह्लखेल के साथ फिटनेस और सृजन के संगह्व विषय पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए योग अभ्यास, छोटी दौड़, मेढ़क दौड़, तीन टांग दौड़ एवं बैलेंस गेम का आयोजन किया गया। वहीं कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए योग, दौड़, रिले दौड़ एवं रस्सी कूद जैसी गतिविधियां कराई गईं। कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए योग अभ्यास, दौड़, पुशअप, सिटअप एवं स्किपिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके अतिरिक्त ह्लसृजन के संग बचपनह्व विषय के अंतर्गत विद्यार्थियों को मिट्टी, लकड़ी एवं कागज से खिलौने तथा झारखंडी संस्कृति से जुड़ी कलात्मक वस्तुओं के निर्माण के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही विद्यार्थियों के लिए मास पीटी, बॉल गेम, टारगेट थ्रो, कैरम, लूडो एवं शतरंज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। समर कैंप के दौरान मेरा विद्यालय एवं साफ-सफाई, पर्यावरण का खेल में महत्व, जल संरक्षण एवं स्वस्थ भारत जैसे विषयों पर भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अंतिम दिन फिटनेस, स्वदेशी खेल, प्रतिभा प्रदर्शन, अनुभव एवं प्रोत्साहन विषय के तहत विभिन्न प्रस्तुतियां एवं गतिविधियां कराई गईं।

### जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने 20 दुकानों में किया औचक निरीक्षण



**साहिबगंज:** सिविल सर्जन साहिबगंज के आदेशानुसार 21 मई 2026 को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी एवं सोशल वर्कर के द्वारा बरहरवा प्रखंड के विभिन्न दुकानों में पुलिस बल के सहयोग से कोटपा एक्ट के उल्लंघन से संबंधित छापेमारी की गई। जहां 20 दुकानों में जांच की गई, इसमें से 7 दुकानों में फाइन किया गया और 1700 अर्थदंड के रूप में वसूला गया। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत विभिन्न रेस्टोरेंट एवं दुकान, फल की दुकानों में जांच की गई एवं जिनका लाइसेंस नहीं था उनको सख़्त निर्देश दिया गया के जल्द से जल्द अपना फसाई फूड लाइसेंस बनवा ले। विभिन्न रेस्टोरेंट में जांच के क्रम में साफ-सफाई एवं वेज नॉन वेज व्यवस्था हेतु निर्देश दिए गए।

## एक नजर

### एसीपी वेदांत शंकर ने चास में लिया पदभार

**बोकारो** : झारखण्ड कैडर के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) वेदांत शंकर ने शुक्रवार को चास अनुमंडल में अपना पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने थाना प्रभारियों और पुलिस अधिकारियों के साथ पहली बैठक की। एसीपी वेदांत शंकर ने कहा कि उनकी प्राथमिकता चास क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करना, अपराध पर नियंत्रण और आम जनता की शिकायतों का त्वरित निष्पादन होगी। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था सुधार, महिला सुरक्षा और साइबर अपराध पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बैठक में उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों का जल्द निपटारा करें और बीट पुलिसिंग को और सक्रिय बनाएं। साथ ही अवैध कारोबार, नशा और असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। पदभार ग्रहण के मौके पर चास एसडीपीओ, इंस्पेक्टर और विभिन्न थानों के प्रभारी मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने नए एसीपी का स्वागत किया और उनसे क्षेत्र में बेहतर पुलिसिंग की उम्मीद जताया।

### प्रपत्र-24 में कथित गड़बड़ी: निर्वाचन आयोग ने अदालत जाने की दी सलाह

**बोकारो** : जनता मजदूर सभा के महासचिव साधु शरण गोप को राज्य चुनाव आयोग के अवर सचिव सुषमा बड़ाइक ने पत्र लिखकर मार्गदर्शन किया है कि चास नगर निगम के मेयर और उपमेयर के प्रपत्र 24 में त्रुटियों के आलोक में नामांकन रद्द करने के लिए सक्षम न्यायालय में निर्वाचन अर्जी याचिका दायर करें। पत्र में उन्होंने लिखा है कि आयोग के कार्यालय में प्राप्त शिकायत आवेदन का विषय अर्द्ध न्यायिक प्रक्रिया के तहत आता है। एत ए व झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 580 में विहित प्रावधान के अंतर्गत सक्षम न्यायालय के समक्ष अर्जी याचिका के तहत अपील किया जा सकता है। पत्र की प्राप्ति के बाद साधु शरण गोप ने मामले को सक्षम न्यायालय में याचिका दायर करने का निर्णय लिया है। बताते चलें साधु शरण गोप ने राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव को पत्र लिखकर शिकायत किया था कि चास के मेयर ओर उप मेयर ने नामांकन के दौरान निवार्ची अधिकारी को समर्पित प्रपत्र 24 में काफी त्रुटियों हैं। त्रुटियां नामांकन रद्द के योग्य है। नामांकन रद्द किया जाय । या यदि उनके द्वारा समर्पित त्रुटि भरा शपथ पत्र को नामांकन रद्द के योग्य आयोग नहीं मानता है। तो आयोग घोषणा करे कि प्रपत्र 24,शपथ पत्र की त्रुटियां नामांकन रद्द के योग्य नहीं माना जाएगा।

### बीएसएल के परियोजना विभाग में सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बोकारो** : बोकारो इस्पात संयंत्र के परियोजना विभाग में एक सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में परियोजना विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, इंजीनियर इन्चार्ज तथा ठेका श्रमिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी को सर्वप्रथम सुरक्षा प्रतिज्ञा दिलाई गई तथा सभी प्रतिभागियों को टी.बी.टी. के माध्यम से बनाए गए सुरक्षा संबंधी कार्यों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही उन्हें गर्मी से बचाव के तरीके, हाउसकीपिंग, ऊँचाई पर कार्य करने के दौरान सावधानियाँ, पी.पी.ई. के उपयोग एवं कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों के पालन के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान, सुरक्षा संबंधी पहलु तथा उनके समाधान पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने अपने उद्बोधन में श्रमिकों को सुरक्षित कार्य संस्कृति अपनाने और सुरक्षा नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने के लिए प्रेरित किया।

## दुर्गा सोरेन की पुण्यतिथि पर झामुमो ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

# युवाओं के प्रेरणास्रोत बने रहेंगे दुर्गा सोरेन : रतनलाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : झारखंड आंदोलन के अग्रणी नायक, युवाओं के प्रेरणास्त्रोत और जुझारू नेता स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की पुण्यतिथि के अवसर पर गुरुवार को बांसगोड़ा स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यालय में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने स्वर्गीय दुर्गा सोरेन के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के बोकारो जिला अध्यक्ष रतनलाल मांझी ने कहा कि दुर्गा सोरेन जी का पूरा जीवन झारखंड और यहाँ के जनमानस के लिए समर्पित था। उन्होंने कहा, दुर्गा सोरेन जी को हमारी ओर से शत-शत नमन और भावभीनी श्रद्धांजलि। राज्य के विकास में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

इस मौके पर झामुमो बोकारो महानगर अध्यक्ष मंटू यादव ने स्वर्गीय दुर्गा सोरेन जी के चित्र पर माला अर्पण करते हुए कहा कि उन्होंने शोषितों, वंचितों और आदिवासियों के अधिकारों के लिए जो संघर्ष किया, वह इतिहास के पन्नों में हमेशा स्वर्ण अक्षरों में याद रखा जाएगा।

मंटू यादव ने कहा कि दुर्गा सोरेन जी ने झारखंड राज्य निर्माण आंदोलन में अपनी संवेदनशीलता, अद्वितीय नेतृत्व और ऊजार्वान व्यक्तित्व से लाखों युवाओं के दिलों में राष्ट्र और राज्य के प्रति समर्पण की भावना जगाई थी। उनका असमय जाना राज्य के लिए एक अपूरणीय क्षति थी, लेकिन उनके विचार और झारखंड की प्रगति के लिए उनका देखा गया सपना आज भी प्रदेश के युवाओं का मार्गदर्शक बना हुआ है। झामुमो कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे स्वर्गीय दुर्गा सोरेन जी के सपनों का झारखंड बनाने के लिए निरंतर संघर्षरत रहेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य जयनारायण महतो, मोहन मुर्मू, फैयाज आलम,अमित सोरेन, आजाद अंसारी, राकेश सिन्हा, रामदयाल सिंह, प्रमोद तापड़िया, नौवीं हेंब्रम, लालमोहन हेंब्रम, प्रदीप यादव, अजीत मुर्मू, मस्तान अंसारी, सोमनाथ घोष, प्रेम राय, शांति सोरेन, सीमा देवी, सरस्वती देवी, फुल कुमारी सोरेन, सुनीता देवी, चिंता मरांडी, कुंती देवी, संजोता देवी, पार्वती देवी, प्रथम हांसदा, रामू सोरेन, सुरैया मांझी, बीरबल मुर्मू, दीपक यादव, महेश सोरेन, सलीम अंसारी,भीम सोरेन, सुनील सिंह, चंदन सिंह उपस्थित थे।

## सुरक्षित बच्चों से ही होगा देश का भविष्य सुरक्षित : थाना प्रभारी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : बच्चों की मुट्ठी में ही देश का भविष्य छिपा है। यदि हमारी भावी पीढ़ी सुरक्षित रहेगी, तभी देश का कल सुरक्षित रहेगा। आज के समय में न केवल छात्राओं को, बल्कि छात्रों को भी स्पर्श संबंधी मामलों को लेकर बेहद सजग, सतर्क और जागरूक रहने की आवश्यकता है। ये महत्वपूर्ण बातें सेक्टर-6 की थाना प्रभारी संगीता कुमारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहीं। दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), बोकारो की प्राइमरी इकाई में गुरुवार को सेक्टर-6 पुलिस की ओर से विद्यार्थियों, विशेषकर बालिकाओं के हित और सुरक्षा को केंद्र में रखकर एक अत्यंत महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बाल-सुरक्षा के इस विशेष अभियान में थाना प्रभारी संगीता कुमारी ने बच्चों को गुड टच, बैड टच के बारे में अत्यंत सरल और विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बच्चों, खासकर छोटी बच्चियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे कोशिश करें कि अकेले कहीं न जाएं और अजनबियों से हमेशा सावधान रहें। यदि कोई अनजान व्यक्ति टॉफी या किसी अन्य चीज का लालच देकर कहीं ले जाने का प्रयास करे, तो उसके साथ हरगिज न जाएं।

## लखनऊ में अधिवक्ताओं के चैंबर तोड़े जाने के विरोध में बोकारो में विरोध प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स ने लखनऊ में वकीलों के चैंबर को बर्बरता पूर्ण करवाई कर तोड़े जाने का विरोध करती है। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने बोकारो के अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि लखनऊ में अधिवक्ताओं के साथ घटित दुर्भाग्यपूर्ण घटना तथा अधिवक्ताओं के चैंबरों को तोड़े जाने की घटना के विरोध में बोकारो के तमाम अधिवक्ता विरोध प्रकट कर रहे है। बोकारो कोर्ट परिसर में बोकारो के अधिवक्ताओं ने एक स्वर से इस घटना की निंदा की है और सरकार से जल्द अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की है। बोकारो के तमाम अधिवक्ता लखनऊ के अधिवक्ताओं के समर्थन में एकजुटता प्रदर्शित कर सरकार तक यह संदेश पहुंचाया कि बोकारो समेत देश भर के अधिवक्ता लखनऊ के अधिवक्ताओं के साथ मजबूती से खड़ा है तथा इस घटना में संलिप्त दोषी व्यक्तियों एवं अधिकारियों के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए।

साथ ही यह भी मांग की जाती है कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करने हेतु अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट को अविलंब झारखंड सहित पूरे भारत में लागू किया जाए, ताकि भविष्य में अधिवक्ताओं के साथ इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

यह विरोध कार्यक्रम अधिवक्ता समाज की एकता, गरिमा एवं अधिकारों की रक्षा हेतु शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक तरीके से किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता राम लाल गोप, शंकर कुमार महतो, प्रवीण कुमार पांडेय, राजीव कुमार, संजय कुमार, अशोक कुमार श्रीवास्तव, अतुल कुमार, दीप्ति कुमारी, दीपिका सिंह,सबिता, उत्तम, राज बब्बर, वंशिका सहाय, दीप्ति सिंह, संजीत कुमार सिंह, हसनैन आलम, संपूर्ण चंद्र लायक, ज्योति प्रकाश चौधरी, फटीक चंद्र सिंह, रंजन कुमार मिश्रा, सुनील चांडक, राणा प्रताप शर्मा समेत सैकड़ों अधिवक्ता शामिल थे।

## सड़क केवल एक मार्ग नहीं, बल्कि विकास का सशक्त माध्यम है : उमाकांत रजक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : जिला के चंदनकियारी प्रखंड अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना मद से स्वीकृत दामुडीह टोला भुइयाडीह पीडब्ल्यूडी रोड से अड़ीता तक पथ निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास पूर्व मंत्री सह विधायक उमाकांत रजक द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों में उत्साह, हर्ष और खुशी का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने इस महत्वपूर्ण योजना का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक और जनहितकारी पहल बताया।

शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र एवं सर्वांगीण विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सड़क केवल एक मार्ग नहीं, बल्कि विकास का वह सशक्त माध्यम है जो गांवों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आर्थिक उन्नति से जोड़ने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र की प्रगति का आधार मजबूत आधारभूत संरचना होती है और सड़कें विकास की रीढ़ मानी जाती हैं।

उन्होंने कहा कि लंबे समय से क्षेत्र के लोगों द्वारा बेहतर सड़क सुविधा की मांग की जा रही थी, जिसे आज धरातल पर उतारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी, वहीं किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों को भी इसका प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा। विधायक ने कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना और जनहित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देना उनकी कार्यशैली का हिस्सा है।

## महिला को पिस्तौल दिखाकर धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार, गया जेल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : बोकारो पुलिस ने 19 मई की रात पिस्तौल दिखाकर अपनी तलाकशुदा पत्नी को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मनोज रजवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय, बोकारो द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है।

पुलिस के अनुसार, 19 मई की रात लगभग 11 बजे डायल 112 के माध्यम से सूचना मिली कि ग्राम तेतुलिया में मनोज रजवार अपनी पूर्व पत्नी लक्ष्मी देवी को पिस्तौल दिखाकर जान से मारने की धमकी दे रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष जांच दल का गठन कर त्वरित कार्रवाई की गई। एसआईटी टीम ने ग्राम तेतुलिया में घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की निशानदेही पर एक लोडेड देसी कट्टा और उसकी लाल रंग की मोटरसाइकिल बरामद की गई। बताया गया है कि आरोपी का निवास दुखीडीह बस्ती, थाना कतरास (कपूरिया ओपी) में है और वह कैलाश रजवार के पुत्र है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी और पीड़िता के बीच लगभग तीन वर्ष पूर्व धनबाद न्यायालय से तलाक हो चुका है। उसके बाद भी आरोपी बार-बार महिला को धमकाता था और बेटी को जबरन अपने साथ ले जाने का प्रयास करता था।

# धनबाद में कथित कोयला माफिया हमले पर आजसू ने किया प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो** : धनबाद में अवैध कोयला खनन और माफिया तन्त्र के खिलाफ लगातार आवाज बुलंद करने वाले आजसू पार्टी के कर्मठ नेताओं और कार्यकताओं पर बुधवार को लोयाबाद में कोयला माफिया द्वारा किए गए कायराना हमले और घायल वरिष्ठ नेता रजनी रवानी के खिलाफ पुलिस द्वारा दर्ज झूठे मामलों के तहत उनकी गिरफ्तारी की घटना की आजसू ने कड़ी निंदा की है। पार्टी ने इसे लोकतंत्र, जनआवाज और भ्रष्टाचार के विरुद्ध चल रहे संघर्ष पर सीधे प्रहार करार दिया है।

आजसू का आरोप है कि राज्य में फैलती माफिया–पुलिस गठजोड़ और प्रशासनिक लचरता के कारण अपराधी बेखौफ हो चले हैं और आम जनता का जीना मुश्किल हो गया है। पार्टी का कहना है कि इन हालातों में शासन–प्रशासन ने निष्क्रियता बरत कर माफिया तत्वों के हौसले बढ़ाए हैं।

पार्टी के जिला अध्यक्ष सचिन महतो ने घटना के विरोध में कहा कि आजसू हिंसा और भय की राजनीति को बर्दाश्त नहीं करेगी और यह लड़ाई सड़क से सदन तक तेज कर दी जाएगी। विरोध स्वरूप आज पूरे झारखंड के जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन तथा राज्य सरकार के पुतले दहन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज बोकारो जिला मुख्यालय पर भी पुतला दहन कर सरकार व प्रशासन की नाकामी के खिलाफ नाराजगी जताई गई।

पुतला दहन कार्यक्रम में आजसू केंद्रीय सचिव लक्ष्मण प्रताप सिंह "बच्चू सिंह", केंद्रीय सदस्य सुशेन रजवार, रितिक रजक, जिला उपाध्यक्ष नरेश महतो, जिला सचिव बंकु बिहारी सिंह के साथ-साथ दर्जनों नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे।

उपस्थित अन्य नेताओं में नरेंद्र महतो, अमर लाल महतो, रंजीत वर्णवाल, मिथिलेश महतो, बीरेन्द्र हरि, राजेश बोराल, अर्जुन महतो, राज यादव, हर्ष कुमार, प्रेम कुमार, नवीन सिंह, चित्तरंजन महतो, आयुष महतो, सचिन कुमार, गौतम पांडे, पीयूष दत्ता, रोशन पांडे व जय कुमार महतो शामिल थे।

आजसू पार्टी ने मांग उठाई है कि लोयाबाद हमले में शामिल सभी दोषियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए, हमले के पीछे पुलिस-माफिया गठजोड़ की निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा घायल नेता रजनी रवानी को रिहा किया जाए। पार्टी ने चेतावनी दी है कि जनता की आवाज को हिंसा, भय या दमन से दबाने की किसी भी कोशिश का वह लोकतांत्रिक तरीकों से कड़ा जवाब देगी।

स्थानीय नागरिकों ने भी बढ़ते अपराध और अवैध खनन के कथित प्रभावों पर चिंता व्यक्त की है। प्रशासन की ओर से अभी तक किसी आधिकारिक बयान की प्रतिलिपि नहीं मिली है। पुलिस और स्थानीय अधिकारियों ने मामले की जांच की बात कही है, पर आजसू और स्थानीय ग्रामीण दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और पारदर्शी जांच की मांग पर अड़े हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### जेडीयू अध्यक्ष खीरू महतो का बोकारो रेलवे स्टेशन पर किया गया जोरदार स्वागत



**बोकारो** : झारखंड प्रदेश जनता दल (यूनाइटेड) के प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद खीरू महतो गुरुवार को नई दिल्ली-भुवनेश्वर राजधानी ट्रेन से बोकारो पहुंचे। उनका स्वागत जिले के जिलाध्यक्ष प्रदीप महतो के नेतृत्व में बोकारो रेलवे स्टेशन पर माला पहनाकर हर्षोल्लास के साथ किया गया। स्वागत सभा में जिला उपाध्यक्ष राजा पांडेय, महासचिव विनय सिंह, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, कार्यकारिणी सदस्य कृष्णा सिंह, गणेश प्रजापति, संजय कुमार सहित बड़ी संख्या में कर्मी और पदाधिकारी उपस्थित रहे। रेलवे स्टेशन से सीधे बोकारो परिसदन के सभागार पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उन्होंने संगठन सुदृढ़ करने और आगामी रणनीति पर जोर दिया। खीरू महतो ने कहा कि प्रमंडलीय बैठकों का लगातार आयोजन किया जा रहा है ताकि पार्टी को मजबूती मिले और कार्यकताओं में नया उत्साह पैदा हो। उन्होंने कहा कि जेडीयू भ्रष्टाचार और सामाजिक सरोकार से जुड़े विषयों पर जनता को न्याय दिलाने के लिए 'आर-पार' की लड़ाई के लिए तैयार है। बैठक के पश्चात बोकारो सर्किट हाउस में आयोजित एक कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष प्रदीप महतो ने विस्थापितों के समुचित समाधान की बात उठाई। उन्होंने जैना मोड़ को अनुमंडल बनाने तथा पिंड्राजोरा को प्रखंड दर्ज कर विस्थापितों के सभी मुद्दों को प्राथमिकता देने की मांग दोहराई और प्रबंधन व प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की अपील की। झारखण्ड विस्थापित मंच के केंद्रीय अध्यक्ष व जेडीयू नेता अधिवक्ता महतो ने विस्थापितों की समस्याओं का ज्ञापन राज्यसभा सांसद व प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो को सौंपा। ज्ञापन देने वालों में रज्जाक अंसारी, रतनलाल महतो, विजय कुमार, मनोज कुमार और किशोक कुशीरे प्रमुख थे। खीरू महतो ने मामले पर पहल का आश्वासन देते हुए कहा कि वे सरकार तथा प्रशासन से बात कर सकारात्मक कदम उठाएंगे।

### हक और न्याय के लिये अब होगा आर-पार का संघर्ष : राजेंद्र सिंह



**बोकारो** : इस्पात संयंत्र के कोक-ओवन में 40 प्रतिशत ठेका मजदूरों की छँटनी, ग्रेडिंग सिस्टम के द्वारा कर्मियों की छँटनी की मंशा तथा कोक-ओवन प्रबंधन की भ्रष्टाचारी नीति के खिलाफ क्रान्तिकारी इस्पात मजदूर संघ सम्बद्ध हिन्द मजदूर सभा द्वारा मुख्य महाप्रबंधक कोक-ओवन एवं कोक केमिकल्स कार्यालय पर विशाल आक्रोश प्रदर्शन किया गया। मजदूरो की भारी संख्या जुलूस के रूप में बैट्री होते हुये मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय पहुँच कर विशाल सभा में तब्दील हो गई। हाँलाकि संघ के महामन्त्री सह-सदस्य एनजेसीएस राजेंद्र सिंह स्वास्थ लाभ हेतु मुम्बई प्रवास के कारण प्रदर्शन से अनुपस्थित थे बावजूद इसके वर्चुअल रूप से प्रदर्शन में लगातार बने रहे तथा अपने लिखित सम्बोधन द्वारा मजदूरो को सम्बोधित किया। वक्ताओ ने श्री सिंह के लिखित सम्बोधन को मजदूरो के बीच रखा। लिखित संबोधन मे श्री सिंह ने कहा कि सरकार की भ्रष्ट नीति और प्रबंधन की तानाशाही सारी सीमाएं पार कर चुकी हैं। 40 प्रतिशत ठेका मजदूरो की छँटनी तथा ग्रेडिंग के द्वारा बी एस एल कर्मियों की छँटनी की सोच इनकी मजदूर विरोधी कुंठित मानसिकता का जीता जागता उदाहरण है।प्रबंधन के शीर्ष अधिकारीगण एक बात बिल्कुल गांठ बांध लें मजदूर जब संघर्ष पर उतरता बड़े से बड़े तानाशाह को घुटने पर ला देता है। पी एस यु के गठन का उद्देश्य बेरोजगारो को नौकरी उपलब्ध कराना है ना कि नौकरी कर रहे युवाओ को बेरोजगार करना है। कोक-ओवन प्रबंधन पर बरसते हुये श्री सिंह ने अपने लिखित सम्बोधन में कहा कि विगत लगभग एक वर्ष से कोक-ओवन की स्थिति बेहद अराजक बन चुकी है। महीने भर कार्य करने के बावजूद मजदूरो को कोई वेतन सुरक्षा नहीं, वेतन कभी 20, कभी 25 तारीख तो किसी महीने गायब, निदेशक प्रभारी को सरेआम गाली देने वाले ठेका कम्पनी के सुपरवाइजर को मुख्य महाप्रबंधक अपने चेम्बर में चाय पकौड़े परोसते हैं। मेडिकल मे जान बूझकर देरी कर मजदूरो को महीनो बैठाया जा रहा है। अनस्किल्ड के वेतन और गेट-पास पर मजदूरो से जबरन स्किल्ड का काम कराया जा रहा है। सुरक्षा तो मानो नगण्य है पी पी ई तो दूर की बात हानिकारक गैस के शिकायत के बावजूद मजदूरो को धमका कर काम कराया जा रहा है। अब बहुत हुआ मजदूर याचना कर-कर के थक चुके हैं आज इस विशाल प्रदर्शन से मजदूर अपने हक और न्याय के संघर्ष का आह्वान करते हैं।आज के बाद अगर स्थिति और व्यवहार मे सुधार नहीं हुआ तो मजदूर कभी भी किसी भी दिन कोक-ओवन का धुआँ करने को मजबूर होंगें तथा मजदूरो के संघर्ष से उत्पन्न तमाम औद्योगिक अशान्ति की जवाबदेही कोक-ओवन प्रबंधन की होगी। प्रदर्शन को सफल बनाने मे जुम्मन खान, संतोष कुमार, हरेराम सिंह, आनन्द कुमार, नितेश कुमार, टुनटुन सिंह, अभय शर्मा, अमित यादव, राजेश तिवारी, उज्जवल कुमार, सिराज अहमद, पाण्डव बाऊरी, अनिल कुमार, दिगम्बर कुमार, लाल बाबु सिंह, बासुदेव कुम्भकार आदि की मुख्य भुमिका रही।

### रेलवे यार्ड में गांजा तस्करी करते दो तस्कर गिरफ्तार

**धनबाद** : पुलिस और आरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई में रेलवे यार्ड से गांजा तस्करी के बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है। धनसार थाना क्षेत्र के काठपुल बरमसिया स्थित रेलवे यार्ड में खड़ी गंगा-सतलज ट्रेन के जरिए अवैध गांजा बाहर भेजे जाने की गुप्त सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों के पास से करीब पांच किलो गांजा और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। वहीं एक आरोपित मौके से फरार होने में सफल रहा। इस संबंध में गुरुवार को धनबाद के सिटी एमपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते बुधवार की रात को पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ युवक बाइक से गांजा लेकर रेलवे यार्ड पहुंचे हैं और गंगा सतलज ट्रेन के माध्यम से उसकी तस्करी की जा रही है। सूचना मिलते ही धनसार थाना की गश्ती टीम और आरपीएफ ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए काठपुल रेलवे यार्ड के पास घेराबंदी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने देखा कि एक युवक बाइक से उतरकर दूसरे युवक को बैग दे रहा था। इसी दौरान पुलिस को देखकर बाइक पर बैठा एक आरोपित मौके से फरार हो गया, जबकि बाकी दो युवकों को पुलिस ने दबोच लिया। तलाशी लेने पर बैग से पांच अलग-अलग प्लास्टिक पैकेट में रखा करीब पांच किलो गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मुकेश राम (37) और जामताड़ा के राहुल कुमार मोदी (25) के रूप में हुई है। पूछताछ में राहुल मोदी ने पुलिस को बताया कि वह रेलवे में अटेंडेंट का काम करता है और इसी का फायदा उठाकर ट्रेन के जरिए गांजा तस्करी करता था। उसने यह भी स्वीकार किया कि वह पहले से इस अवैध कारोबार में शामिल रहा है।

## संक्षिप्त डायरी

### बक्सर में अवैध खनन के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई , छापेमारी में जेसीबी समेत तीन वाहन जब्त

**पटना (एजेंसी)** बक्सर के सोहनीपट्टी स्थित सिगरही पोखरा में अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ टाउन थाना पुलिस ने छापेमारी कर एक जेसीबी और दो ट्रैक्टर जब्त किए हैं. मामले में पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है. (ओंकार नाथ मिश्र) बक्सर शहर के सोहनीपट्टी स्थित प्राचीन सिगरही पोखरा में अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ टाउन थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. पुलिस ने छापेमारी के दौरान मौके से एक जेसीबी मशीन और दो ट्रैक्टरों को जब्त किया है. कार्रवाई के दौरान पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। इस कार्रवाई से इलाके में खनन माफियाओं के बीच हड़कंप मच गया है. गुप्त सूचना पर हुई कार्रवाई मामले की जानकारी देते हुए टाउन थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस मुख्यालय से सिगरही पोखरा में अवैध खनन की गुप्त सूचना मिली थी. सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और छापेमारी शुरू कर दी. अचानक हुई पुलिस कार्रवाई से वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया. हालांकि पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए खनन में प्रयुक्त जेसीबी मशीन और दो ट्रैक्टरों को जब्त कर लिया. हिरासत में लिए गए लोगों का दावा पुलिस हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ कर रही है. पूछताछ के दौरान आरोपियों ने दावा किया कि वे अवैध खनन नहीं कर रहे थे, बल्कि नगर परिषद द्वारा जारी वर्क ऑर्डर के तहत वहां कार्य कर रहे थे. इस दावे के बाद मामले ने नया मोड़ ले लिया है. नगर परिषद के दस्तावेजों की जांच हिरासत में लिए गए लोगों के बयान के बाद पुलिस अब नगर परिषद से संपर्क कर दस्तावेजों और कथित वर्क ऑर्डर की सत्यता की जांच कर रही है. टाउन थानाध्यक्ष ने कहा कि यदि जांच में वैध अनुमति पाई जाती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी, लेकिन यदि वर्क ऑर्डर की आड़ में अवैध खनन का मामला सामने आया तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी. प्रशासन की कार्रवाई से मचा हड़कंप पुलिस की इस कार्रवाई के बाद अवैध खनन से जुड़े लोगों में हड़कंप की स्थिति है. प्रशासन द्वारा पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और आगे भी अवैध खनन के खिलाफ अभियान जारी रखने की बात कही गई है.

### गया में 5वीं कक्षा तक स्कूल बंद, भीषण गर्मी के बीच डीएम का आदेश

**पटना (एजेंसी)** जिले में लगातार बढ़ रही गर्मी और तपती धूप को देखते हुए जिलाधिकारी ने पांचवीं कक्षा तक के स्कूलों को बंद रखने का निर्देश दिया है. आदेश के बाद अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन को राहत मिली है. भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए गया जिले में प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है. जिलाधिकारी ने पांचवीं कक्षा तक के सभी स्कूलों को बंद रखने का आदेश जारी किया है. भीषण गर्मी के कारण लिया गया फैसला लगातार पड़ रही तेज गर्मी और लू के खतरे को देखते हुए बच्चों की सेहत पर संकट बढ़ गया है. प्रशासन का मानना है कि छोटे बच्चों को भीषण गर्मी से बचाने के लिए यह कदम जरूरी हो गया था. 25 मई तक लागू रहेगा आदेश दरअसल, भीषण गर्मी को देखते हुए डीएम शशांक शुभंकर ने पांचवीं कक्षा तक के सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों समेत अन्य शैक्षणिक संस्थानों में शैक्षणिक कार्य बंद करने का आदेश जारी किया है. जिलाधिकारी शशांक शुभंकर द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह निर्देश 21 मई से 25 मई तक प्रभावी रहेगा. इस दौरान पांचवीं कक्षा तक के सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूल पूरी तरह बंद रहेंगे. छठी से 12वीं तक के स्कूलों का समय बदला डीएम के आदेश के मुताबिक छठी से 12वीं कक्षा तक के स्कूलों में शैक्षणिक कार्य केवल सुबह 11 बजे तक ही संचालित किए जाएंगे. इसके बाद सभी कक्षाएं बंद कर दी जाएंगी. प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार जिले में लगातार बढ़ते तापमान और गर्म हवाओं को देखते हुए बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है. दोपहर के समय तेज धूप और लू के कारण बच्चों के बीमार होने की आशंका बढ़ गई थी.

### 42 डिग्री की तपिश से जनजीवन प्रभावित, लोग घरों में कैद होने को मजबूर

**पटना (एजेंसी)** आरा और भोजपुर जिले में उमस भरी गर्मी ने लोगों का जनजीवन प्रभावित कर दिया है. अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अस्पतालों में गर्मी से जुड़ी बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ रही है. :(नरेन्द्र प्रसाद सिंह) भोजपुर जिले में इन दिनों उमस भरी गर्मी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है. शनिवार को तेज धूप और उमस के कारण सुबह से ही लोगों को घरों से निकलना मुश्किल हो गया। सुबह 7 बजे के बाद ही सड़कों पर सन्नाटा जैसा माहौल देखने को मिला. दिनभर तेज धूप और उमस के कारण लोग छांव की तलाश करते नजर आए. कार्यालयों और कार्यस्थलों पर भी कामकाज प्रभावित हुआ, क्योंकि लगातार पसीना आने से सामान्य काम करना मुश्किल हो गया. तापमान 42 डिग्री, स्वास्थ्य पर असर मौसम विभाग के अनुसार जिले का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहा. लगातार उमस और गर्मी के कारण लोगों की परेशानी और बढ़ गई है. अस्पतालों में बुखार, गले में दर्द, सिर दर्द, खुजली और बेचैनी के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी देखी जा रही है. डॉक्टरों के अनुसार गर्मी का असर हर आयु वर्ग के लोगों पर पड़ रहा है, लेकिन सबसे अधिक परेशानी बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को हो रही है. पूर्वा हवा और उमस से बढ़ी बेचैनी पूर्वा हवा के कारण वातावरण में नमी बढ़ गई है, जिससे शरीर से लगातार पसीना निकल रहा है. कई लोगों को कपड़े तक भीग जाने की समस्या का सामना करना पड़ रहा है. कार्यालयों में भी कर्मचारियों को काम करने में दिक्कत हो रही है, क्योंकि लगातार पसीना आने से फाइलों और कागजात पर काम करना मुश्किल हो रहा है. मीण क्षेत्रों में भी हालात ग्रामीण इलाकों में लोग गर्मी से राहत पाने के लिए पेड़ों की छांव का सहारा ले रहे हैं. कई लोग दिन के समय घरों से बाहर निकलने से परहेज कर रहे हैं. लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से उमस भरी गर्मी ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है. इस दौरान लोग सत्तू का शर्बत, नींबू पानी और बेल का शर्बत पीकर राहत पाने की कोशिश कर रहे हैं.

### बिहार में 9 अधिकारियों की टीम करेगी राजस्व मामलों का निपटारा, मॉनिटरिंग सेल गठित

**पटना (एजेंसी)** बिहार में राजस्व मामलों के निपटारे के लिए 9 अधिकारियों की टीम बनाई गई है. मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल के निर्देश पर राजस्व विभाग में मॉनिटरिंग सेल गठित की गई है. ये अधिकारी शिकायतों का जल्द निपटारा करेंगे. : बिहार में राजस्व से जुड़े मामलों का निपटारा जल्द ही कर लिया जाएगा. राजस्व मामलों को लेकर आम नागरिकों की शिकायतों के जल्द और प्रभावी समाधान के लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने नौ अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है. साथ ही जन शिकायत पोर्टल की मॉनिटरिंग व्यवस्था को मजबूत किया है. इन 9 अधिकारियों को दी गई जिम्मेदारी राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल के निर्देश पर विभाग में नया मॉनिटरिंग सेल गठित किया गया है. जानकारी के मुताबिक, राजस्व सेवा के अधिकारी कमल नयन कश्यप, संतोष कुमार चौधरी, मो. एजाज आलम, सक्षम सिंह, धीरज कुमार, विजय कुमार राय, पंकज कुमार झा, मनोज कुमार गुप्ता और अनुजा सिन्हा को मॉनिटरिंग सेल की जिम्मेदारी दी गई है.

# गया जी के समग्र विकास को लेकर मुख्यमंत्री से मिले विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार



**पटना (एजेंसी)** बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने आज बिहार के माननीय मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से शिष्टाचार मुलाकात कर गया जी जिले की विभिन्न महत्वपूर्ण विकास योजनाओं एवं आधारभूत संरचना परियोजनाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। मुलाकात के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने गया जी में बढ़ते यातायात दबाव को कम करने एवं आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण फ्लाईओवर एवं आरओबी निर्माण परियोजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने कुजापी, धनिया बगीचा, डेल्हाझ्स्टेशन गुमटी नंबर-1 होते हुए बाटा मोड़ टेकारी रोड तक फ्लाईओवर एवं आरओबी निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया। इसके अतिरिक्त फल्गु नदी किनारे बोधगया से विष्णुपद होते हुए रामशिला मोड़ तक फ्लाईओवर निर्माण, अनुग्रह नारायण मेडिकल कॉलेज से गया कॉलेज, गांधी मैदान होते हुए रेलवे स्टेशन तक फ्लाईओवर निर्माण तथा गयाजीझबोधगया एयरपोर्ट से कृषि उत्पादन बाजार समिति तक फ्लाईओवर निर्माण के प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई। अध्यक्ष ने गया जी की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन महत्ता को ध्यान में रखते हुए विष्णुपद मंदिर कॉरिडोर के निर्माण कार्य में तेजी लाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस कॉरिडोर को काशी विश्वनाथ एवं महाकाल कॉरिडोर की तर्ज पर विकसित किया जाना चाहिए, जिससे देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। साथ ही बोधगया कॉरिडोर निर्माण कार्य को शीघ्र गति देने पर भी चर्चा हुई। बैठक में गया जी अंतर्गत प्रस्तावित मगध टाउनशिप परियोजना को शीघ्र प्रारंभ करने, बोधगया मठ परिसर में पटना म्यूजियम की तर्ज पर आधुनिक लाइट एंड साउंड शो सहित संग्रहालय निर्माण तथा गया जी जिले में औद्योगिक कॉरिडोर विकसित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। माननीय मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि गया जी जिले से संबंधित इन सभी विकास योजनाओं पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, ताकि क्षेत्र के विकास को नई गति मिल सके। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

## बिहार स्टेट गेम 27 सितंबर से 3 अक्टूबर तक पटना में, एथलेटिक्स

**पटना (एजेंसी)** बिहार के खिलाड़ियों के लिए खुशखबरी. राज्य खेल का आयोजन इस वर्ष 27 सितंबर से 3 अक्तूबर तक राजधानी पटना में होगा. (धर्मनाथ) बिहार के खिलाड़ियों के लिए खुशखबरी. राज्य खेल का आयोजन इस वर्ष 27 सितंबर से 3 अक्तूबर तक राजधानी पटना में होगा. इसका आयोजन बिहार ओलिंपिक संघ के द्वारा किया जायेगा. इसके लिए तैयारियां चल रही हैं. बिहार ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि राज्य खेल बिहार का सबसे बड़ा खेल आयोजन है. यह आयोजन राज्य के खेल इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय सिद्ध होगा. पहली बार आयोजित होगा राज्य खेल, पटना बनेगा केंद्र बिहार ओलिंपिक संघ इतिहास में पहली बार राज्य खेल का आयोजन होगा. अजय कुमार ने बताया कि इसमें 24 खेल को शामिल किया गया है. उन्होंने बताया कि लगभग 5500 खिलाड़ी, 500 ऑफिशियल और 750 वॉलेंटियर हिस्सा लेंगे. उन्होंने बताया कि आयोजन को भव्य बनाने की योजना पर काम किया जा रहा है. बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रण शंकरण राज्य खेल के आयोजन से नेशनल गेम्स में बिहार के खिलाड़ियों को फायदा मिलेगा. बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रण शंकरण ने बताया कि अगले साल फरवरी-मार्च में मेघालय में नेशनल गेम्स का आयोजन होना है.इसी को ध्यान रखते हुए राज्य खेल का आयोजन किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि नेशनल गेम्स से दो-तीन महीना पहले राज्य खेल का आयोजन करने की योजना बनी है. इससे राज्य खेल में चयनित खिलाड़ियों नेशनल गेम्स के लिए तैयार करने में मदद मिलेगी. उनके लिए विशेष ट्रेनिंग कैंप लगाया जायेगा ताकि हमारे खिलाड़ी नेशनल गेम्स में ज्यादा से ज्यादा पदक जीत सकें. प्रतिभाओं की होगी पहचान बिहार ओलिंपिक संघ के अध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि राज्य खेल हमारे खिलाड़ियों को बड़ा मंच प्रदान करेगा. इस आयोजन में खेल प्रतिभाओं को पहचाना जायेगा. राज्य के ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों को बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जायेगा. आने वाले समय में यही खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत कर राज्य का नाम रोशन करेंगे.

## मुख्यमंत्री सचिवालय के पास भिड़ीं दो तेज रफ्तार कारें, मची अफरा-तफरी

**पटना (एजेंसी)** पटना के सचिवालय थाना क्षेत्र में मुख्यमंत्री सचिवालय कार्यालय के पास गुरुवार दोपहर दो कारों के बीच जोरदार टक्कर हो गई. हादसे में दोनों वाहनों को नुकसान पहुंचा, जबकि सवार लोग बाल-बाल बच गए. कुछ लोगों को हल्की चोटें आई हैं. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वाहनों को हटाया और मामले की जांच शुरू कर दी है. : (नितिश) पटना के सचिवालय थाना क्षेत्र अंतर्गत मुख्यमंत्री सचिवालय कार्यालय के समीप गुरुवार दोपहर करीब एक बजे दो कारों के बीच जोरदार टक्कर हो गई. हादसे में दोनों वाहनों पर सवार लोग बाल-बाल बच गए. हालांकि, कुछ लोगों को हल्की चोटें आई हैं. तेज रफ्तार के कारण हुआ हादसा, दोनों गाड़ियों को हुआ नुकसान प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने दूसरी कार को पीछे से टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों के हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए. बताया जा रहा है कि हादसे कार शामिल थीं. दुर्घटना में एक कार का पिछला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि दूसरी कार के अगले हिस्से को नुकसान पहुंचा. हादसे के दौरान एक वाहन का चक्का भी बाहर निकल गया. मौके पर जुटी लोगों की भीड़, पुलिस ने वाहनों को किया जब्त घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई. सूचना मिलते ही पुलिस और यातायात पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी. ट्रैफिक पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है. फिलहाल हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है.

## बिहार के इन 7 जिलों से गुजरेगी भारत-नेपाल बॉर्डर रोड, यूपी और बंगाल जाना होगा आसान



**पटना (एजेंसी)** भारत-नेपाल बॉर्डर रोड का निर्माण जून तक पूरा हो जाएगा. 554 किमी लंबी यह सड़क बिहार के 7 सीमावर्ती जिलों से होकर गुजर रही है, जिससे लोगों का सफर आसान होगा और सीमा सुरक्षा भी मजबूत होगी. भारत-नेपाल सीमा के पास बन रही बड़ी सड़क परियोजना अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है. सरकार ने जानकारी दी है कि भारत-नेपाल बॉर्डर रोड का निर्माण अगले महीने जून तक पूरा कर लिया जाएगा. इस सड़क के बनने से बिहार के सीमावर्ती इलाकों में लोगों का सफर आसान होगा, वहीं सीमा सुरक्षा भी पहले से ज्यादा मजबूत होगी. 554 किलोमीटर लंबी सड़क लगभग तैयार भारत-नेपाल बॉर्डर रोड की कुल लंबाई 554 किलोमीटर है. इसमें से 538 किलोमीटर सड़क का निर्माण पूरा हो चुका है. अब केवल 16 किलोमीटर हिस्से पर काम बाकी है, जिसे तेजी से पूरा किया जा रहा है. यह सड़क बिहार के सात जिलों- पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज से होकर गुजर रही है. पूर्वी चंपारण और किशनगंज में बाकी है काम अधिकारियों के मुताबिक, पूर्वी चंपारण में 11 किलोमीटर और किशनगंज में 5 किलोमीटर सड़क का निर्माण अभी बाकी है. उम्मीद है कि जून तक पूरा प्रोजेक्ट तैयार हो जाएगा. सड़क निर्माण पर हजारों करोड़ खर्च इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर केंद्र और राज्य सरकार ने बड़ी राशि खर्च की है. भारत सरकार ने करीब 4000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं. बिहार सरकार ने भूमि अधिग्रहण सहित 2800 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च किए हैं. भूमि अधिग्रहण का पूरा खर्च बिहार सरकार ने उठाया है. तीन राज्यों को मिलेगा सीधा फायदा यह सड़क सिर्फ बिहार ही नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल को भी जोड़ती है. इससे तीनों राज्यों के बीच आवागमन आसान होगा और सीमावर्ती इलाकों में व्यापार और यातायात को भी फायदा मिलेगा. सीमा सुरक्षा के लिए भी बेहद खास अधिकारियों का कहना है कि अच्छी सड़क बनने से सीमा की निगरानी मजबूत होगी. सुरक्षा बलों को गश्त करने में आसानी होगी और किसी भी आपात स्थिति में तेजी से कार्रवाई की जा सकेगी. यह सड़क सात मीटर चौड़ी बनाई जा रही है. भारत-नेपाल सीमा की कुल लंबाई करीब 650 किलोमीटर है, जिसमें से 554 किलोमीटर हिस्सा इस परियोजना के तहत तैयार किया जा रहा है. बाकी हिस्सा पहले से राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में मौजूद है. विक्रमशिला सेतु पर बेली ब्रिज से शुरू होगा सीमित आवागमन इधर भागलपुर के विक्रमशिला सेतु को लेकर भी बड़ी अपडेट सामने आई है. पथ निर्माण विभाग ने कहा है

## बिहार के 5 जिलों में रेड अलर्ट, 45 पार पहुंचेगा तापमान, इन जगहों पर आंधी-बारिश की चेतावनी



**पटना (एजेंसी)** बिहार के 5 जिलों में आज रेड अलर्ट जारी किया गया है. मौसम विभाग की माने तो, आज कई जिलों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार जा सकता है. दूसरी तरफ मौसम विभाग ने कई जगहों पर आंधी-बारिश की चेतावनी भी जारी की है. बिहार में मौसम विभाग की ओर से डबल अलर्ट जारी किया गया है. कई जिलों में फिलहाल लू जैसी स्थिति बनी हुई है जबकि कुछ जिलों में हल्की आंधी-बारिश की चेतावनी भी जारी की गई है. इस तरह से आज मौसम का दोहरा मिजाज देखने के लिए मिल सकता है. इन जिलों में हीट वेव का रेड अलर्ट मौसम विभाग की ओर से जिन जिलों में हीट वेव को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है, उनमें भोजपुर, बक्सर, कैमूर, रोहतास और औरंगाबाद शामिल है. ऐसी संभावना को देखते हुए लोगों से सावधान रहने की अपील की गई है. साथ ही दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच घर से नहीं निकलने की सलाह दी है. संभावना जताई जा रही है कि कुछ जिलों में आज तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार जा सकता है. विभाग की माने तो, लखीसराय, सहरसा, मधेपुरा, खगड़िया, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, वैशाली, समस्तीपुर, जमुई, कटिहार, पूर्णिया, अररिया, किशनगंज, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, बेगूसराय, शेखपुरा, मुंगेर, भागलपुर, बांका, सुपौल, पटना, जहानाबाद, गया, नालंदा और नवादा में हल्की बारिश के साथ ठनका गिरने की संभावना है. अगले दो दिनों तक कैसा रहेगा मौसम? आईएमडी ने संभावना जताई है कि बिहार में अगले दो दिनों के दौरान गर्मी और अधिक बढ़ सकती है. मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, रात-दिन के तापमान में बढ़ोतरी होने से लोगों को और अधिक गर्मी महसूस होगी. दिन में गर्म हवा के साथ अधिकांश जिलों में हीट वेव की भी संभावना है. पटना, अरवल, गयाजी, जहानाबाद, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर सहित अन्य जिलों में दिन का तापमान बढ़ेगी. जबकि गोपालगंज, भभुआ और रोहतास में हीट वेब और अररिया, किशनगंज और पूर्णिया में बादल गरजने और हल्की बारिश होने की संभावना है.

## उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह के साथ 25 मई को होगा उद्यमियों का संवाद, सौ से अधिक उद्यमी होंगे शामिल



**पटना (एजेंसी)** बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (BIA) द्वारा राज्य के औद्योगिक विकास और उद्यमियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी. (सुबोध कुमार नंदन) बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (BIA) द्वारा राज्य के औद्योगिक विकास और उद्यमियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी. एसोसिएशन के अध्यक्ष राम लाल खेतान ने बताया कि राज्य की नवनियुक्त उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह के साथ 25 मई को होने वाले महत्वपूर्ण संवाद कार्यक्रम को लेकर 20 मई की शाम बीआइए सभागार में एक विचार-विमर्श बैठक आयोजित की गई. उद्योग मंत्री के साथ संवाद को बताया सकारात्मक संकेत रामलाल खेतान ने कहा कि राज्य की उद्योग मंत्री द्वारा उद्यमियों और औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद के लिए समय निर्धारित किया जाना उद्योग जगत के लिए एक सकारात्मक पहल है. उन्होंने बताया कि इस बैठक में औद्योगिक विकास, निवेश प्रोत्साहन, आधारभूत संरचना, भूमि आवंटन, बिजली आपूर्ति, वित्तीय सहायता, एमएसएमई से जुड़ी समस्याएं और रोजगार सृजन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी. 25 मई के कार्यक्रम की रूपरेखा पर होगा अंतिम निर्णय बीआइए अध्यक्ष ने बताया कि 25 मई को आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम की रूपरेखा, एजेंडा तथा प्रतिनिधिमंडल द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले सुझावों को अंतिम रूप देने के लिए यह बैठक बुलाई गई है. इस संवाद कार्यक्रम में सौ से अधिक उद्यमियों के भाग लेने की संभावना है, जो राज्य के औद्योगिक विकास पर अपने सुझाव रखेंगे. उद्यमियों से सक्रिय भागीदारी की अपील बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष ने सभी उद्यमियों, औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों और सदस्यों से बैठक में सक्रिय भागीदारी की अपील की है. उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयास और सुझावों के माध्यम से ही बिहार के औद्योगिक विकास को नई दिशा दी जा सकती है.

## शिक्षक अभ्यर्थियों के प्रदर्शन को लेकर सरकार पर भड़के तेजस्वी यादव, कहा- बर्दाश्त नहीं किया जाएगा



**पटना (एजेंसी)** पटना में शिक्षक अभ्यर्थियों की ओर से लगातार प्रदर्शन किए जा रहे हैं. इस बीच नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक्स पर पोस्ट शेयर कर बिहार सरकार पर भड़ास निकाली. उन्होंने लिखा, बार-बार ये लाठीचार्ज बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. बीपीएससी टीआरई-4 की वैकेंसी जारी करने की मांग को लेकर पटना में शिक्षक अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया. इस बीच नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक्स पर पोस्ट शेयर किया और बिहार सरकार पर तंज कसा. तेजस्वी यादव ने लिखा, ठऊअ सरकार बिहार के युवाओं के साथ अन्याय और विश्वासघात कर रही है. आगे अपने पोस्ट में तेजस्वी ने यह भी लिखा, बिहार के युवा तो वहीं मांग रहे हैं, वही याद दिला रहे है जो एनडीए ने चुनाव पूर्व 1 करोड़ नौकरी का वादा किया था. फिर युवाओं पर अब ये अत्याचार क्यों? ळफए-4 परीक्षा की मांग करना अपराध कैसे? पेपरलीक का विरोध करना गुनाह कैसे? क्यों बिहार के युवाओं पर बार-बार लाठीचार्ज हो रहा है तेजस्वी यादव ने अपने पोस्ट और क्या लिखा? तेजस्वी यादव ने यह भी लिखा, यदि पुलिस के इस्तेमाल का इतना ही शौक है तो NDA सरकार भ्रष्टाचार और अपराध रोकने के लिए, अपराधियों के खिलाफ करें, बिहार के युवाओं पर बार-बार ये लाठीचार्ज बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. ऐसा लगता है कि टीआरई-4 की वैकेंसी जारी करने की इस सरकार की नीयत ही नहीं है. अन्यथा हमने अपने केवल महीने के कार्यकाल में बिना पेपरलीक के सफलतापूर्वक एव के तहत लाख से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति की तथा लाख हजार पदों पर बहाली प्रक्रियाधीन कराई थी. अपने पोस्ट में यह भी लिखा, साल 2024 और 2025 बीत गए, लोकसभा चुनाव हो गए, विधानसभा चुनाव हो गए, 2 मुख्यमंत्री और 4 उपमुख्यमंत्री बदल गए. समूचा मंत्रिमंडल बदला. ठऊअ नेताओं के शहजादों को बिना चुनाव लड़े डायरेक्ट मंत्री पद बांट दिए गए. नई सरकार के गठन के 6 महीने बीत गए, लेकिन अब तक ळफए-4 की वैकेंसी नहीं आई, टीआरई-4 से जुड़ा कोई नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ है . शिक्षक अभ्यर्थियों ने 30 मई तक का दिया अल्टीमेटम शिक्षक अभ्यर्थियों का आक्रोश कम होने का नाम नहीं ले रहा. इस बीच अब अभ्यर्थियों ने ऐलान कर दिया है. बिहार सरकार को 30 मई तक का अभ्यर्थियों ने अल्टीमेटम दिया है. स्पष्ट कहा गया है कि अगर 30 मई तक TRE 4 का विज्ञापन नहीं आया तो महाआंदोलन किया जाएगा. छात्र नेता ने जारी किया पोस्टर छात्र नेता खुशबू पाठक की ओर से पोस्टर जारी किया गया है. इस पोस्टर में साफ लिखा गया है, अबकी बार, आर-पार. साथ ही यह भी जिक्र किया गया है कि अगर सरकार नोटिफिकेशन जारी नहीं करेगी तो 1 जून को थाली बेलन-क्रांति आंदोलन किया जाएगा. एक बार फिर पटना की सड़क पर अभ्यर्थी उतरेंगे और महाआंदोलन करेंगे.

# हेल्थ के साथ पाएं वेल्थ

**आज आयुर्वेद का जमाना है और लोग अंग्रेजी दवाइयां खाकर ऊब चुके हैं, यही नहीं इन दवाओं के साइड इफेक्ट से लोग हमेशा डरते रहते है। यदि कोई गंभीर बीमारी है तो चेकअप वगैरह कराने में ही दम फूल जाता है।**



**आम आदमी** तो किसी सरकारी हॉस्पिटल की राह देख लेता है, पर अमीर की बात ही कुछ और है, क्यों कि वह हेल्थ इंश्योरेंस के सहारे निजी अस्पतालों में इलाज करा लेता है और उस पर असर नहीं के बराबर पड़ता है।

- आज भागमभाग की जिन्दगी में लोग अपने पुराने आचार-विचार को भूल कर प्रदूषण की दुनिया में जीवन यापन कर रहे हैं। ऐसा कोई घर नहीं है, जहां कोई बीमार ना हो , लेकिन ना तो उनके पास व्यायाम का समय है ना खाने न पीने का। ऐसे में बीमारियों का लगना कौन रोक सकता है।
- लोगों में प्रतिरोधक-शक्ति का विकास हो और आदमी में बीमारी से लड़ने की शक्ति जागृत हो तो छोटी-मोटी बीमारियां आदमी के ऊपर अटैक नहीं कर पाएंगी।
- हर रोज नए आयुर्वेदिक नुस्खे बताए जा रहे हैं और उनको मार्केट में डाला जा रहा है।
- डाबर के उत्पाद बाजार में छाए है बैद्यनाथ, झंडू और भी जाने कितने ही आयुर्वेद की कम्पनी जैसे रामदेव, आसाराम, सुदर्शन महाराज, महर्षि आयुर्वेद काम कर रही हैं।

## फायदेमंद नुस्खा

शुगर के मरीजों को अक्सर काफी परेशानियों का सामना करना होता है। जरा से कोई बताए कि फलां औषधि फायदेमंद है, वे या उनके परिजन तुरंत ट्राई करने में लग जाते हैं। लेकिन रिस्क भी काफी रहती है।

- आइए जानते हैं एक नुस्खे के बारे में जो शुगर के मरीजों के लिए फायदेमंद है।
- पनीर डोडा नाम की जड़ी-बूटी आपको अत्तार के दुकान पर आसानी से मिल जाएगी। आधे गिलास पानी में इसके 8-10 फल रात को पानी में भिगो दीजिये। सुबह होते ही इनको मसल के छान लें, अब जो पानी बचा है, उसको सुबह निन्हें मुंह यानी खाली पेट पी लें, एक हफ्ते में आपको लगने लगेगा कि आपका शुगर लेवल काम हो रहा है। यदि आप चाहे तो दो टाइम भी ले सकते हैं, साथ ही सुबह और शाम टहलना जारी रखें ।
- खाना ना पचने वालों के लिए भी एक उपाय है। की वह भोजन के दौरान पानी कम पीएं और खाना खाने के बाद दो घंटे बाद कम से कम एक लीटर पानी पीने की आदत डालें।
- यदि आप चाहते हैं कि आपको पथरी की शिकायत ना हो तो आपको चाहिए की खाना खाने के बाद निश्चित रूप से मूत्र विसर्जन करने की आदत डालें।

## एलोविरा

आयुर्वेद की दवाइयां काफी प्रचलित हो रही हैं। आपने एलोविरा का नाम तो सुना ही होगा। यदि एलोविरा का बना कोई भी उत्पाद लें तो उसके लाभकारी परिणाम सामने आएंगे?

## हर तरह से है लाभकारी

यदि आप एलोवेरा का प्रयोग शुरू करते हैं तो लाभ निश्चित है। कोई भी इसके फायदे को नकार नहीं सकता है।

- एलोविरा जेल के उपयोग से बहुत- सी असाध्य बीमारियां ठीकहोती हैं।



## आयुर्वेद में कहां से आया वेल्थ

बाजार में बहुत सी आयुर्वेदिक कम्पनी सक्रिय हैं, जिनके उत्पाद सिर्फ अपने सदस्यों को ही देती हैं। साथ ही उस पर इंसेंटिव भी देती है। इनको नेटवर्क से जोड़कर वे लोगों की औसत आमदनी का जरिया बना रही हैं। यदि कोई इनसे जुड़ना चाहता है तो जुड़ भी सकता है। इसका लाभ यह होता है कि इससे किसी लाइलाज बीमारी का इलाज संभव हो जाता है साथ ही दुआएं भी मिलती हैं।

- एक साइट है फॉरएवरलिविंग.कॉम इस पर जाकर इनके प्रॉडक्ट को देखा जा सकता है और किसी के माध्यम से जुड़ सकते हैं।
- यह संस्था दावा करती है कि गठिया, दमा, हृदय रोग, पाचन समस्या, किडनी समस्या, मोटापा एवं त्वचा संबंधी रोग का निदान संभव है।
- नियमित खान-पान और निश्चित व्यायाम आपके शरीर को निरोगी बना सकता है, पर समय देना आपके ऊपर है। ऐसे में आपको निर्णय लेना है कि आप धन देकर सेहतमंद रहना चाहते हैं या नियमित दिनचर्या से।
- शरीर आपका है और आप ही इसकी रखवाले हैं तो निरोगी काया रहेगी तो माया तो कमा ही सकते हैं।



# खुशियों का खजाना आपके ही पास है

आइए इस बात को थोड़ा और आसान ढंग से समझते हैं। याद कीजिए कि पिछली बार कब आपने अपने शरीर और आत्मचेतना को तनावमुक्त और गैर बोझिल महसूस किया था। उस मनोदशा की विशिष्ट ऊर्जा ने आपको अपने काम में अच्छा प्रदर्शन करने, लोगों के साथ गहराई से जुड़ने, काम में खुलकर रचनात्मकता की अभिव्यक्ति करने, रेंगते हुए ट्रैफिक में मुस्कराने, जाम के खुलने का मुस्कराते हुए इंतजार करने और घर लौटकर परिवार के साथ प्यार के पलों को बांटने के लिए प्रेरित किया होगा। कल्पना कीजिए इसी खुशी की फसल अगर आप हर दिन काट सकें, तो कितना अच्छा हो? अगर आप अपना ध्यान पूरी तरह से केन्द्रित करें, तो सच्ची प्रसन्नता को हासिल करना कोई मुश्किल काम नहीं है।

**मालीक्युलर बॉयोलॉजिस्ट से बौद्ध भिक्षु बने मैथ्यू रिकार्ड ने शताब्दियों पुराने बौद्ध दर्शन के बौद्धिक संदेशों को आधुनिक वैज्ञानिक शोधों के निष्कर्षों के साथ जोड़ने का सार्थक प्रयास किया है। उनकी सोच के अनुसार खुश रहना मात्र एक सुखद अहसास, एक सुंदर भाव या एक अच्छे मूड से ही संबंधित नहीं है, बल्कि ये आपका बुनियादी सुखद अस्तित्व है। यह संसार की व्याख्या करने का एक तरीका है। संसार को बदलना मुश्किल होगा, पर संसार को देखने के नजरिए को बदलना तो संभव है।**

## निश्चित तरीका नहीं

यह सच है कि खुशी पाने का कोई एक निश्चित तरीका या फार्मूला नहीं है। इसलिए वही तरीका या ढंग अपनाएं, जो आपके लिए उपयुक्त हो। इस संदर्भ में आपको अपने ही अंदर खुशी का खजाना खोजने का दृढ़ संकल्प लेना होगा। आपको कुछ ऐसी आदतों को अपनाना होगा, जिनका पालन शताब्दियों से प्रबुद्ध लोग करते आए हैं। इन प्रबुद्धजनों की बातों को न्यूरो-साइंटिफिक रिसर्च में भी सही पाया गया है।

## ध्यान लगाएं

खुश और शांत रहने के लिए मेडिटेशन से अधिक कोई भी अन्य तरीका काम नहीं करेगा। आंखें बंदकर अपना पूरा ध्यान सांस पर केन्द्रित करें। कल्पना कीजिए कि आप अपने शरीर-रूपी मंदिर में प्रवेश कर रहे हैं। शांति की भावना को महसूस करें। प्रारंभ में इस विधि को पांच मिनट तक करें और अभ्यास होने के साथ ही समय बढ़ाती जाएं। मेडिटेशन के लिए ऐसी जगह चुनें, जहां कोई आपको बाधा न पहुंचाए।

## माफ करें और भूलना सीखें

सकारात्मक सोच और दूसरों को माफ करने के जज्बे पर भरोसा रखें। क्रोध, ईर्ष्या और जलन जैसे नकारात्मक विचारों से स्वयं को मुक्त रखें, क्योंकि ऐसे विचार हमारे सुख व शांति के अहसास को छीन लेते हैं। दूसरे को माफ करना खुशियां पाने का सशक्त माध्यम है।



# हम और हमारा स्वास्थ्य

## न दें अनुचित सुविधाएं

अक्सर लाड़-प्यार के चलते, कई माता-पिता अपने कम उम्र के बच्चों का ड्राइविंग लाइसेंस बनवा देते हैं और कई बार अपनी गन-रिवॉल्वर उनकी पहुंच के अन्दर रखते हैं। इस असावधानी के कारण आए दिन अनेक दुर्घटनाएं घटती हैं और हादसे के शिकार व्यक्तियों का स्वास्थ्य खतरे में पड़ जाता है।

- जब हम स्वयं के साथ शान्ति अनुभव नहीं करते तो हम मानसिक एवम् भावात्मक व्याधियों से ग्रस्त हो जाते है। आक्रामक एवं हिंसात्मक विचार हमारी सोच को नकारात्मक बना देते हैं तथा हमारा हृदय क्रोध, द्वेष और ईर्ष्या से भर उठता है।
- टेलीविजन तथा अन्य संस्थाओं द्वारा बच्चों - वयस्कों के लिए आयोजित रियलिटी शो एवम् अनेक प्रकार की प्रतिस्पर्धाएं अधिकांश प्रतियोगियों की मानसिकता को गलत तरीके से प्रभावित करती हैं।

*आज वक्त की* मांग है कि हम अपने आसपास के वातावरण को साफ-सुथरा रखते हुए स्वयं को स्वस्थ रखें।

- स्वस्थ शरीर, स्वस्थ विचार एवं स्वस्थ बुद्धि का मूर्त रूप ही आरोग्य है। दरअसल, आरोग्य वह अवस्था है, जिसमें हम प्रकृति एवं वातावरण से सामंजस्य स्थापित करते हुए जीवन का आनंद लेते हैं।
- हम वास्तविक रूप से तभी स्वस्थ होते हैं ,जब हम स्वयं को मानसिक, भौतिक, भावात्मक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक स्तर पर स्वस्थ अनुभव करते हैं।

## जीवनशैली बदलाव कर इलाज का खर्चा बचाएं

अपनी वर्तमान जीवनशैली में उचित बदलाव लाकर हम अपनी दवाइयों का खर्चा कम कर सकते हैं। केवल उचित खान-पान ही नहीं, वरन उचित विचार एवं उचित आचरण द्वारा ही हम निरोग हो सकते हैं ।

- माता-पिता और अभिभावकों को बच्चों को सही आहार और साफ-सफाई से रहने के साथ-साथ एक अच्छा इंसान बनने की भी शिक्षा देनी चाहिए।
- वसायुक्त एवं रेशाहीन आहार तथा शारीरिक श्रम का अभाव डायबिटीस, उच्च रक्तचाप एवं हृदय रोग जैसी बीमारियों के प्रमुख कारण हैं। आज के दौर के पढ़े लिखे माता-पिता भी अपने नन्हे -मुन्नों को पिज्जा और बर्गर खिलाने तथा कोकाकोला आफर करने से गुरेज नहीं करते हैं। इस प्रकार उनका स्वाद फास्ट फूड के लिए विकसित होकर, घर के पौष्टिक खाने को नकारने लगता है।
- अब तो गावों में भी कोकाकोला, चिप्स और ब्रेड का खूब प्रचलन हो गया है। आधुनिकता की अंधी दौड़ में हम जान बूझ कर रोगों के जाल में फंसते चले जा रहे हैं ।

**विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यू.एच.ओ.) मानव स्वास्थ्य पर शहरीकरण के प्रभावों को विशिष्ट रूप से दर्शाते हुए शहरों को एक बेहतर रहने लायक जगह बनाने पर जोर देता है।**




## स्वास्थ्य का रखें ख्याल

- रुपयों की इस अंधी दौड़ में भाग कर हम अपने मानसिक एवम् शारीरिक स्वास्थ्य का सत्यानाश कर रहे हैं। अपनी प्रतिभा का विकास करना अच्छी बात है, परन्तु केवल पैसे कमाने के उद्देश्य से नहीं, हम केवल निर्मल आनंद के लिए अपनी नृत्य, गायन, खेलकूद की रुचियों को विकसित क्यों नहीं करते? आधुनिक युग की चूहा दौड़ हमें एक स्वस्थ इंसान से एक बीमार पशु बना रही है ।
- हाल ही में सिंगापुर में हुए एक स्वास्थ्य सेवा सम्मलेन में विशेषज्ञों ने माना कि एशिया की स्वास्थ्य सेवाएं आधुनिक जीवनशैली की व्याधियों के बोझ तले दबी जा रही हैं।
- स्वाइन-बर्ड फ्लू और तपेदिक जैसे संक्रामक रोगों के साथ -साथ आर्थिक सम्पन्नता से जुड़ी हुई असंक्रामक



बीमारियों का भार दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है।

- तम्बाकू एवम् धूम्रपान का व्यसन भी भारत समेत अन्य देशों में लाखों लोगों की सेहत पर सवालिया निशान लगा रहा है।
- सिगरेट एवं गुटखा निर्माताओं की आक्रामक विज्ञापन तकनीक के आगे, सारे तम्बाकू विरोधी अभियान असफल सिद्ध होते प्रतीत हो रहे हैं। ये कम्पनियां मर्दानगी, आधुनिकता और तनाव-मुक्ति के नाम पर जनता को विष बेच रही हैं और इनके विरुद्ध कोई भी कार्यवाही नहीं की जा रही है।
- तम्बाकू सेवन का सीधा सम्बन्ध श्वास एवं फेफड़े की बीमारियों से है। जैसे कि अस्थमा, तपेदिक आदि। क्या ही अच्छा होता यदि हम तम्बाकूयुक्त पानमसाला चबाने के स्थान पर लौंग, इलाइची या सौंफ जैसी गुणकारी वस्तुओं का सेवन करने की बुद्धि रखते।

## स्वस्थ मां की स्वस्थ संतान

किसी भी देश का स्वास्थ्य उसके बच्चों के स्वास्थ्य पर निर्भर करता है और केवल स्वस्थ मां ही एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दे सकती है, परन्तु यह हमारा दुर्भाग्य है कि अधिकांश भारतीय परिवारों में महिलाओं के स्वास्थ्य को वरीयता नहीं दी जाती है।

- पत्नी एवं माता की परम्परागत भूमिका में स्त्री का कर्तव्य परिवार के अन्य सदस्यों की देखभाल करना है, न कि स्वयं अपना भारतीय समाज आज के युग में भी लिंग के आधार पर भूमिकाएं निर्धारित करने में विश्वास रखता है।
- लड़कों को अविचारी और उग्रवादी बनने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है तथा लड़कियों को शर्मीला और सहनशील बनाने का प्रयास होता है। आगे चल कर यही असमानता अपने रंग दिखाना शुरू कर देती है।
- महिलाओं को जीवन पर्यंत भिन्न प्रकार के तिरस्कारों का सामना करना पड़ता है। फिर चाहे वो लिंग आधारित भ्रूण हत्या हो या दहेज न लाने के नाम पर जलाया जाना हो अथवा बलात्कार का शिकार होना हो। जो देश महिलाओं का सम्मान करना नहीं जानता, वह वास्तव में एक रोगी देश है।

## बनें जिम्मेदार नागरिक

जिम्मेदार नागरिकों की हैसियत से हमें अपने रहने के स्थानों में उपवन संस्कृति को फिर से वापस लाना होगा, ताकि खुली हवा में सांस लेते हुए, हम शारीरिक व्यायाम के लाभ उठा सकें। स्कूल, कॉलेजों में खेलकूद और योगाभ्यास को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। मोटर बाइक और कार के स्थान पर युवक -युवतियों में साइकिल चलाना एक आधुनिक फैशन के रूप में विकसित करना होगा ।

## टीकाकरण और स्वच्छता को बढ़ावा

समाज में ऐसे सुधार लाने की आवश्यकता है, जिनके द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं न केवल टीकाकरण और स्वच्छता को बढ़ावा दें, वरन जन मानस को संतुलित आहार, स्वस्थ जीवन शैली और नैतिक मूल्यों की भी शिक्षा भी प्रदान करें। यदि हमारे मन में शान्ति, प्रेम, अहिंसा के भाव होंगे तथा हम अमीरी के भड़कीले दिखावे से दूर रहेंगे, तो वास्तव में हमारा जीवन रोगमुक्त हो सकेगा। स्वस्थ रहने के लिए प्रसन्न रहना आवश्यक है और प्रसन्नता तभी मिलेगी, जब हम द्वेष के स्थान पर आनंद बांटे, तभी गांव-गांव और शहर- शहर में एक स्वस्थ और खुशहाल वातावरण बन पाएगा।

# हॉकी इंडिया ने घोषित की अंडर-18 एशिया कप के लिए भारतीय पुरुष टीम, केतन कुशवाहा होंगे कप्तान

एजेंसी

**भोपाल :** हॉकी इंडिया ने जापान में होने वाले पुरुष अंडर-18 एशिया कप काकामिगाहारा 2026 के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 29 मई से 6 जून तक खेला जाएगा। भारतीय टीम का चयन भोपाल स्थित उदय दास मेहता (भाई जी) केंद्रीय साई केंद्र में राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के बाद किया गया। टीम के कोचिंग स्टाफ में पूर्व भारतीय कप्तान सरदार सिंह और रजनीश मिश्रा शामिल रहे। टीम ने टूर्नामेंट की तैयारी के तहत ऑस्ट्रेलिया अंडर-18 टीम के खिलाफ चार मैचों की एक्सपोजर सीरीज भी खेली।



फॉरवर्ड खिलाड़ी केतन कुशवाहा को टीम की कप्तानी सौंपी गई है। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक मुकाबला जीता, एक हारा जबकि दो मैच ड्रॉ रहे। एशिया कप में भारत अपने अभियान की शुरूआत 29 मई को कजाकिस्तान के खिलाफ करेगा। इसके बाद 31 मई को मेजबान जापान से मुकाबला होगा। भारतीय टीम 1 जून को दक्षिण कोरिया और 3 जून को चीनी ताइपे के खिलाफ खेलेगी। टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले 5 जून को और फाइनल 6 जून को खेला जाएगा। टीम चयन पर कोच सरदार सिंह ने कहा, ह्लचयन प्रक्रिया काफी प्रतिस्पर्धी रही, लेकिन हमने ऐसी 18 सदस्यीय टीम चुनी है जो हमें बेहतरीन संतुलन देती है। भोपाल में प्रशिक्षण और ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ मैचों से खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के दबाव और खेल की गति को समझने का मौका मिला। हमने पिछले कुछ सप्ताहों में रणनीति, पेनल्टी कॉर्नर और टीम संरचना पर काफी काम किया है। खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा है और हमारा लक्ष्य एशिया कप जीतना है।

**भारतीय अंडर-18 पुरुष हॉकी टीम :**
**गोलकीपर:** सावन कुमार, आयुष रजक
**डिफेंडर:** अंश बहुत्रा, अरमान सोरेंग, आशीष तानी पूर्ति, अर्शदीप सिंह, अवि मानिकपुरी, रोमित पाल
**मिडफील्डर:** राहुल यादव, प्रेमचंद सोय, वरिंदर सिंह, करण गौतम, सिद्धार्थ बेन
**फॉरवर्ड :** केतन कुशवाहा (कप्तान), आकाश दीप, गाजी खान, शाहरुख अली, प्रह्लाद राजभर।

# केकेआर से मिली हार के बाद हार्दिक पंड्या बोले - अगर मैं या तिलक थोड़ी देर और टिकते तो मैच जीत सकते थे

एजेंसी

**कोलकाता :** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ हार के बाद माना कि उनकी टीम लगभग 20 रन कम बना सकी। हार्दिक का मानना है कि अगर वह या तिलक वर्मा में से कोई एक बल्लेबाज थोड़ी देर और क्रीज पर टिक जाता, तो मुंबई के पास मुकाबला जीतने का अच्छा मौका होता। मुंबई इंडियंस की टीम पावरप्ले में ही 46 रन पर 4 विकेट गंवा चुकी थी। पूरी पारी में टीम की आठ साझेदारियों में से छह 20 रन से कम की रहीं। मुंबई ने 147 रन बनाए, जिसे केकेआर ने सात गेंद शेष रहते हासिल कर लिया। मैच के बाद हार्दिक पंड्या ने कहा, हम लगभग 20 रन पीछे रह गए। पावरप्ले में हमने काफी विकेट गंवा दिए थे। अगर तिलक वर्मा या मैं



थोड़ा और समय तक बल्लेबाजी करते और एक-दो अच्छी साझेदारियां हो जातीं, तो अतिरिक्त 15-20 रन मिल सकते थे। तब हमारे पास मुकाबला जीतने का अच्छा मौका होता। हार्दिक और तिलक दोनों ही मध्य ओवरों में धीमी बल्लेबाजी करते नजर आए। हार्दिक ने 27 गेंदों में 26 रन बनाए, जबकि तिलक वर्मा ने 32 गेंदों पर 20 रन की पारी खेली। आईपीएल इतिहास में यह उन पारियों में सबसे खराब स्ट्राइक रेट में से एक रहा, जब नंबर 5 और 6 के बल्लेबाजों ने कम से कम 20-20 गेंदें खेली हों। कोलकाता की पिच को लेकर हार्दिक ने कहा कि उन्हें ऐसी विकेट पर खेलना पसंद है, जहां गेंदबाजों को भी मदद मिले। उन्होंने कहा, मुझे ऐसी विकेट पर खेलने में कोई दिक्कत नहीं है, जहां गेंदबाजों को कुछ मदद मिलती हो। आईपीएल अब काफी बल्लेबाजों के अनुकूल हो गया है और गेंदबाज खुद को असहाय महसूस करते हैं। आज की विकेट पर गेंदबाजों को मदद मिली, जिससे बल्लेबाजों को भी अच्छी क्रिकेट खेलकर रन बनाने पड़े। मुझे ऐसी चुनौती पसंद है। हालांकि कम स्कोर के बावजूद मुंबई की टीम मैच में वापसी कर सकती थी। केकेआर का स्कोर नौ ओवर में 73 रन पर 3 विकेट था, लेकिन इसके बाद मुंबई ने दो आसान कैच छोड़ दिए। इसका फायदा उठाते हुए रोवमैन पॉवेल और मनीष पांडेय ने 64 रन की मैच जिताऊ साझेदारी कर दी। फील्डिंग की गलतियों पर हार्दिक ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा,ह्लमुझे नहीं पता कि फील्डिंग में क्या गलत हो रहा है। पूरे सीजन में हमारी फील्डिंग काफी खराब रही है। हमने बहुत कैच छोड़े हैं। अगर आप मैच जीतना चाहते हैं तो हर मौका पकड़ना जरूरी होता है, यहां तक कि आधे मौके भी।

# फ्रेंच ओपन 2026 : 24 मई से रोलां गैरोस में शुरू होगा टूर्नामेंट



एजेंसी

**नई दिल्ली :** फ्रेंच ओपन 2026 के सिंगल्स मुकाबलों का मुख्य ड्रॉ गुरुवार, 21 मई को पेरिस में आयोजित किया जाएगा। ड्रॉ समारोह स्थानीय समयानुसार दोपहर 2 बजे शुरू होगा, जबकि भारतीय समयानुसार यह शाम 5:30 बजे से होगा। इस साल फ्रेंच ओपन 24 मई से 7 जून तक रोलां गैरोस में खेला जाएगा। टूर्नामेंट के ड्रॉ समारोह का सीधा प्रसारण फ्रेंच ओपन के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर देखा जा सकेगा। भारत में टूर्नामेंट का प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर होगा, जबकि लाइव स्ट्रीमिंग सोनी लिव और फैनकोड पर उपलब्ध रहेगी। इस बार फ्रेंच ओपन की कुल इनामी राशि में 9.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। कुल पुरस्कार राशि 6 करोड़ 17 लाख यूरो से अधिक रखी गई है। पुरुष और महिला एकल वर्ग के विजेताओं को 28 लाख यूरो की पुरस्कार राशि मिलेगी।

# एशियन लीजेंड्स लीग सीजन-2 का आगाज 2 जून से होगा, केन्या करेगा मेजबानी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** एशियन लीजेंड्स लीग के दूसरे सीजन का गुरुवार को आधिकारिक ऐलान कर दिया गया है। टूर्नामेंट का आयोजन 2 जून से केन्या के नैरोबी स्थित जिमखाना इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में किया जाएगा। पहले सीजन की शानदार सफलता के बाद इस बार लीग को और बड़े स्तर पर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें दिग्गज खिलाड़ियों, कड़ी प्रतिस्पर्धा और वैश्विक क्रिकेट प्रशंसकों का खास आकर्षण देखने को मिलेगा। टी-20 प्रारूप में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में कुल 19 मुकाबले होंगे। इसमें एशिया के कई पूर्व और संन्यास ले चुके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर हिस्सा लेंगे। क्रिकेट प्रशंसकों के बीच यह टूर्नामेंट तेजी से लोकप्रिय हुआ है और इसे रिटायर्ड प्लेयर्स एशिया कप के नाम से भी जाना जा रहा है। टूर्नामेंट का




सबसे बड़ा आकर्षण 6 जून को होने वाला भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला होगा, जिसमें इंडियन रॉयल्स और पाकिस्तान पैंथर्स आमने-सामने होंगी। इस हाई-वोल्टेज मैच को लेकर दुनियाभर के क्रिकेट फैंस में खास उत्साह है। एशियन लीजेंड्स लीग सीजन-2 में देश आधारित फ्रेंचाइजी मॉडल अपनाया गया है। इस बार इंडियन रॉयल्स, पाकिस्तान पैंथर्स, श्रीलंकन लायंस, अफगानिस्तान पठान्स, बांग्लादेश टाइगर्स और रेस्ट ऑफ एशियन स्टार्स जैसी टीमें हिस्सा लेंगी। आयोजकों के अनुसार, लीग में केवल एशियाई देशों की टीमें ही भाग लेंगी, जिससे यह टूर्नामेंट एशियाई क्रिकेट की विरासत, जुनून और ऐतिहासिक प्रतिद्वंद्विता का बड़ा मंच बनेगा। इस सीजन में कई प्रसिद्ध पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों के खेलने की संभावना है। इनमें थिसारा परेरा, तिलकरत्ने दिलशान, ऋषि धवन, मोहित शर्मा, असगर अफगान, दानुष्का गुणाथिलका, नमन ओझा और शाकिब अल हसन जैसे दिग्गज खिलाड़ी शामिल हैं। आयोजकों ने बताया कि टूर्नामेंट का प्रसारण और लाइव स्ट्रीमिंग दुनियाभर में की जाएगी, ताकि क्रिकेट प्रेमी एक बार फिर अपने पसंदीदा पूर्व खिलाड़ियों को मैदान पर देख सकें।

# विश्व कप जीतने को आदत बनाना चाहती है भारतीय महिला क्रिकेट टीम : हरमनप्रीत कौर

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) महिला टी-20 विश्व कप से पहले बड़ा बयान देते हुए कहा है कि भारतीय टीम अब सिर्फ एक बार विश्व कप जीतकर संतुष्ट नहीं है, बल्कि वह विश्व कप जीतने को अपनी आदत बनाना चाहती है। हरमनप्रीत ने कहा कि आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की जीत भारतीय महिला क्रिकेट के लिए ऐतिहासिक पल थी। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक ट्रॉफी जीतना नहीं था, बल्कि इसने देश की युवा लड़कियों को यह भरोसा दिलाया कि वे भी दुनिया के सबसे बड़े मंच तक पहुंच सकती हैं। हरमन ने गुरुवार को आईसीसी के हवाले से कहा, 2025 विश्व कप की जीत ने हमें आत्मविश्वास दिया, लेकिन वह सिर्फ शुरूआत थी। अब हमारी कोशिश है कि जीत हमारी पहचान



बने। उस सफलता के बाद जिम्मेदारियां और उम्मीदें दोनों बढ़ी हैं। दबाव जरूर है, लेकिन यह सकारात्मक दबाव है। भारतीय कप्तान ने बताया कि टीम ने टी-20 विश्व कप की तैयारी विश्व कप 2025 जीतने के तुरंत बाद शुरू कर दी थी। उन्होंने कहा कि श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हालिया टी20 श्रृंखलाओं ने टीम को अपनी कमियों और मजबूती को समझने का मौका दिया।हरमनप्रीत ने टीम प्रबंधन और बीसीसीआई की तैयारियों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में हुए प्रशिक्षण शिविरों से टीम को काफी फायदा मिला है। उन्होंने कहा, हमारी टीम में अनुभव और युवा खिलाड़ियों का बेहतरीन संतुलन है। खिलाड़ियों में निडरता है और जीत की भूख भी। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) ने भारतीय महिला क्रिकेट को नई दिशा दी है। इस लीग ने नए खिलाड़ियों को बड़े मंच पर खेलने और दबाव झेलने का अनुभव दिया। हरमनप्रीत ने टीम के माहौल को भी खास बताया। उन्होंने कहा कि सहयोगी स्टाफ ने ड्रेसिंग रूम में बेहद सकारात्मक वातावरण बनाया है, जिससे खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने 2017 विश्व कप की यादों को भी साझा किया, जब इंग्लैंड में उनके 171 रन की पारी ने भारतीय महिला क्रिकेट को नई पहचान दिलाई थी। उन्होंने कहा, 2017 विश्व कप मेरे जीवन का अहम मोड़ था। उस टूर्नामेंट के बाद लोगों ने भारतीय महिला क्रिकेट को गंभीरता से लेना शुरू किया।

# आईपीएल 2026 : कार्तिक त्यागी पर्पल कैप की दौड़ में पांचवें स्थान पर पहुंचे, भुवनेश्वर कुमार शीर्ष पर कायम

एजेंसी

**नई दिल्ली :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और मुंबई इंडियंस (एमआई) जैसी बड़ी टीमों के लिए इस सीजन कोई बल्लेबाज या गेंदबाज लगातार सुर्खियों में नहीं रहा, लेकिन अब केकेआर के तेज गेंदबाज कार्तिक त्यागी ने शानदार प्रदर्शन से पर्पल कैप की रेस में बड़ी छलांग लगा दी है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले में कार्तिक त्यागी ने 2 विकेट लेकर पर्पल कैप तालिका में पांचवां स्थान हासिल कर लिया। उन्होंने तिलक वर्मा का अहम विकेट लिया, जबकि पारी की आखिरी गेंद पर दीपक चाहर को आउट कर सीजन में अपने विकेटों की संख्या 18



तक पहुंचा दी। सीजन की शुरूआत में कार्तिक त्यागी का प्रदर्शन शांत रहा था, लेकिन अब वह केकेआर के लिए लगातार मैच जिताऊ गेंदबाजी कर रहे हैं। कोलकाता ने पिछले सात मुकाबलों में छह जीत दर्ज कर प्लेऑफ की उम्मीदें मजबूत की हैं।

**पर्पल कैप तालिका**

पर्पल कैप की सूची में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के भुवनेश्वर कुमार 24 विकेट के साथ पहले स्थान पर बने हुए हैं। गुजरात टाइटंस (जीटी) के कागिसो रबाडा 21 विकेट लेकर दूसरे स्थान पर हैं। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अंशुल कंबोज 20 विकेट के साथ तीसरे स्थान पर हैं, जबकि राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के जोफ्रा आर्चर और कार्तिक त्यागी दोनों के 18-18 विकेट हैं। हालांकि बेहतर इकॉनमी रेट (9.14) के कारण आर्चर चौथे और त्यागी पांचवें स्थान पर हैं। त्यागी की इकॉनमी 9.42 रही है। वहीं, केकेआर के अनुभवी स्पिनर सुनील नरेन ने मुंबई के खिलाफ 1 विकेट लेकर सिर्फ 13 रन दिए। उनके नाम इस सीजन 14 विकेट हैं, लेकिन 6.40 की इकॉनमी के साथ वह इस सीजन के सबसे किफायती गेंदबाज बने हुए हैं।

**ऑरेंज कैप तालिका**

ऑरेंज कैप की दौड़ में बुधवार को कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ। केकेआर के अंगकृष रघुवंशी फील्डिंग के दौरान चोटिल होने के कारण बल्लेबाजी नहीं कर सके, जबकि मुंबई इंडियंस के रयान रिकेल्टन केवल 6 रन ही बना पाए। राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी 579 रन के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स के मिचेल मार्श 563 रन के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर लगा मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना

**नई दिल्ली :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुकाबले के दौरान मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर आचार संहिता उल्लंघन के चलते 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। साथ ही उनके खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है। आईपीएल की ओर से जारी बयान के अनुसार यह मामला बुधवार को ईडन गार्डन्स में खेले गए मुकाबले के दौरान सामने आया। हार्दिक पांड्या को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के उल्लंघन का दोषी पाया गया, जो मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण, कपड़ों, मैदान के उपकरण या फिटिंग्स के दुरुपयोग से संबंधित है। यह घटना दूसरी पारी के 10वें ओवर की चौथी गेंद के बाद हुई, जब हार्दिक रन-अप पर लौटते समय गुस्से में विकेट की बेल्स को जोर से मारते नजर आए। मैच रेफरी राजीव सेठ ने इस पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया। हार्दिक ने अपनी गलती स्वीकार कर सजा भी मान ली। केकेआर ने मुंबई इंडियंस को 4 विकेट से हराया। इस मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स ने मुंबई इंडियंस को 4 विकेट से हराकर प्लेऑफ की उम्मीदें कायम रखीं। पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियंस ने 20 ओवर में 147/8 का स्कोर बनाया। मुंबई के लिए हार्दिक पंड्या ने 26 रन, तिलक वर्मा ने 20 रन और कॉर्बिन बॉश ने 18 गेंदों पर नाबाद 32 रन बनाए। जवाब में केकेआर ने 18.5 ओवर में 148/6 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। केकेआर की ओर से मनीष पांडे ने 33 गेंदों पर 45 रन की अहम पारी खेली, जबकि रोवमैन पॉवेल ने 40 रन बनाए। दोनों के बीच 64 रन की साझेदारी ने मैच का रुख बदल दिया। रिंकू सिंह ने नाबाद 9 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। गेंदबाजी में कॉर्बिन बॉश ने मुंबई के लिए 3 विकेट लिए, लेकिन टीम को हार से नहीं बचा सके। मनीष पांडे को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

### पीतलनगरी अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट : सात विकेट से जीती आरएसडी एकेडमी की



**मुरादाबाद :** पीतलनगरी अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को आरपीए क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मुकाबले में आरएसडी क्रिकेट एकेडमी ने डीपीजीएस क्रिकेट एकेडमी को सात विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। मुकाबले में अनुकल्प झा ने गेंद और बल्ले से दमदार प्रदर्शन करते हुए टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए अनुकल्प झा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव व पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि आज टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए डीपीजीएस क्रिकेट एकेडमी ने निर्धारित 30 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 222 रन बनाए। टीम की ओर से निश्चल ने शानदार 90 रन की पारी खेली, जबकि वसीम ने नाबाद 62 रन बनाए। अजहरउद्दीन ने 14 रन का योगदान दिया। आरएसडी क्रिकेट एकेडमी की ओर से अनुकल्प झा ने किफायती गेंदबाजी करते हुए दो विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरएसडी क्रिकेट एकेडमी की शुरूआत शानदार रही। टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 28.5 ओवर में तीन विकेट खोकर 225 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। अनुकल्प झा ने नाबाद 66 रन की पारी खेली। विशाल कुमार ने 51 और रिषभ देव ने 45 रन बनाए। आदित्य पांडेय ने 24 रन का योगदान दिया, जबकि सानिब 21 रन बनाकर नाबाद लौटे। टीम को अतिरिक्त के रूप में 18 रन मिले।

### डोपिंग गतिविधियों को अपराध की श्रेणी में लाने की तैयारी, खेल मंत्रालय ने मसौदा संशोधन पर मांगे सुझाव

**नई दिल्ली :** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने डोपिंग से जुड़ी संगठित गतिविधियों को अपराध घोषित करने की तैयारी शुरू कर दी है। प्रस्तावित कानून संशोधनों के मसौदे पर सार्वजनिक परामर्श जारी करके मंत्रालय ने खिलाड़ियों, खेल संगठनों और अन्य हितधारकों से 18 जून तक सुझाव और टिप्पणियां मांगी हैं। प्रस्तावित संशोधनों का उद्देश्य खेलों में प्रतिबंधित प्रदर्शन बढ़ाने वाले पदार्थों और तरीकों की तस्करी, अवैध आपूर्ति, प्रशासन और व्यावसायिक वितरण से जुड़े संगठित नेटवर्क पर सख्त कार्रवाई करना है। मंत्रालय के अनुसार नए प्रावधानों के तहत प्रतिबंधित पदार्थों और तरीकों की तस्करी, अवैध बिक्री और वितरण, खिलाड़ियों को डोपिंग के उद्देश्य से प्रतिबंधित पदार्थ देना, नाबालिग खिलाड़ियों को ऐसी सामग्री उपलब्ध कराना, डोपिंग से जुड़े संगठित अपराध और व्यावसायिक गतिविधियां, बिना निर्धारित लेबलिंग के प्रतिबंधित पदार्थों की बिक्री तथा डोपिंग को बढ़ावा देने वाले विज्ञापन और भुगतान आधारित प्रचार को अपराध की श्रेणी में लाया जाएगा। इन संशोधनों का मुख्य निशाना डोपिंग नेटवर्क से जुड़े तस्कर, अवैध सप्लायर, संगठित गिरोह और बेईमान सहयोगी स्टाफ होंगे। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि केवल डोप टेस्ट में पॉजिटिव आने या एंटी-डोपिंग नियम उल्लंघन के आधार पर खिलाड़ियों को आपराधिक मामलों में आरोपी नहीं बनाया जाएगा। खिलाड़ियों से जुड़े एंटी-डोपिंग मामलों का निपटारा मौजूदा एंटी-डोपिंग ढांचे के तहत ही किया जाएगा। प्रस्तावित संशोधनों में यह भी सुनिश्चित किया गया है कि स्वच्छ खिलाड़ियों के हित सुरक्षित रहें और खेलों का दुरुपयोग करने वाले आपराधिक नेटवर्क के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई हो सके। प्रस्तावित ढांचे में वैध चिकित्सकीय उपयोग छूट प्राप्त खिलाड़ियों और आपातकालीन चिकित्सा परिस्थितियों में प्रतिबंधित पदार्थों के वैध उपयोग करने वाले डॉक्टरों के लिए भी सुरक्षा प्रावधान शामिल किए गए हैं। मंत्रालय ने बताया कि यह कदम खेलों में डोपिंग के खिलाफ यूनेस्को कन्वेंशन और विश्व एंटी-डोपिंग एजेंसी की नीतियों के अनुरूप है। खेल मंत्रालय का कहना है कि प्रस्तावित व्यवस्था का उद्देश्य खिलाड़ियों की सुरक्षा, खेल की निष्पक्षता, सार्वजनिक स्वास्थ्य और प्रभावी कानून प्रवर्तन के बीच संतुलन स्थापित करना है।

### श्रीलंका त्रिकोणीय सीरीज के लिए इंडिया ए टीम में शामिल हुए अनुकूल रॉय

**नई दिल्ली :** आगामी श्रीलंका त्रिकोणीय सीरीज के लिए इंडिया ए टीम में ऑलराउंडर अनुकूल रॉय को शामिल किया गया है। पुरुष चयन समिति ने उन्हें हर्ष दुबे की जगह टीम में मौका दिया है। हर्ष दुबे को अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली आईडीएफसी फर्स्ट बैंक घरेलू सीरीज के लिए भारतीय टेस्ट और वनडे टीम में पहली बार चयनित किया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह त्रिकोणीय सीरीज 9 जून से 21 जून तक श्रीलंका के दांबुला में खेली जाएगी। टूर्नामेंट में श्रीलंका ए, इंडिया ए और अफगानिस्तान ए की टीमें हिस्सा लेंगी। इंडिया ए टीम की कप्तानी तिलक वर्मा करेंगे, जबकि रियान पराग को उपकप्तान बनाया गया है। श्रीलंका त्रिकोणीय सीरीज के लिए अपडेटेड इंडिया ए टीम: तिलक वर्मा (कप्तान), प्रियांश आर्य, वैभव सूर्यवंशी, रियान पराग (उपकप्तान), आयुष बदोनी, निशांत सिंधु, सूर्यांश शेडगे, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), विप्रज निगम, यश ठाकुर, युधवीर सिंह, अंशुल कंबोज, अरशद खान और अनुकूल रॉय।

# देश में तेजी से विकसित हो रहे ग्रीन एक्सप्रेस-वे के चलते सड़क यात्रा का स्वरूप बदला : गडकरी

एजेंसी



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि देश में तेजी से विकसित हो रहे ग्रीन एक्सप्रेस-वे और नियंत्रित प्रवेश वाले राजमार्गों के कारण सड़क यात्रा का स्वरूप पूरी तरह बदल रहा है। उन्होंने कहा कि मुंबई-पुणे एक्सप्रेस-वे बनने के बाद दोनों शहरों के बीच विमान सेवाएं लगभग बंद हो गई थीं और अब दिल्ली-देहरादून तथा दिल्ली-जयपुर मार्ग पर भी ऐसी स्थिति बन रही है, क्योंकि सड़क मार्ग से यात्रा समय काफी कम हो गया है।

नितिन गडकरी ने अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स इन इंडिया (एमचैम) के वार्षिक नेतृत्व सम्मेलन में कहा कि आधुनिक प्रौद्योगिकी, नवाचार, अनुसंधान, कौशल और सफल कार्यप्रणालियां ही भविष्य की अर्थव्यवस्था की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि ज्ञान को संपत्ति में बदलना ही भविष्य का सबसे बड़ा आर्थिक मॉडल है और भारत इसी दिशा में आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत अब परिपत्र अर्थव्यवस्था की दिशा में तेजी से काम कर रहा है, जहां कचरे को संपदा में बदला जा रहा है। सड़क परिवहन मंत्रालय नगरों के पुराने ठोस कचरे का उपयोग सड़क निर्माण में कर रहा है। अब तक 90 लाख टन से अधिक ठोस नगर कचरे का उपयोग सड़क निर्माण में किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि बायो-बिटुमिन पर सफल अनुसंधान पूरा हो चुका है और अब पेट्रोलियम बिटुमिन में 30 प्रतिशत तक बायो-बिटुमिन मिलाया जा सकता है। इसके अलावा उपयोग किए जा चुके टायरों से प्राप्त 15 प्रतिशत रबर पाउडर और सात प्रतिशत प्लास्टिक का उपयोग भी सड़क निर्माण में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तकनीक से बनी सड़कें सफल साबित हुई हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक लॉजिस्टिक लागत रही है। पहले भारत में लॉजिस्टिक लागत लगभग 16 प्रतिशत थी, लेकिन अब यह एकल अंक में पहुंच रही है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बेंगलुरु, कानपुर और चेन्नई की हालिया रिपोर्टों के अनुसार देश की लॉजिस्टिक लागत में लगभग छह प्रतिशत तक कमी आई है। उन्होंने कहा कि ग्रीन हाईवे और नियंत्रित प्रवेश वाले एक्सप्रेस-वे इस बदलाव का सबसे बड़ा कारण हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली-देहरादून मार्ग पर पहले आठ से नौ घंटे लगते थे, लेकिन नया ग्रीन हाईवे बनने के बाद यह दूरी लगभग दो घंटे में तय हो रही है।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उपराष्ट्रपति ने दी श्रद्धांजलि

एजेंसी



**नयी दिल्ली :** देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर गुरुवार को उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और केंद्रीय मंत्रियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके योगदान और बलिदान को याद किया।

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने अपने आवास पर पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सार्वजनिक जीवन में राजीव गांधी के योगदान और राष्ट्र सेवा में उनके बलिदान को सम्मान और कृतज्ञता के साथ याद किया जाता है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें भावपूर्ण नमन करते हुए देश के प्रति उनके योगदान को स्मरण किया।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी और देश के लिए उनके योगदान को याद किया।

उल्लेखनीय है कि राजीव गांधी का 21 मई 1991 को तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में एक आत्मघाती विस्फोट में मौत हो गयी थी। वर्ष 1984 से 1989 तक प्रधानमंत्री रहे। उन्हें भारत में सूचना प्रौद्योगिकी और दूरसंचार क्रांति की नींव रखने वाले नेताओं में गिना जाता है।

## ‘दे दे प्यार दे 2’ का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर, इस रविवार, सिर्फ जी सिनेमा पर

एजेंसी




**मुंबई :** हंसी, प्यार और फैमिली एंटरटेनमेंट से भरे एक मजेदार सफर के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि ‘दे दे प्यार दे 2’ अब अपने वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर के साथ, इस रविवार, 24 मई को दोपहर 12 बजे, सिर्फ जी सिनेमा पर आने वाली है। कॉमेडी और ड्रामा का स्तर और बढ़ाते हुए, यह सीक्वल एक हल्की-फुल्की और मनोरंजक प्यार की कहानी पेश करता है, जिसमें माता-पिता को मनाने और उनकी मंजूरी पाने की कोशिश के दौरान कई मजेदार और अप्रत्याशित परिस्थितियां सामने आती हैं। जब प्यार परिवार की उम्मीदों से टकराता है, तो कहानी में ढेर सारी उलझनें, हँसी और जज्बाती पल देखने को मिलते हैं। कॉमेडी, रोमांस और फैमिली ड्रामे का यह शानदार मेल दर्शकों को घर बैठे एक मजेदार सिनेमाई अनुभव देने वाला है।

अंशुल शर्मा के निर्देशन में बनी ‘दे दे प्यार दे 2’ को टी-सीरीज के भूषण कुमार और कृष्ण कुमार, साथ ही लव फिल्म्स के लव रंजन और अंकुर गर्ग ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में अजय देवगन, रकुल प्रीत सिंह, आर माधवन, मीजान जाफरी, जावेद जाफरी, इशिता दत्ता और गौतमी कपूर जैसे कलाकार नजर आएँगे। यह सीक्वल मूल फिल्म की खूबसूरती को बरकरार रखते हुए नए पहलू, नए टकराव और ढेर सारे मजेदार पलों को जोड़ता है, जो इसे एक बेहद दिलचस्प अनुभव बनाते हैं।

अजय देवगन ने कॉमेडी में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। अपने सहज अंदाज, शानदार कॉमिक टाइमिंग और सधी हुई एक्टिंग से उन्होंने हमेशा दर्शकों को खूब एंटरटेन किया है। सालों से वे इस जॉनर में अपनी बहुमुखी प्रतिभा साबित करते आए हैं और ‘दे दे प्यार दे 2’ उनके इसी मजेदार सफर में एक और शानदार फिल्म जोड़ती है। फिल्म के बारे में बात करते हुए, अजय देवगन कहते हैं, “दे दे प्यार दे 2 भावनाओं, रिश्तों, उलझनों और अप्रत्याशित परिस्थितियों से भरी हुई फिल्म है, जो बेहद मनोरंजक तरीके से सामने आती है।

## भारत में बदलती खर्च की आदतें: क्रेडिट कार्ड और डिजिटल पेमेंट का उभार

एजेंसी

SBI card

**नयी दिल्ली :** भारत में खरीदारी का तौर-तरीका तेजी से बदल रहा है, और लोगों की खर्च करने की आदतें अब ज्यादा बड़े अरमानों वाली लाइफस्टाइल, लेनदेन में डिजिटल साधनों को प्राथमिकता और भुगतान के आसान विकल्पों के बढ़ते चलन को दिखाती हैं। बीते दस सालों में, लोगों की बढ़ती आमदनी, बढ़ते शहरीकरण और तेजी से आगे बढ़ने की चाह रखने वाले मध्यम वर्ग ने इस बात को नया रूप दिया है कि, लोग कहाँ और कैसे पैसा खर्च करते हैं। इस वक्त लगभग 11.86 करोड़ क्रेडिट कार्ड उपयोग में हैं तथा वित्त-वर्ष 2026 के दौरान क्रेडिट कार्ड से 23.62 लाख करोड़ से ज्यादा का खर्च किया गया, जिससे जाहिर है कि यह पूरा इकोसिस्टम अब विस्तार के दौर से निकलकर रोजमर्रा के उपयोग के दौर में कदम रख चुका है। भारत में क्रेडिट कार्ड जारी करने वाली सबसे बड़ी कंपनी, एसबीआई कार्ड के आंकड़ों से पता चलता है कि क्रेडिट कार्ड के ग्राहक अब अपनी जरूरत की चीजों के साथ-साथ बेहतर अनुभव और लाइफस्टाइल पर भी दिल खोलकर खर्च कर रहे हैं, साथ ही डिजिटल प्लेटफॉर्म का भी ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं।


**ग्राहकों की बदलती पसंद :** बढ़ती आमदनी और बेहतर जागरूकता के चलते, भारतीय ग्राहक अब अपनी इच्छाओं को पूरा करने और नए-नए अनुभव हासिल करने पर ज्यादा से ज्यादा खर्च कर रहे हैं, जो यह दिखाता है कि ग्राहक अब अपनी मजी से खर्च करने की क्षमता की ओर बढ़ रहे हैं। एसबीआई कार्ड के वित्त-वर्ष 2026 के आँकड़े दर्शाते हैं कि रिटेल खर्च 15% की सालाना बढ़त के साथ ?3.54 लाख करोड़ से अधिक के अब तक के सबसे ऊँचे स्तर पर पहुंच गया है। कुल रिटेल खर्च में ऑनलाइन खर्च का हिस्सा लगभग 62.5% रहा, जो दर्शाता है कि लोग अब जरूरी और गैर-जरूरी, दोनों तरह की चीजों पर खर्च करने के मामले में डिजिटल तरीकों से भुगतान को ज्यादा पसंद कर रहे हैं। ग्राहकों की जरूरत को ध्यान में रखकर तैयार की गई सेवाओं, बिना किसी रुकावट के मिलने वाला डिजिटल अनुभव और सेल्फ-सर्विस प्लेटफॉर्म, अब ग्राहकों के साथ जुड़ाव और उनकी सुविधा को बढ़ाने के लिए बहुत जरूरी होते जा रहे हैं। एसबीआई कार्ड के अनुसार, अब लाखों ग्राहक अक्सर अपनी अलग-अलग जरूरतों के लिए एसबीआई कार्ड के अलग-अलग डिजिटल प्लेटफॉर्म, जैसे कि एसबीआई कार्ड मोबाइल ऐप, लाइव चैट वाला आस्क इला चैटबॉट, तथा व्हाट्सएप सेवाओं का इस्तेमाल करते हैं।

## इबोला के चलते भारत-अफ्रीका शिखर सम्मेलन स्थगित

**नयी दिल्ली :** भारत और अफ्रीकी संघ ने अफ्रीका के कुछ देशों में इबोला के प्रकोप को देखते हुए दिल्ली में 28 से 31 मई तक प्रस्तावित चौथे भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन को स्थगित कर दिया है। इसकी नई तारीख आपसी विचार-विमर्श के बाद घोषित की जाएगी। अफ्रीकी संघ के साथ संयुक्त बयान में विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि अफ्रीकी नेताओं और हितधारकों की पूर्ण भागीदारी और सहभागिता सुनिश्चित करने के महत्व को पहचानते हुए और महाद्वीप में उभरती सार्वजनिक स्वास्थ्य स्थिति को ध्यान में रखते हुए शिखर सम्मेलन और संबंधित गतिविधियों के आयोजन के संबंध में भारत सरकार अफ्रीकी संघ के अध्यक्ष और अफ्रीकी संघ आयोग के बीच परामर्श किया गया।

## वेदांता लिमिटेड ने लॉन्च की ‘विविध वर्स’-एक प्रीमियम पत्रिका

एजेंसी




**नयी दिल्ली :** वेदांता लिमिटेड ने आज ‘विविध वर्स’ का अनावरण किया। यह एक लिमिटेड एडिशन, कलेक्टिबल और प्रीमियम द्विभाषी पत्रिका है, जो पहली बार भारत की कहानी कहने की परंपरा को अनदेखी, अनसुनी और सावधानीपूर्वक चुनी गई कहानियों के माध्यम से प्रस्तुत करती है। इस पत्रिका में संस्कृति, सार्वजनिक नीति, उद्यमिता, एआई, खेल, जमीनी भारत और अन्य विषयों से जुड़ी विचारशील बातचीत और विशेष रूप से चुनी गई कहानियों को शामिल किया गया है।

तेजी से बदलती डिजिटल दुनिया के बीच ‘विविध वर्स’ प्रिंट माध्यम में एक ऐसा दुर्लभ ठहराव प्रस्तुत करता है, जहां विचार खुलकर सामने आते हैं, कहानियां प्रेरित करती हैं और भारत के विविध अनुभव व दृष्टिकोण एक साथ जुड़ते हैं। प्रिंट और डिजिटल दोनों रूपों में उपलब्ध इस विशेष और अनूठी स्टोरीटेलिंग कलेक्टिबल की हर कड़ी भारत के गांवों, कक्षाओं, फैक्ट्री परिसरों, स्टार्टअप्स और सांस्कृतिक दुनिया से जुड़ी आवाजों को एक साथ पिरोती है। यह एक ओर देश की सदियों पुरानी परंपराओं को दशार्ती है, तो दूसरी ओर आगे बढ़ते भारत की नई आकांक्षाओं को भी सामने लाती है। इसमें कलाकारों, उद्यमियों, नीति निमार्ताओं, नवाचारकताओं और बदलाव लाने वाले लोगों के विचार शामिल हैं, जो आधुनिक भारत को नई दिशा दे रहे हैं।

अपने फोरवर्ड संदेश में अनिल अग्रवाल, चेयरमैन, वेदांता ग्रुप ने कहा, “राष्ट्र निर्माण केवल बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर खड़े करने या अरबों डॉलर के व्यवसाय बनाने तक सीमित नहीं हो सकता। असल मायनों में यह अवसर पैदा करने, उद्योगों को बढ़ावा देने, महिलाओं को सशक्त बनाने और यह सुनिश्चित करने के बारे में है कि बच्चों को सही पोषण और शिक्षा मिले। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत की क्षमता पर विश्वास किया जाए और उसे एक मंच दिया जाए। ‘विविध वर्स’ इसी विश्वास से जन्मा है। यह विश्वास कि कहानियों में सोच बदलने और भविष्य को आकार देने की ताकत होती है।

“यह पत्रिका उन करोड़ों भारतीयों को समर्पित है, जो अपनी मेहनत से देश को आगे बढ़ा रहे हैं। ऐसे समय में, जब अनिश्चितता और उम्मीद दोनों साथ मौजूद हैं, हमें शोर नहीं बल्कि स्पष्ट सोच की जरूरत है। यह पत्रिका उसी स्पष्टता की दिशा में एक कदम है,ह्व इस पहल के पीछे अपनी सोच रखने वाले अनिल अग्रवाल ने आगे कहा। सावधानीपूर्वक तैयार की गई और आकर्षक दृश्य प्रस्तुति से सजी ‘विविध वर्स’ की पहली कड़ी में पाठकों को प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों के विविध और अनूठे विचार पढ़ने को मिलेंगे।

कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इस बात पर विचार साझा किए कि संविधान किस तरह आम नागरिकों को सशक्त बनाता है। उन्होंने कहा, “मेरी यात्रा केवल व्यक्तिगत प्रतिभा का परिणाम नहीं थी; यह इसलिए संभव हो सकी क्योंकि भारत के संविधान ने सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित किए। पद्म विभूषण डॉ. सोनल मानसिंह ने भारत की जीवंत सभ्यतागत विरासत पर कहा, “भारतीय सभ्यता को संरक्षित करना केवल अतीत को याद रखना नहीं, बल्कि उसके मूल्यों को सजगता के साथ जीना है।

प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने तेजी से बदलते सांस्कृतिक परिवेश में वास्तविकता और अनुभवों के महत्व पर कहा, “लाइक्स नहीं, लाइफ के अनुभव जरूरी हैं।” खेल जगत से ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने अनुशासन और दृढ़ता पर कहा, खेलों में उत्कृष्टता हासिल करना एक प्रक्रिया है, जिसे चुनौतियों के बावजूद लगातार समर्थन मिलना चाहिए।

## एक नजर

### नेपाल के पूर्व गृहमंत्री सुदन गुरूंग के खिलाफ समिति ने शुरू की जांच

**काठमांडू :** नेपाल के पूर्व गृहमंत्री सुदन गुरूंग के खिलाफ जांच के लिए गठित समिति ने विभिन्न कार्यालयों को पत्र भेजकर विवरण मांगा है। आज इस जांच समिति की पहली बैठक में पहले दस्तावेज और जानकारी एकत्र करने तथा उसके बाद गुरूंग से पूछताछ कर रिपोर्ट तैयार करने का निर्णय लिया है।

समिति ने शेयर बोर्ड, जमीन खरीद से जुड़े मामले के लिए मालपोत कार्यालय और अस्वाभाविक लेनदेन से जुड़े आरोप के लिए बैंकों को पत्र भेजकर विवरण मांगा है। समिति आवश्यकता पड़ने पर अन्य कार्यालयों को भी पत्र भेज सकती है। मंत्री बनने के बाद संपत्ति विवरण सार्वजनिक होने के साथ ही गुरूंग विवादों में घिर गए थे। शुरूआत में उनके पास कानूनी सीमा से अधिक जमीन होने का खुलासा हुआ। हाल के दिनों में असामान्य तरीके से संपत्ति बढ़ाने के आरोपों से जुड़े विवरण भी सार्वजनिक हुए हैं। जेल में बंद विवादित व्यवसायी दीपक भट्ट से जुड़ी कंपनी में संस्थापक शेयरधारक पाए जाने के बाद गुरूंग ने इस्तीफा दे दिया था। भट्ट को पुलिस के केंद्रीय अनुसंधान ब्यूरो ने गिरफ्तार कर जांच शुरू कर रखी है। पुलिस जांच के दायरे में आए व्यक्ति के साथ गृहमंत्री के संबंध सामने आने के बाद सार्वजनिक रूप से सवाल उठे थे। २७ मार्च को गृहमंत्री गुरूंग ने २२ अप्रैल को इस्तीफा दिया था। इसके बाद ११ मई को हुई मंत्रिपरिषद बैठक ने उच्च अदालत के पूर्व न्यायाधीश अच्युत प्रसाद भण्डारी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित की।

### नेपाल में सत्तारूढ़ दल के सांसद ने खोला सरकार के खिलाफ मोर्चा

**काठमांडू:** नेपाल में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के सांसद डॉ. अमरेश कुमार सिंह ने अपनी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पांच मार्च को हुए चुनाव के बाद सिंह ने सरकार गठन के डेढ़ महीने के भीतर ही प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह की नेतृत्व शैली पर सवाल उठाए हैं। वह दो दिन पहले प्रतिनिधि सभा में वित्तमंत्री स्वर्णिम वाग्ले की कार्यशैली पर भी प्रश्न उठा चुके हैं। सांसद अमरेश सिंह ने आज पत्रकारों से कहा नेपाल पाकिस्तान के मॉडल वाले लोकतंत्र की दिशा में बढ़ रहा है। संसद को दरकिनार करने की प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह की शैली की ओर इशारा करते हुए उन्होंने पाकिस्तान के लोकतांत्रिक मॉडल का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा, “जिस तरह व्यापारियों को कानूनी प्रक्रिया पूरी किए हिरासत में लिया जाता है और अगले ही दिन छोड़ दिया जाता है उससे नेपाल टेरर स्टेट के रूप में जाना जाने लगा है।

### अभिषेक बनर्जी आवास को लेकर नगर निगम का नोटिस जारी

**कोलकाता:** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के पारिवारिक आवास से जुड़ा एक नया मामला सामने आने के बाद राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। कोलकाता नगर निगम के असेसर-कलक्टर (दक्षिण) कार्यालय की ओर से 188ए, हरिश मुखर्जी रोड स्थित संपत्ति को लेकर एक नोटिस जारी किया गया है। नगर निगम के दस्तावेजों के अनुसार, यह संपत्ति पहले मैसर्स अनिमेष ट्रेडलिंक प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर खरीदी गई थी, जो बाद में बदलकर ह्यलिप्स एंड बाउंड्स इंफ्रा कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड' हो गई। आरोप है कि पुराने ढांचे को हटाकर यहां नया भवन ‘शांतिनिकेतन’ बनाया गया, लेकिन संपत्ति का कर निर्धारण अब भी ‘मालिक-आधारित’ श्रेणी में दर्ज है।

## संक्षिप्त खबरें


### एआई से स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांति संभव, लेकिन नियमन और नैतिकता जरूरी : जेपी नड्डा



**नयी दिल्ली:** विश्व स्वास्थ्य सभा के 79वें सत्र के दौरान आयोजित कार्यक्रम स्वाथ्य के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता: कानून, नैतिक निगरानी, शोध और समानता में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि एआई स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देने की क्षमता रखता है, लेकिन इसके लाभ हर नागरिक तक पहुंचाने के लिए इसे सुदृढ़ नियमन, कठोर शोध, नैतिक निगरानी और समानता की प्रतिबद्धता से संचालित करना होगा। बैठक में उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भारत सुरक्षित, पारदर्शी और जनकेंद्रित स्वास्थ्य एआई ढांचे को आगे बढ़ा रहा है। नड्डा ने कहा कि साल 2015 में शुरू की गई डिजिटल इंडिया पहल ने भारत को भविष्य की तकनीकों, विशेषकर एआई, के लिए तैयार किया। साल 2017 की राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति ने एकीकृत और समावेशी डिजिटल स्वास्थ्य तंत्र की परिकल्पना की थी, जिसे 2021 में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन और सहमति आधारित डिजिटल स्वास्थ्य डेटा ढांचे के जरिए आगे बढ़ाया गया।

उन्होंने फरवरी 2026 में शुरू की गई स्ट्रेटेजी फॉर एआई इन हेल्थकेयर फॉर इंडिया का जिक्र करते हुए कहा कि यह ग्लोबल साउथ से उभरने वाली पहली व्यापक रणनीति है, जो भारत की स्वास्थ्य यात्रा को नैतिक, पारदर्शी और जनकेंद्रित तरीके से मार्गदर्शन देती है। भारत ने बेंचमार्किंग ओपन डेटा प्लेटफॉर्म फॉर हेल्थ (बोध) एआई भी विकसित किया है, जिससे एआई समाधान वास्तविक डेटा पर आधारित होकर सुरक्षित और समान रूप से सभी नागरिकों के लिए उपयोगी बन सकें। उन्होंने कहा कि एआई की चुनौतियों और अवसरों का सामना कोई भी देश अकेले नहीं कर सकता। भारत विश्व के साझेदारों के साथ मिलकर विश्वसनीय और इंटरऑपरेबल स्वास्थ्य डेटा तंत्र को मजबूत करेगा, सहयोगी शोध को बढ़ावा देगा, नैतिक एआई विकास को आगे ले जाएगा और साझा स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान करेगा। नड्डा ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई का भविष्य केवल एल्गोरिद्म से नहीं बल्कि सरकारों, संस्थाओं और समाजों के सामूहिक निर्णयों से तय होगा। भारत केवल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में नहीं बल्कि ऑल इन्क्लूसिव इंटेलिजेंस में विश्वास करता है और वैश्विक समुदाय से अपील की कि एआई को वैश्विक कल्याण की शक्ति बनाया जाए।

### द्वितीय केदार मदमहेश्वर मंदिर के कपाट वैदिक विधि-विधान से खुले



**रुद्रप्रयाग:** द्वितीय केदार के नाम से प्रसिद्ध मदमहेश्वर मंदिर के कपाट गुरुवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे कर्क लग्न में श्रद्धा, भक्ति और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। इस अवसर पर मंदिर को भव्य रूप से फूलों से सजाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान मदमहेश्वर के दर्शन कर पुण्य अर्जित किया। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा कि भगवान मदमहेश्वर का आशीर्वाद सभी भक्तों पर बना रहे। वहीं बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी सोहन सिंह रांगड़ ने बताया कि यात्रा को लेकर समिति की ओर से व्यापक तैयारियां की गई हैं। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि भगवान मदमहेश्वर की चल विग्रह डोली 19 मई को ओंकारेश्वर मंदिर से प्रथम पड़ाव राकेश्वरी मंदिर के लिए रवाना हुई थी। 20 मई को डोली हक-हकूकधारियों के गांव गौंडार पहुंची और गुरुवार प्रात: वहां से प्रस्थान कर श्री मदमहेश्वर धाम पहुंची, जहां निर्धारित मुहूर्त में कपाट खोले गए। इससे पूर्व 19 मई को ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ से रावल भीमाशंकर लिंग तथा मंदिर प्रभारी बिजेंद्र बिष्ट ने भगवान मदमहेश्वर की चल विग्रह डोली को विधिवत प्रस्थान कराया था। मंदिर प्रभारी बिजेंद्र बिष्ट ने बताया कि कपाट खुलने के दिन 1135 श्रद्धालु दर्शन के लिए धाम पहुंचे। कपाट खुलने की प्रक्रिया के अंतर्गत पुजारी शिवशंकर लिंग ने विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न कराई। इस दौरान भगवान मदमहेश्वर के स्वयंभू शिवलिंग को समाधि रूप से श्रृंगार रूप प्रदान किया गया।

### बजरंग दल की बूढ़ा अमरनाथ यात्रा 16 अगस्त से शुरू




**नयी दिल्ली:** कश्मीर घाटी के पुंछ जिले में विराजमान श्री बाबा बूढ़ा अमरनाथ के दर्शन और पूजन हेतु बजरंग दल इस वर्ष भी अपनी वार्षिक साहसिक यात्रा का आयोजन करेगा। इस वर्ष यह यात्रा 16 अगस्त से 27 अगस्त तक चलेगी। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के अंतरराष्ट्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। इस दौरान, बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक किशन प्रजापत भी मौजदू रहे। परांडे ने कहा, "यह यात्रा केवल धार्मिक नहीं है बल्कि राष्ट्रीय एकात्मता का प्रतीक है। इसने सीमा पर डटे हमारे सेना के जवानों के प्रति सम्मान बढ़ाने और पाकिस्तान सीमा से लगे अल्पसंख्यक हिंदुओं में 'पलायन नहीं पराक्रम' का भाव जगाने का काम किया है। इस यात्रा के कारण मार्ग में आने वाले सभी हिंदू धर्मस्थलों का संरक्षण सुनिश्चित हुआ है। उन्होंने इस यात्रा के ऐतिहासिक और सामाजिक प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बजरंग दल के प्रयासों के कारण पुंछ क्षेत्र से हिंदुओं के पलायन पर पूरी तरह विराम लगा है और वहां की स्थानीय हिंदू जनसंख्या में लगभग 4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। परांडे ने कहा कि 90 के दशक में कश्मीर घाटी में बढ़े जिहादी आतंकवाद और सीमा पार (पाकिस्तान) से होने वाली लगातार गोलाबारी के कारण यह सदियों पुरानी महान यात्रा लगभग मृतप्राय हो गई थी। इसके बाद वर्ष 2005 में बजरंग दल ने इस यात्रा को पुनर्जीवित करने का बीड़ा उठाया। उन्होंने बताया कि इस बार देश भर के सभी प्रांतों से बजरंग दल के कार्यकर्ता और श्रद्धालु इस यात्रा में शामिल होंगे। यात्रा का उद्घाटन 16 अगस्त को शाम करीब 4 बजे भगवती नगर बेस कैम्प जम्मू में होगा।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**